

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 176 | शुक्रवार, 7 अगस्त 2026 | श्रावण माह, कृष्ण, नवमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया


## 'आंदोलन करना राष्ट्रविरोध नहीं': जेन-जी को मोहन भागवत का समर्थन

### कहा-हर बात का तार्किक जवाब चाहते हैं युवा

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गुरुवार को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस सम्मेलन में युवाओं को संबोधित किया। जेन-जी और जेन-अल्फा के छात्रों के बीच उन्होंने लोकतंत्र, आंदोलन, शिक्षा, रोजगार और युवा पीढ़ी की सोच जैसे मुद्दों पर अपने विचार रखे।

मोहन भागवत ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने वाले युवाओं को राष्ट्रविरोधी नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि ये युवा इसी देश के नागरिक हैं और देश का भविष्य हैं। लोकतंत्र में आंदोलन अपनी बात रखने, संवाद शुरू करने और सहमति बनाने का एक वैध माध्यम है। उन्होंने कहा कि किसी भी मतभेद का समाधान बातचीत और आपसी सम्मान से ही संभव है।

उन्होंने यह भी कहा कि समस्याओं का समाधान भारतीय संविधान के दायरे में ही तलाशा जाना चाहिए। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए सांविधानिक मार्ग पर चलकर ही लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हो सकती है।




आरएसएस प्रमुख ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी पहले की तुलना में अलग सोच रखती है। उन्होंने कहा कि जेन-जी और जेन-अल्फा के युवा किसी भी बात को बिना समझे स्वीकार नहीं करते। वे हर विषय पर तार्किक और तथ्य आधारित जवाब चाहते हैं। वे हमारी पीढ़ी से ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं।

उन्होंने अपने समय का जिक्र करते हुए कहा कि पहले परिवार और समाज के बड़े-बुजुर्गों की बातें बिना सवाल किए मान ली जाती थीं, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। उनके अनुसार यह बदलाव नकारात्मक नहीं, बल्कि सकारात्मक है क्योंकि आज के युवा देश के प्रति अधिक जिम्मेदार, ईमानदार और सेवा भाव रखने वाले हैं। भागवत ने यह भी कहा कि भारतीय परंपरा में 'शास्त्रार्थ' की संस्कृति रही है, जहां किसी भी विषय पर दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद निष्कर्ष निकाला जाता है। समाज में भी इसी प्रकार के संवाद की आवश्यकता है।

शिक्षा व्यवस्था को लेकर मोहन भागवत ने कहा कि शिक्षा को केवल कमाई का साधन या व्यावसायिक धंधा नहीं बनाया जाना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समाज के हर वर्ग तक सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। समाज, शैक्षणिक संस्थानों और नागरिकों को भी इसमें सक्रिय भूमिका निभानी होगी ताकि हर बच्चे तक अच्छी शिक्षा पहुंच सके। उन्होंने शिक्षकों के लगभग 10 लाख रिक्त पदों का उल्लेख करते हुए शिक्षा पर सकल बजट का छह फीसदी खर्च किए जाने की लंबे समय से चली आ रही मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह मांग उचित है और बिना आंदोलन के भी इसे हासिल किया जा सकता है। रोजगार के मुद्दे पर भागवत ने कहा कि नौकरी ही रोजगार का एकमात्र विकल्प नहीं है। युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर भी बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नए अवसर पैदा करना और दूसरों को रोजगार देना भी राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। छात्रों पर कथित पैलेट गन फायरिंग के सवाल पर भागवत ने कहा कि इस घटना की पूरी जानकारी उनके पास नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने भी इस संबंध में मीडिया में खबर पढ़ी है, इसलिए बिना पूरी जानकारी के टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि यदि आंख मूंदकर किसी पर विश्वास करने की बात होगी तो वह जेन जी पर विश्वास करेंगे।

## पीएम मोदी ने नेतन्याहू से फोन पर की बात, विभिन्न मुद्दों पर हुई बात

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच गुरुवार को टेलीफोन पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और भारत-इस्राइल के विशेष रणनीतिक संबंधों की समीक्षा की। बातचीत में दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, दोनों नेताओं ने भविष्य में भी नियमित संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि बातचीत के दौरान भारत और इस्राइल के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों देश आपसी हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय स्थिति को लेकर अपने-अपने विचार साझा किए। हाल के समय में पश्चिम एशिया में बदलते घटनाक्रमों के बीच यह बातचीत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि, बातचीत के संबंध में किसी विशेष मुद्दे या निर्णय का अलग से उल्लेख नहीं किया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने भारत-इस्राइल विशेष रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, कृषि, नवाचार, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों का मानना है कि इन क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के साझा हितों और विकास के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।



## हाई अलर्ट : उत्तराखंड में 85 मार्ग बंद

**एजेंसी न्यूज**

**देहरादून।** रुद्रप्रयाग जिले में बुधवार रात से जारी बारिश के बाद अलकनंदा और मंदाकिनी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर आने से अगस्त्यमुनि में विजयनगर-तैला मार्ग यातायात बाधित हो गया है। प्रदेश में लगातार हो रही वर्षा और आगामी मौसम चेतावनियों के कारण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन से बात की। उन्होंने विभिन्न जिलों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। सीएम ने सभी आपदा प्रबंधन व राहत एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश में भूस्खलन के चलते 85 मार्ग बंद है। इसमें अल्मोड़ा दो, बागेश्वर 10, चमोली 20, देहरादून सात, नैनीताल में आठ मार्ग बंद है। पौड़ी पांच, पिथौरागढ़ 13, रुद्रप्रयाग छह, टिहरी आठ और उत्तरकाशी में छह मार्ग बंद है।

## तेज बारिश से हरिद्वार शहर जलमग्न

**एजेंसी न्यूज**

**हरिद्वार।** गुरुवार सुबह से हो रही तेज बारिश के कारण शहर के मध्य क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई। सड़कों पर पानी भरने से आने-जाने वाले लोगों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर जलभराव के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। लगातार बारिश के चलते लोग सावधानी के साथ आवागमन करने को मजबूर हैं।

## ऋशिकेश में मां गंगा का रौद्र रूप

**एजेंसी न्यूज**

**ऋषिकेश।** पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण मां गंगा का रौद्र रूप सामने आ गया है। गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से ऋषिकेश के प्रसिद्ध त्रिवेणी घाट का आरती स्थल पूरी तरह जलमग्न हो गया है। सिंचाई विभाग के अनुसार मंगलवार शाम गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा 339.65 मीटर से 25 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। बढ़ते हुए जलस्तर की रफ्तार देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। लाउडस्पीकर के माध्यम से जल पुलिस और एसडीआरएफ लागतार स्थानीय और श्रद्धालुओं को अलर्ट कर रही है कि गहरे पानी में न जाए।

## अगस्त्यमुनिः भूस्खलन से फिर बंद हुआ विजयनगर-तैला मार्ग

**एजेंसी न्यूज**

**हरिद्वार।** लगातार बारिश के बीच बृहस्पतिवार सुबह विजयनगर-तैला मोटर मार्ग एक बार फिर भूस्खलन की चपेट में आ गया। पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर आने से मार्ग पर यातायात बाधित हो गया है। विजयनगर-तैला मोटर मार्ग 80 से अधिक गांवों का मुख्य संपर्क मार्ग है। मानसून के दौरान इस मार्ग का शुरूआती हिस्सा लगातार भूस्खलन और भूधंसाव से प्रभावित हो रहा है, जिससे सड़क बार-बार बंद हो रही है।

## खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं अलकनंदा और मंदाकिनी

**रूद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग जिले में बुधवार रात से जारी बारिश के बाद अलकनंदा और मंदाकिनी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह अलकनंदा का जलस्तर 627.80 मीटर दर्ज किया गया, जबकि खतरे का निशान 627.00 मीटर है।

## दिल्ली-एनसीआर में झूमकर आया सावन

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में मानसून जमकर बरस रहा है। ऐसे में बुधवार देर रात से शुरू हुई सावन की पहली अच्छी बारिश का दौर बृहस्पतिवार शाम तक भी चला। सुबह से ही झमाझम बारिश हुई। सप्ताह बाद दिल्ली में इस तरह की बारिश हुई। बारिश से गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन यही बारिश आफत भी लेकर आई। कुछ देर की बारिश ने दिल्ली को "स्विमिंग पूल" सा बना दिया था। बाजारों में घुटनों तक पानी भर गया था। सदर बाजार में संकरी गलियों में घुटनों तक पानी भर गया था। गंदे पानी और तैरते कचरे के बीच लोगों, बच्चों और खरीदारों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। कई दुकानों में पानी भी घुस गया।

सड़कों पर पानी जमा हो गया था। इससे गाड़ियों की रफ्तार धीमी हो गई। वहीं, प्रीत विहार में एक विशालकाय बरगद का पेड़ गिर गया। बारिश के कारण गिरे इस पेड़ के नीचे तीन कारें दब गई हैं। बरगद गिरने से किसी तरह की जनहानि की खबर सामने नहीं आई है। आईएमडी के अनुसार, बृहस्पतिवार शाम 5:30 बजे तक सफदरजंग मानक केंद्र में 56 एमएम बारिश हुई। सुबह 11:30 बजे तक लोधी रोड में सबसे ज्यादा 50.6 मिमी बारिश हुई। रिज में 36.4, फार्मा साइंस रिसर्च में 30, छतरपुर में 27.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, 11:30 से 2:30 बजे तक जाफरपुर में 25 बारिश हुई। रिज में 18.0 मिमी, पूसा में 12.5 और लोधी रोड में 9.8 मिमी बारिश हुई। वहीं,



2:30 से 5:30 बजे तक नजफगढ़ में दो, जनकपुरी में एक और केवीके सीआरपीएफ कैंपस में 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई।

बारिश के असर से दिल्ली में तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 27.6 रहा, जो सामान्य से 6.6 डिग्री सेल्सियस कम है।

## FCRA संशोधन बिल: 12 अगस्त को संसद में बहस, पुराने नियमों में बदलाव नहीं

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** संसद में बहुचर्चित विदेशी अंशदान विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2026 पर आगामी 12 अगस्त को विस्तार से चर्चा होगी। मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद यह अहम जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री ने एक बड़ा आश्वासन दिया है। नया कानून पिछली तारीख यानी भूतलक्षी प्रभाव से लागू नहीं होगा। इस फैसले से देश के तमाम सामाजिक, जनकल्याणकारी और धार्मिक संगठनों को बहुत बड़ी राहत मिली है।

संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने इस मुलाकात की पूरी जानकारी दी। वह मिजोरम के प्रमुख चर्च नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गृह मंत्री से मिलने पहुंचे थे। प्रतिनिधिमंडल ने नए बिल के सख्त प्रावधानों को लेकर अपनी चिंताएं जताई थीं। गृह मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को बहुत ध्यान से सुना। अमित शाह ने कहा कि विधेयक पर 12 अगस्त को सदन में बहस होगी और इसे पारित कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा दिया कि किसी भी संगठन पर पुराने मामलों को लेकर कार्रवाई नहीं होगी। यह कानून केवल आगे की तारीखों से लागू होगा।

12 अगस्त को संसद में चर्चाः गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि इस बिल पर 12 अगस्त को संसद में बहस होगी। यह विधेयक 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। पिछली तारीख से लागू नहींः नया कानून भूतलक्षी प्रभाव से लागू नहीं किया जाएगा। इससे वर्षों से चल रहे पुराने सेवा संस्थानों की संपत्तियां पूरी तरह सुरक्षित रहेंगी। नामित प्राधिकरण का गठनः विदेशी धन और उससे बनी संपत्तियों की देखरेख व प्रबंधन के लिए एक नया 'नामित प्राधिकरण' बनाया जाएगा। संपत्ति का अस्थायी नियंत्रणः धारा 14, 14अ और 14इ के तहत लाइसेंस रद्द होने, सरेंडर करने या समाप्त होने पर संपत्ति अस्थायी रूप से सरकार के अधीन चली जाएगी। स्थायी हस्तांतरण का नियमः यदि कोई संस्थान तय समय में नया प्रमाण पत्र नहीं लेता या नवीनीकरण नहीं कराता, तो उसकी संपत्ति हमेशा के लिए सरकार के प्राधिकरण में निहित हो जाएगी। विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम में बदलाव के लिए यह विधेयक 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य विदेशी फंडिंग पाने वाली गैर-सरकारी संस्थाओं पर सरकारी निगरानी को ज्यादा मजबूत बनाना है। विधेयक के नियमों के अनुसार, अगर किसी संस्था का लाइसेंस समाप्त होता है, तो उसकी संपत्ति सरकार के पास चली जाएगी। धारा 14 के तहत लाइसेंस रद्द होने, धारा 14अ के तहत सरेंडर करने या धारा 14इ के तहत लाइसेंस समाप्त होने पर संपत्ति पर सरकार का कब्जा हो जाएगा।

## मायावतीं बोलीं- विधायक उमाशंकर हमेशा वफादार रहे, कभी नहीं छोड़ा साथ

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी के विधायक उमाशंकर सिंह का बुधवार को नई दिल्ली के निजी अस्पताल में निधन होने के बाद पार्थिव शरीर आज गोमतीनगर स्थित आवास पर लाया गया, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, बसपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती समेत तमाम नेताओं ने जाकर अंतिम दर्शन किए और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पार्थिव शरीर को बलिया के रसड़ा स्थित उनके पैतृक निवास ले जाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

बसपा सुप्रीमो मायावती उमाशंकर सिंह के आवास पर




शोक संवेदना व्यक्त करने के दौरान भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि उमाशंकर बसपा के सच्चे सिपाही थे। वह मुझे सगे भाई की तरह मानते थे। तबीयत खराब होने पर मैं बीते दिनों उनसे मिलने आई थी। फिर वह खुद मेरे घर आ गए तो मैंने कहा कि आप क्यों आए, मैं खुद आ जाती। उनके निधन से बसपा को बड़ी क्षति हुई है। उनके परिजन बेहद दुखी है। मैं उनके परिजनों को पूरा ध्यान रखूंगी।

उन्होंने आगे कहा कि उमाशंकर जब से बसपा से जुड़े, पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। कभी बसपा को धोखा नहीं दिया। वह एक बिजनेसमैन थे। पार्टी में आए उतार-चढ़ाव के दौरान कई लोग चले गए, लेकिन उन्होंने साथ नहीं छोड़ा।

भाई भी बहुत बने, लेकिन धोखा देकर चले गए। उमाशंकर चाहे जहां रहें, हमेशा रक्षाबंधन पर राखी बंधवाने आते थे।

## सीएम योगी की बड़ी घोषणा, बोले- अब घुमंतू समाज को दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेंगी, मिलेगा विकास का अवसर

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने घुमंतू विकास बोर्ड को उपेक्षित समुदायों के सम्मान, पुनर्वास और समग्र विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरकार इन समुदायों को आवास, राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ेगी। वर्षों से वंचित समाज को मुख्यधारा में लाकर सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब घुमंतू समाज को दर दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। डबल इंजन की सरकार उन्हें सम्मानजनक जीवन



का अधिकार दिलाने, शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना से जोड़ने और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। घुमंतू विकास बोर्ड केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि वर्षों से उपेक्षित विमुक्त एवं घुमंतू समाज को न्याय, सम्मान और अवसर दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

## 'शेर आया, शेर आया' के नारों से गूंजा गोंडा, बृजभूषण ने दिखाया सियासी दम

**एजेंसी न्यूज**

**गोंडा।** यूपी के गोंडा में पूर्व सांसद एवं भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व



अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने बृहस्पतिवार को नंदिनी नगर महाविद्यालय में 'सत्यमेव जयते' सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके जरिये उन्होंने अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। देवीपाटन मंडल के चारों जिलों के अलावा अयोध्या से पहुंचे हजारों समर्थकों की मौजूदगी हुए इस आयोजन को राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा गया।

दोपहर करीब 1.30 बजे जैसे ही बृजभूषण शरण सिंह का काफिला नंदिनी नगर महाविद्यालय पहुंचा, पूरा परिसर शेर आया... शेर आया... के नारों से गूंज उठा। सैकड़ों वाहनों का काफिला... समर्थकों की भारी भीड़ और जगह-जगह स्वागत ने आयोजन को चुनावी रैली जैसा माहौल दे दिया।

## छात्र बर्बरता मामले में खरगे का सवाल- सदन में बयान देने में क्या दिक्कत?

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद में विपक्षी दलों के रुख और झारखंड के छात्रों के विरोध प्रदर्शन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केंद्र सरकार और गृह मंत्री पर संसद में दिल्ली में छात्रों पर हुए बर्बरता मामले पर बयान न देने को लेकर जमकर निशाना साधा है।

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार के साथ-साथ पीएम मोदी और




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा 15 दिन से सदन चल रहा है और गृह मंत्री गायब हैं, प्रधानमंत्री आ नहीं रहे हैं। इसके दो ही मतलब हो सकते हैं। एक या तो वे संसद को नजरअंदाज कर रहे हैं ये समझ रहे हैं कि संसद है ही नहीं। या तो वो डर के सदन में आकर उत्तर नहीं देना चाह रहे हैं।

इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम चाहते हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री सदन में आएं और देश को बताएं कि छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन के इस्तेमाल का आदेश किसने दिया था। उन्होंने सरकार पर अहंकार दिखाने का आरोप लगाते हुए कहा कि या तो सरकार डर गई है या फिर वह संसद के वजूद को कोई महत्व नहीं दे रही है।

## छोटे भाई आबान की मौत के बाद सामने आया बड़ा भाई अहजम

**एजेंसी न्यूज**

**झांसी।** माफिया अतीक अहमद के परिवार पर एक बार फिर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गुरुवार सुबह झांसी-कानपुर हाईवे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में अतीक अहमद के छोटे बेटे आबान अहमद और उसके एक साथी की दर्दनाक मौत हो गई। आबान झांसी जेल में बंद अपने बड़े भाई अली अहमद से मिलने जा रहा था। इस दुखद घटना के बाद पहली बार बड़े भाई अहजम अहमद का बयान सामने आया है। अहजम ने अपने छोटे भाई की मौत पर गहरा दुख जताते हुए प्रशासन से भावुक अपील की है।



अहजम अहमद ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि मेरे भाइयों को मिट्टी (जनाजे/अंतिम संस्कार) में शामिल होने दिया जाए। प्रशासन से मेरी यही अपील है।

**एक नजर**

### पुजारी के घर से 60 हजार की चोरी, तहरीर

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला पंजाबी कालोनी स्थित शिव मंदिर के पुजारी के घर से बीती रात अज्ञात चोर करीब 60 हजार की रकम पर हाथ साफ कर गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट लिखकर रकम बरामद कराने की गुहार लगाई है। पुजारी राधेश्याम पुत्र प्यारे लाल के अनुसार, वे बीते क ई सालों से शिव मंदिर में भागवत का आयोजन कराते आ रहे हैं। यह सिलसिला लगातार जारी है। बीती रात इसी समय रात आठ बजे से 11.30 बजे के बीच अज्ञात चोर दरवाजे की लकड़ी काट कर घर में घुसे और कमरे में दाखिल होकर अलमारी से बैग में रखी 60900 की रकम चोरी कर ले गये। आधी रात पत्नी जब घर पहुंची तो पाया कि बाहर से दरवाजे पर लगा ताला पूर्ववत था और दरवाजे की लकड़ी निकाली गई थी। तहरीर लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

# प्रधानमंत्री सिंचाई योजना में मजदूरों की मजदूरी अटकी, डीएम से न्याय की गुहार

**तीन माह पहले पूरा किया था मेढ़बंदी का कार्य, भूमि संरक्षण अधिकारी पर भुगतान न करने और धमकी देने का आरोप**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत विभिन्न परियोजनाओं में मेढ़बंदी का कार्य करने वाले दर्जनों मजदूरों ने अपनी बकाया मजदूरी दिलाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मजदूरों ने आरोप लगाया कि कार्य पूरा होने के करीब तीन माह बाद भी उन्हें मेहनताना नहीं मिला है, जबकि विभागीय अधिकारियों द्वारा पहले भुगतान का आश्वासन दिया गया था। ज्ञापन के अनुसार बाबूराम, मुकेश, अमरपाल, नहेश पाल, महीपाल, चन्द्र प्रकाश, तीर्थ सिंह, संतराम सहित कई मजदूरों ने वर्ष 2024-25 में विकास खण्ड आलमपुर जाफराबाद और मझगंवा क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं में मेढ़बंदी का कार्य किया था। मजदूरों का कहना है कि कार्य की नाप-जोख और सत्यापन विभागीय अधिकारियों द्वारा कराया गया था तथा उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि सभी मजदूरों की मजदूरी एक साथ उनके खातों में भेज दी जाएगी। मजदूरों का आरोप है कि अब भूमि संरक्षण अधिकारी, बरेली भुगतान करने से साफ इनकार कर रहे हैं। इतना ही नहीं, मजदूरी मांगने पर कथित रूप से धमकी भी दी जा रही है कि किसी को कोई भुगतान नहीं मिलेगा। मजदूरों ने बताया कि वे दिहाड़ी मजदूर हैं और परिवार का पालन-पोषण मजदूरी से ही होता है। भुगतान न मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि यदि जल्द मजदूरी नहीं मिली तो परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो जाएगा और कई लोगों को रोजगार की तलाश में गांव छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन के माध्यम से मजदूरों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए भूमि संरक्षण अधिकारी को बकाया मजदूरी का शीघ्र भुगतान कराने के निर्देश देने की मांग की है।

# पीडीए को मजबूत बनाने का संकल्प सपा कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आंवला।** समाजवादी पार्टी की ओर से गुरुवार को नगर के राज गार्डन में पीडीए बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पीडीए की अवधारणा को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा संगठन को अधिक मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति पर काम कर रही है। पीडीए समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान और भागीदारी दिलाने का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों तक पार्टी की नीतियां और उपलब्धियां पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करते हुए आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटने का आग्रह किया। पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य ने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही संभव है। उन्होंने सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने पर बल दिया और संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और जनसंपर्क को तेज करने पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि पीडीए की सोच समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने की है और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में बी डी वर्मा, नत्थूलाल लोधी, विजेंद्र सिंह यादव, लक्ष्मण प्रसाद लोधी, अरविंद यादव, मशकूर खान, शारिक चौधरी, भारती चौहान, स्मिता यादव, अशोक यादव, इंद्रपाल सिंह यादव, विपिन यादव, नरेंद्र यादव, सुनील लोधी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी से मिलकर एमएलसी ने प्रमुखता से उठाया रेलवे ओवरब्रिज का मुद्दा

जागरण मोर्चा कार्यालय


मुख्यमंत्री से जनहित मुद्दों पर चर्चा करते एमएलसी कुंवर महाराज सिंह।

**फरीदपुर (बरेली)।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य कुंवर महाराज सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने फरीदपुर के बुखारा मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र पूरा कराने के लिए कहा, 21 जून 2024 को शिलान्यास होने के बाद 2 वर्ष बीतने पर भी निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो सका है जिसको लेकर लोगों में असंतोष है। एमएलसी ने अवगत कराया कि नदी का प्रवाह बदलने के कारण दोनों जनपदों की सीमा के चिन्ह समाप्त हो चुके हैं, जिससे भूमि सीमांकन को लेकर किसानों के बीच लगातार विवाद की स्थिति बनी हुई है। रामगंगा नदी के कटान से प्रभावित बरेली-बदायूं सीमा के गांवों का संयुक्त सीमांकन कर भूमि विवादों का स्थायी समाधान कराने के लिए आग्रह किया। बहेड़ी एवं नवाबगंज चीनी मिलों के वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के गन्ना किसानों का बकाया भुगतान तत्काल कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित कर आवश्यक एवं शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री भाजपा बरेली अशोक पाण्डेय, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ, लखनऊ के अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला तथा संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या के मुकदमे में पति और सास गिरफ्तार

**आंवला।** थाना पुलिस ने गुरुवार को दहेज हत्या के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी पति और सास को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मीरगंज के रामनगर निवासी राना सिंह ने 7 जुलाई को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी 22 वर्षीय बहन नवली की शादी आंवला के रामनगर निवासी आकाश से हुई थी।शादी के बाद से ही ससुराल वाले पांच लाख रुपये नकद और कार की मांग को लेकर नवली का उत्पीड़न कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने पति आकाश समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार ने आरोपी आकाश और उसकी मां कमलेश को घर से गिरफ्तार कर लिया।

# 7.50 लाख की चोरी का 6 दिन में हुआ खुलासा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** बहेड़ी थाना पुलिस ने भुड़िया कॉलोनी में हुई 7.50 लाख रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की पूरी नकदी भी बरामद कर ली है। जांच में सामने आया कि वारदात को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी पीड़ित का करीबी दोस्त था, जिसने कर्ज से छुटकारा पाने के लिए अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी।

पुलिस के मुताबिक, उतरसिया समुखिया निवासी निरपन ने 5 अगस्त को थाना बहेड़ी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 30 जुलाई को उनके घर से 7.50 लाख रुपये चोरी हो गए। सूचना पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए टीम गठित कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने पाइप फैक्ट्री के पास गन्ने के खेत के निकट दबिश दी। वहां दो युवक चोरी की रकम का बंटवारा कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। उनकी पहचान सुजीत मंडल (30), निवासी भुड़िया कॉलोनी और मनोज (28), निवासी सितारगंज, उत्तराखंड के रूप में हुई। पूछताछ में सुजीत मंडल ने बताया कि उसकी पीड़ित निरपन से गहरी दोस्ती थी। उसे पहले से जानकारी थी कि निरपन ने जमीन खरीदने के उद्देश्य से घर में बड़ी रकम

▶ **जमीन खरीद के लिए घर में रखी नकदी पर थी नजर, कर्ज चुकाने के लिए साथी संग रची थी साजिश**

रखी हुई है। आर्थिक तंगी और कर्ज के दबाव में उसने अपने साथी मनोज के साथ मिलकर दोपहर के समय घर में घुसकर नकदी चोरी करने की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी के पूरे 7.50 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले का सफल खुलासा कर चोरी की पूरी रकम बरामद कर ली गई है।



# महाकाल सेवा संघ के बैनर तले शिवभक्त हरिद्वार रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** महाकाल सेवा संघ के बैनर तले 50 सदस्यीय शिवभक्तों का एक जत्था गुरूवार शाम जल भरने हरिद्वार रवाना हो गया। रवाना होने से पहले मोहल्ला कानून गोयान स्थित 84 घंटा मंदिर में शिवभक्तों ने अपने आराध्य को दूध से नहला कर पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात शिवभक्तों के स्वागत का सिलसिला शुरू हुआ। सांसद प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, स्वाति कुमार, ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी, पालिका अध्यक्ष पति बाबी जायसवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, सुनील रस्तोगी, दीपू रस्तोगी, रूप किशोर गंगवार तथा दीपक गुप्ता ने शिवभक्तों के माथे पर तिलक तथा माल्यार्पण कर पूरे भक्ति भाव से शिवभक्तों को रवाना किया। जत्थे में प्रमुख रूप से महंत शक्ति गुप्ता, कपूरी महंत राजू कश्यप, अंकित रस्तोगी, बंटी गुप्ता, रवि गुप्ता, अमन तथा सुमित माली आदि शामिल हैं।

## बाग में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**बरेली।** बरेली के फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गुलुपुरा गांव में बुधवार शाम एक 28 वर्षीय युवक का शव गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक बाग में मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।मृतक की पहचान गुलुपुरा निवासी मुकेश (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जिसकी हर पहलू से गहनता से जांच की जा रही है। मौत के सटीक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाने में लगी है।

# 4 मासूम बच्चों संग डीएम दफ्तर पहुंची महिला पति और ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** घरेलू विवाद से परेशान एक महिला बुधवार को अपने चार छोटे बच्चों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची और पति सहित ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। महिला ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने तथा आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

शिकायत पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव बुझिया जनूबी निवासी रेशमा देवी ने बताया कि लगभग 14 वर्ष पूर्व उनका विवाह मान सिंह पाल से हुआ था। उनके चार

▶ **सुरक्षा और न्याय की मांग, जिलाधिकारी ने पुलिस को जांच कर कार्रवाई के दिए निर्देश**

बच्चे हैं। महिला का आरोप है कि परिवार में लंबे समय से चल रहे विवाद के दौरान पति और ससुर हमेशा देवरानी का पक्ष लेते हैं। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया जाता है। शिकायत में महिला ने यह भी कहा कि पति बच्चों की पढ़ाई और उनके पालन-पोषण की जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाते। आर्थिक सहयोग न मिलने से बच्चों की शिक्षा और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। रेशमा देवी का आरोप है कि करीब तीन महीने पहले पति, ससुर और देवरानी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान धारदार हथियार से हमला किए जाने से उनके हाथ में गंभीर चोट आई और इलाज के दौरान कई टांके लगाने पड़े। महिला का कहना है कि घटना के बाद उसे लगातार जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही हैं, जिससे वह और उसके बच्चे भय के माहौल में जी रहे हैं। महिला ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा स्वयं और अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। जिलाधिकारी ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मामले की जांच जारी है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विधवा को दहेज व बच्चों के लिए प्रताड़ित कर निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** कम उम्र में विधवा हुई महिला को सहारा देने के नाम पर पहले कर ली शादी बाद में दहेज की मांग कर घर से निकाल दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम पचौमी निवासी पीड़िता की मां रुकमनी ने फरीदपुर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को बताया कि उसने अपनी पुत्री का विवाह पहले बीसलपुर क्षेत्र के एक गांव में किया था। जहां करंट लगने से उसके दामाद की मौत हो गई थी जिसके बाद उसकी पुत्री अपने दो बच्चे लेकर मायके वापस आ गई थी। अकेली महिला कैसे बच्चों का पालन पोषण करेगी। यह सोचकर परिजनों ने लड़की का विवाह दूसरी जगह बदायूं जिले के थाना दातागंज के गांव साहिबगंज निवासी पप्पू के पुत्र अजय के साथ कर दिया। आरोप है कि विवाह के कुछ ही दिनों बाद पति मजदूरी करने बाहर चला गया। सास-ससुर घर पर महिला को दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। साथ ही पहले विवाह से दो बच्चे साथ लेकर आने को लेकर ताने देने लगे। पति भी जब आता तो उसके साथ मारपीट करता। लगभग दो-तीन माह पूर्व दामाद उनकी बेटी को बच्चों के साथ मायके छोड़ कर चला गया, तब से वह मायके में ही है। ससुराल वालों ने धमकी दी है कि 50 हजार लेकर ही वापस आए नहीं तो उसे व उसके बच्चों को मारकर अपने बेटे की शादी कहीं और कुंवारी लड़की से करा देंगे। पीड़िता की मां ने फरीदपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपी ससुराल वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच के पश्चात कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**समीक्षा** — 12 अगस्त को सुबह निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा, 13 से 15 तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

# बैठक में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** भारतीय जनता पार्टी शाही मंडल कार्यालय पर गुरुवार को मंडल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनुरोध सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी एवं जिला मीडिया प्रभारी अंकित महेश्वरी मौजूद रहे। बैठक में आगामी हर घर तिरंगा अभियान तथा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

मुख्य अतिथि अंकित महेश्वरी ने बताया कि 12 अगस्त को सुबह 10:30 बजे तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत घर-घर, दुकानों और प्रतिष्ठानों तक तिरंगा पहुंचाकर लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि तिरंगा फहराने के बाद उसकी सेल्फी लेकर सरल ऐप पर अपलोड करें। साथ ही निर्देश दिए कि 15 अगस्त को शाम 5 बजे राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक उतारकर सुरक्षित रखा जाए तथा इसकी व्यवस्था बूथ स्तर तक सुनिश्चित की जाए। उन्होंने महिला मोर्चा और युवा मोर्चा की सक्रिय भागीदारी के साथ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में यह भी बताया गया कि 18 अगस्त को संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत वाराणसी स्थित उनकी जन्मस्थली से पवित्र माटी का कलश शाही मंडल क्षेत्र में पहुंचेगा। कलश यात्रा पांच गांवों और विभिन्न मंदिरों में निकाली जाएगी। कार्यकर्ताओं को सभी कार्यक्रमों की समय रहते तैयारी पूरी कर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में दीनानाथ कश्यप, सत्यपाल यदुवंशी, रोहित शर्मा, पोशाकी लाल राजपूत, भूपेंद्र गंगवार, मंगल सेन गंगवार, रमेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परीक्षा में गड़बड़ी पर एसडीएम से शिकायत

**आंवला।** आंवला के दो छात्रों ने बीए षष्ठम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में अनियमितता का आरोप लगाते हुए एसडीएम कार्यालय में शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। जवाहरलाल लोधी डिग्री कॉलेज के छात्र श्रीकांत यादव और अभिषेक कुमार शर्मा का आरोप है कि उन्हें बिना किसी आधार के आंतरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित दिखाकर शून्य अंक दिए गए हैं।इसके अलावा, भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा देने के बावजूद उन्हें अनुपस्थित दर्शाया गया, जिसका वीडियो साक्ष्य उनके पास है। छात्रों ने जनसुनवाई पोर्टल और आरटीआई से भी मदद मांगी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। दूसरी ओर, कॉलेज प्रबंधन ने इन सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि छात्र परीक्षाओं में अनुपस्थित थे और अब अनुचित दबाव बना रहे हैं।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
रूपये - 500/-
साईज 40 SQCM (कलर)
अपने विज्ञापन अब देश भर में पहुंचाएं
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

## एक नजर

### सांसद नीरज मौर्य ने लोकसभा में उठाए भूजल और बायो-गैस संयंत्रों के मुद्दे

**बरेली।** सांसद नीरज मौर्य ने लोकसभा में भूजल में बढ़ते नाइट्रेट प्रदूषण और सतत (SATAT) योजना के तहत बायो–गैस संयंत्रों को वित्तीय सहायता न मिलने का मुद्दा उठाया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने माना कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों से भूजल प्रभावित हुआ है, जिसकी निगरानी केंद्रीय भूजल बोर्ड कर रहा है। सरकार प्राकृतिक खेती, जल शक्ति अभियान और डिजिटल नेटवर्क से भूजल संरक्षण को बढ़ावा दे रही है।दूसरी ओर, पेट्रोलियम मंत्रालय ने साफ किया कि 'सतत' योजना के तहत कंप्रेस्ड बायो–गैस (CBG) संयंत्रों के लिए केंद्र कोई प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता नहीं देता। देश में संचालित 217 सीबीजी संयंत्रों में उत्तर प्रदेश में 41 शामिल हैं। सांसद ने स्वच्छ ऊर्जा और पराली प्रबंधन के लिए इन परियोजनाओं को वित्तीय मदद देने की मांग की।

# बरेली जंक्शन पर विवाद, विधायक ने सीएमआई पर लगाए गंभीर आरोप

## डीआरएम से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग, रेलवे प्रशासन का पक्ष आना बाकी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली जंक्शन पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा और रेलवे के मुख्य वाणिज्य निरीक्षक (सीएमआई) इमरान के बीच कथित विवाद का मामला सामने आया है। बिथरी चैनपुर से विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने सीएमआई पर अपने और अपने परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), मुरादाबाद को शिकायत भेजकर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, 23 जुलाई 2026 को बरेली जंक्शन परिसर में नवनिर्मित फूड रेस्टोरेंट के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा भी मौजूद थे। विधायक का आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान सीएमआई इमरान ने उनके तथा उनके परिवार के साथ अशोभनीय व्यवहार किया, जिससे उन्हें मानसिक ठेस पहुंची। उन्होंने इसे रेलवे की गरिमा और प्रशासनिक मर्यादा के विपरीत बताया। घटना के दो दिन बाद, 25 जुलाई को विधायक ने डीआरएम, मुरादाबाद को लिखित शिकायत भेजी। पत्र में उन्होंने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने तथा आरोप सही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में विधायक ने यह भी कहा है कि यदि जांच में आरोप सिद्ध होते हैं तो सीएमआई इमरान को उनके वर्तमान पद से हटाया जाए। साथ ही उन्होंने मामले में की गई कार्रवाई से अवगत कराने का अनुरोध भी किया है। विधायक का शिकायत पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, इस संबंध में रेलवे प्रशासन अथवा सीएमआई इमरान की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इसलिए शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है।

अब यह मामला रेलवे प्रशासन के संज्ञान में है। डीआरएम कार्यालय द्वारा जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी की नजर रेलवे प्रशासन की जांच और आधिकारिक रुख पर टिकी हुई है।

## विधायक के आरोपों पर सीएमआई सैयद इमरान चिश्ती का पक्ष

# बोले- मुझे गलत तरीके से विवाद में घसीटा गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ रेस्टोरेंट उद्घाटन को लेकर ठेकेदार पर लगाए प्रोटोकॉल का पालन न करने के आरोप



**बरेली।** बरेली जंक्शन पर मुख्य वाणिज्य निरीक्षक (सीएमआई) के पद पर तैनात सैयद इमरान चिश्ती ने भाजपा विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा द्वारा लगाए गए अभद्र व्यवहार के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि विधायक जनप्रतिनिधि हैं और उनका सम्मान करना उनकी जिम्मेदारी है, लेकिन पूरे मामले में उन्हें गलत तरीके से विवाद में शामिल किया गया है।

सैयद इमरान चिश्ती का कहना है कि 23 जुलाई को प्लेटफॉर्म स्थित एक रेस्टोरेंट का उद्घाटन रेलवे अधिकारियों की अनुमति और जानकारी के बिना कराया गया। उनके अनुसार, जिस ठेकेदार ने कार्यक्रम आयोजित किया, उसी ने विधायक को आमंत्रित किया था, जबकि रेलवे प्रशासन को इसकी पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार ने 29 जुलाई को रेलवे अधिकारियों को पत्र देकर रेस्टोरेंट संचालन की अनुमति मांगी। इससे स्पष्ट है कि उद्घाटन के समय आवश्यक औपचारिकताएं और स्वीकृतियां पूरी नहीं हुई थीं। सीएमआई का कहना है कि उद्घाटन के समय वह मौके पर मौजूद भी नहीं थे। उन्होंने केवल ठेकेदार से यह पूछा था कि रेलवे की अनुमति और निर्धारित प्रक्रिया पूरी किए बिना विधायक को कार्यक्रम में क्यों बुलाया गया। उनका कहना है कि प्रोटोकॉल के अनुसार किसी भी जनप्रतिनिधि को संबंधित विभाग की जानकारी और अनुमति के बाद ही आमंत्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायक के प्रति उनके मन में पूरा सम्मान है और उन्होंने उनके साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार नहीं किया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मामले से संबंधित सभी तथ्यों की जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# दहेज उत्पीड़न का आरोप, दुबई से फोन पर तीन तलाक देने का दावा

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ पति समेत चार पर मुकदमा

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट तथा छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, देवर, ननद और नंदोई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी शादी मलूकपुर निवासी ताज मियां से हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद ही कार की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न शुरू हो गया। मांग पूरी न होने पर पति और अन्य ससुरालियों ने उसके साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की। महिला का कहना है कि पति दहेज में मिला सामान बेचकर दुबई चला गया और जाते समय उसे देवर के भरोसे छोड़ गया।

महिला के अनुसार, पति के विदेश जाने के बाद देवर हसीन उर्फ मुन्ना उस पर गलत नीयत रखने लगा। उसने ननद और नंदोई से इसकी शिकायत की, लेकिन मदद मिलने के बजाय उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि एक रात देवर उसके कमरे में घुस आया और जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। विरोध करने पर वह किसी तरह खुद को बचाकर कमरे का दरवाजा बंद करने में सफल रही। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद वह अपनी सुरक्षा के लिए एक रिश्तेदार के घर चली गई। वहीं, दुबई से पति का फोन आया और उसने गाली-गलौज करते हुए तीन बार 'तलाक' कहकर रिश्ता खत्म करने की बात कही। महिला का दावा है कि इस बातचीत का एक रिश्तेदार भी गवाह है। महिला की शिकायत पर किला थाना पुलिस ने पति ताज मियां, देवर हसीन उर्फ मुन्ना, ननद रुबी और नंदोई शाकिर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न आरोपों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

## इमाम के कमरे का ताला तोड़ हजारों की चोरी

**बरेली।** बरेली के प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुर्खा में मस्जिद के इमाम मोहम्मद खैबर अली के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने 52 हजार रुपये उड़ा दिए।

घटना 1 अगस्त की सुबह उस वक्त हुई जब इमाम फज्र की नमाज पढ़ाने के बाद बाहर गए थे। वापस लौटने पर उन्हें अलमारी और ब्रीफकेस के ताले टूटे मिले। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध व्यक्ति मस्जिद परिसर में दाखिल होता दिखाई दिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान हाफिजगंज निवासी मोबीन के रूप में हुई। पीड़ित इमाम की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वीसी के निरीक्षण में लापरवाही पर ठेकेदारों को चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की उपाध्यक्ष सौम्या पांडे ने गुरुवार को रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजनाओं का व्यापक निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सड़क, सीवर, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, पार्क, सार्वजनिक भवन, 33 केवी विद्युत उपकेंद्र, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, लाइब्रेरी और कन्वेंशन हॉल सहित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जहां भी कमियां मिलीं, उन्हें तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि प्राधिकरण के सभी निर्माण कार्य दो वर्ष की डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि के दायरे में हैं। इस अवधि के दौरान यदि सड़क धंसती है, सीवर व्यवस्था प्रभावित होती है, नालियां क्षतिग्रस्त होती हैं या किसी भी प्रकार की तकनीकी खामी सामने आती है तो उसका पूरा सुधार संबंधित कार्यदायी संस्था या ठेकेदार को अपने संसाधनों और खर्च पर करना होगा। इसके लिए बीडीए की ओर से अलग से कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। सौम्या पांडे ने निर्माण एजेंसियों को चेतावनी देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय में कमियां दूर न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ नोटिस जारी करने, सुरक्षा धनराशि जब्त करने, आर्थिक दंड लगाने और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट कर अनुबंध समाप्त करने जैसी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली योजनाओं के प्रमुख मार्गों, सेक्टरों और चौराहों पर दिशा-सूचक (साइनेज) बोर्ड लगाए जाएंगे। इससे नए आवंटियों और आगंतुकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी और दोनों आवासीय योजनाओं में आवागमन अधिक व्यवस्थित हो सकेगा। उपाध्यक्ष ने कहा कि बीडीए का उद्देश्य केवल आवास विकसित करना नहीं, बल्कि नागरिकों को आधुनिक, सुव्यवस्थित और सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त आवासीय वातावरण उपलब्ध कराना है। इसी सोच के तहत विकास कार्यों की गुणवत्ता और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# सीएमओ पर बिना निर्धारित प्रक्रिया अपनाए दुकानों का किराया बढ़ाने का लगाया आरोप



काफी समय से किराया कम था मैंने जब से पदभार संभाला है की ढाई साल से कोई किराया नहीं बढ़ाया गया और वैसे भी यह दुकान मेरे अंदर में आती हैं मैं इसकी जानकारी डीएम को क्यों उपलब्ध कराऊंगा।

–डॉ विश्राम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बरेली।

अभी तक मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है जैसे ही कोई शिकायत आती है तत्काल रूप से जांच कराई जाएगी।

–अविनाश सिंह, जिलाधिकारी बरेली।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय से संबद्ध सरकारी दुकानों का किराया बढ़ाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कुछ दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि एक शिकायत के आधार पर बिना निर्धारित प्रक्रिया अपनाए दुकानों का किराया बढ़ा दिया गया। उनका कहना है कि इस निर्णय से उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

दुकानदारों का दावा है कि किराया वृद्धि से पहले उन्हें पर्याप्त सूचना नहीं दी गई और न ही संबंधित विभागों की नियमानुसार प्रक्रिया का पालन किया गया। सूत्र बताते है की इस कार्य में नगर निगम, पीडब्ल्यूडी सहित जिला अधिकारी का हस्तक्षेप भी जरूरी होता है। उनका यह भी कहना है कि यदि वे खुलकर विरोध करेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की आशंका बनी रहेगी। कुछ दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि जिन दुकानों का मासिक किराया पहले 80 से 500 रुपये के बीच था, उन्हें बढ़ाकर सीधे 5,000 रुपये कर दिया गया। साथ ही 5-5 लाख अतिरिक्त भी लिए गए साथ ही कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाए हैं कि किराया निर्धारण में अनियमितताएं हुई हैं। इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दुकानदारों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर किराया वृद्धि की वैधानिकता की समीक्षा कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

# वंशी नगला में सपा की पीडीए पंचायत आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** समाजवादी पार्टी की ओर से कैंट विधानसभा क्षेत्र के अति पिछड़े गांव वंशी नगला में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं सपा के पूर्व शहर विधानसभा प्रत्याशी राजेश अग्रवाल ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए प्रदेश में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया।

राजेश अग्रवाल ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दों से प्रदेश की जनता परेशान है। उन्होंने नारा देते हुए कहा, "जो हो विकास की दरकार, तो अबकी लाएं अखिलेश सरकार।" उनका दावा था कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान एक्सप्रेस-वे, मेट्रो, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों व युवाओं के लिए कई विकास कार्य किए गए, जिन्हें आज भी लोग याद करते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) अभियान सामाजिक न्याय, समान भागीदारी और विकास के संकल्प को मजबूत करने का प्रयास है। साथ ही पार्टी जनता की समस्याओं और अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर उपाध्यक्ष दिनेश यादव ने की। बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर ने संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ-बूथ तक पहुंचने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान राजेश अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर किसी भी आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम में दिनेश यादव, सिंपल कनौजिया, गोविंद सैनी, मुकेश पांडे, हैप्पी यादव, सौरभ यादव, तोष पाल कुर्मी, नीरज सैनी, धर्मेंद्र कश्यप, ओम प्रकाश कश्यप, महेंद्र विक्रम, कुलदीप राणा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नशा मुक्ति प्रतिज्ञा** ब्रह्माकुमारी संस्था के '10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' का हुआ जिला स्तरीय शुभारंभ

# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की असली ताकत : डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' एवं मिशन स्पंदन के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा संचालित '10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' का जिला स्तरीय शुभारंभ गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा नशामुक्त और संस्कारित होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि नशे की लत केवल व्यक्ति का भविष्य नहीं बिगाड़ती, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करती है। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक सोच, अनुशासित जीवनशैली और अच्छे संस्कार अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व डीआईजी विकास वैध, मानव सेवा क्लब के अध्यक्ष वीनू सिन्हा, मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सक्सेना, मानव संसाधन नशा उन्मूलन केंद्र के संचालक विनय पटेल, एएनए मैनेजमेंट कॉलेज के चेयरमैन संजय आनंद सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ब्रह्माकुमारी नीता दीदी ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व के 140 देशों में 8,500 से अधिक सेवा केंद्रों के माध्यम से आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों का संदेश दे रही है। क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी पार्वती दीदी ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना व्यक्ति को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने की आंतरिक शक्ति प्रदान करती है। इस दौरान जिलाधिकारी ने संस्था के माध्यम से नशा छोड़ने वाले लोगों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। ब्रह्माकुमारी पारूल दीदी ने सभी उपस्थित लोगों को नशामुक्त जीवन जीने की सामूहिक शपथ दिलाई, जबकि लघु नाटिका के जरिए नशे के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में रजनी दीदी ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

आयोजकों के अनुसार, 6 से 20 अगस्त तक जिले के करीब 30 विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और नशा मुक्ति केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को नशामुक्ति की प्रतिज्ञा से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त समाज के निर्माण में जनसहभागिता बढ़ाना है।

# OLX पर आईफोन बेचने पहुंचे युवक को लगाया चूना, मोबाइल लेकर फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ऑनलाइन सामान बेचने के दौरान सतर्कता न बरतना एक युवक को महंगा पड़ गया। ओएलएक्स पर आईफोन बेचने का विज्ञापन देने वाले युवक को खरीददार बनकर आए शातिर ने गेस्ट हाउस में बुलाकर ऐसा झांसा दिया कि वह देखते ही देखते करीब 1.17 लाख रुपये कीमत का मोबाइल लेकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर बारादरी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैंट क्षेत्र के सैदपुर खजुरिया निवासी फहीमउद्दीन ने बताया कि पैसों की जरूरत होने के कारण उन्होंने अपना आईफोन 17 प्रो बेचने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन डाला था। कुछ समय बाद देव नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को मेरठ का निवासी बताते हुए मोबाइल खरीदने की इच्छा जताई। बातचीत के बाद दोनों के बीच 1.17 लाख रुपये में सौदा तय हो गया। निर्धारित समय पर 26 जुलाई की दोपहर आरोपी ने पीलीभीत रोड स्थित आकाशपुर वीर गेस्ट हाउस में मिलने के लिए बुलाया। फहीमउद्दीन अपने भाई के साथ वहां पहुंचे। थोड़ी देर बाद आरोपी अपने साथी के साथ थार कार से आया। उसने काफी देर तक बातचीत कर दोनों का विश्वास जीता और चाय-नाश्ता भी कराया। इसके बाद आरोपी ने कहा कि भुगतान की रकम उसकी रिश्तेदार के पास है, जो पास के कमरे में मौजूद हैं। उसने आईफोन हाथ में लेकर देखने की बात कही और रुपये लेने का बहाना बनाकर बाहर निकल गया। काफी देर तक वापस न लौटने पर दोनों भाइयों को ठगी का एहसास हुआ। जब गेस्ट हाउस में पूछताछ की गई और सीसीटीवी फुटेज देखी गई तो पता चला कि आरोपी ने मोहम्मद अली नाम से फर्जी एंट्री कराई थी। बाद में पुलिस के संपर्क करने पर उसने अपना नाम दानिश खान बताया और मेरठ का पता बताया। पीड़ित की तहरीर पर बारादरी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल नंबर और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की वास्तविक पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

### ओवरलोड मक्का से भरा ट्रक पलटा, कांवड़िए बाल-बाल बचे

**बिनावर।** बरेली-मथुरा हाईवे पर गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब गांव मलिकपुर के पास मक्का से भरा ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के समय हाईवे से कांवड़ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का जत्था भी गुजर रहा था, जो बाल-बाल बच गया। बताया जा रहा है कि ट्रक बदायूं से बरेली की ओर जा रहा था और उसमें मक्का से भरे बोरे लदे थे। बिनावर से करीब एक किलोमीटर दूरी पर स्थित रोड कट के पास चालक ने तेज गति में ट्रक को निकालने का प्रयास किया, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क पर ही पलट गया। घटना दोपहर लगभग तीन बजे की बताई जा रही है। ट्रक स्वामी, जो मौके पर मौजूद था, ने बताया कि हादसे में चालक को चोटें आई हैं, हालांकि वह खतरे से बाहर है।

# एसडीएम के आदेश के बाद मिला कब्जा, रात में दबंगों का हमला

## चारदीवारी तोड़ी, महिला व युवक को पीटा; पुलिस पर शिकायत न लेने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के मीरा सराय रोड स्थित करीब 700 गज के एक प्लाट को लेकर चल रहा विवाद अब हिंसक रूप ले चुका है। उपजिलाधिकारी सदर द्वारा दस्तावेजों की जांच के बाद वैध स्वामित्व तय कर कब्जा दिलाए जाने के बावजूद, देर रात कथित दबंगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने नवनिर्मित चारदीवारी को ध्वस्त कर दिया और विरोध करने पर महिला समेत दो लोगों को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया।

जानकारी के अनुसार, मीरा सराय रोड स्थित उक्त प्लाट पर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। एक पक्ष जमीन पर अपना दावा कर रहा था, जबकि दूसरे पक्ष—क्रेता मदीना, नवाजिश और जीशान—का कहना था कि उन्होंने विधिवत कागजों की जांच के बाद जमीन खरीदी है। विवाद बढ़ने पर मामला तहसील सदर पहुंचा, जहां एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम ने कागजातों की गहन जांच और मौके का निरीक्षण किया। जांच में जमीन के वैध स्वामी के रूप में मदीना, नवाजिश और जीशान को सही पाया गया। इसके बाद तहसील प्रशासन ने 28 जुलाई को मौके पर पहुंचकर तीनों को प्लाट पर विधिक कब्जा दिला दिया था। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद मामला शांत होता दिखाई दे रहा था, लेकिन आरोप है कि इससे


जिला अस्पताल में इलाज कराने आए पीड़ित व परिजन। -जागरण मोर्चा

> इस तरह का कोई शिकायती पत्र कोतवाली पर नहीं आया है। अगर शिकायती पत्र मिलता है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस तरह दबंगई करने वालों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।
> -संजय सिंह, इंस्पेक्टर कोतवाली

भूमाफिया बौखला गए।

पीड़ित पक्ष के अनुसार, देर रात कुछ अज्ञात लोग लाठी-डंडों से लैस होकर प्लाट पर पहुंचे और जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने प्लाट की चारदीवारी को पूरी तरह तोड़ दिया। विरोध करने पर मदीना और उसके भाई 'छोटा' पर हमला कर दिया गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों के जुटने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल पक्ष शिकायत लेकर लालपुल पुलिस चौकी पहुंचा, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। पीड़ितों का आरोप है कि चौकी प्रभारी ने उनकी तहरीर लेने से इनकार कर दिया। प्रशासनिक आदेश के बावजूद खुलेआम हुई इस घटना और पुलिस की कथित निष्क्रियता से पीड़ित परिवार में आक्रोश है।

पीड़ित पक्ष ने अब उच्च अधिकारियों से न्याय और सुरक्षा की मांग की है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। मामले को लेकर क्षेत्र में भी चर्चा का माहौल है और लोग प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। दबंग प्रभावशाली, राजनीति पकड़ वाले लोग बताये जा रहे हैं।

## संक्षेप समाचार

### कई थानों और चौकियों पर बदले गए जिम्मेदार
### यातायात प्रभारी बनाए गए इंस्पेक्टर मनोज वर्मा

**बदायूं।** जिले में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने व्यापक स्तर पर तबादले किए हैं। बुधवार देर रात जारी आदेश में 19 उपनिरीक्षकों और पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया, जिससे विभिन्न थानों और चौकियों पर नई जिम्मेदारियां तय की गई हैं। आदेश के तहत निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा को मॉनिटरिंग सेल से हटाकर यातायात प्रभारी बनाया गया है। वहीं निरीक्षक मनोज कुमार को पुलिस लाइन से मॉनिटरिंग सेल की जिम्मेदारी दी गई है। तबादला सूची में जितेंद्र सिंह (पुलिस लाइन से डीसीआरबी), अखिल तोमर (बगरैन चौकी से उसावां), संदीप गुप्ता (पुलिस लाइन से बगरैन चौकी), सत्यपाल (पुलिस लाइन से धीमरपुरा चौकी), श्रीपाल (पुलिस लाइन से हजरतपुर) और अजय शर्मा (पुलिस लाइन से बिसौली) शामिल हैं। इसके अलावा मनोज कुमार को फैजगंज बेहटा, देवेंद्र सिंह को बिनावर, राजदीप को कादरचौक, हरिओम को वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली तथा हरीमोहन को वरिष्ठ उपनिरीक्षक जरीफनगर नियुक्त किया गया है। जितेंद्र कुमार को इस्लामनगर, शिवम सक्सेना को साइबर क्राइम थाना, कमलेश सिंह को उसहैत तथा एक अन्य मनोज कुमार को उसावां तैनात किया गया है। मुख्य आरक्षी वीरसेन को सीओ बिसौली कार्यालय से सीओ दातागंज कार्यालय भेजा गया है। वहीं उपनिरीक्षक विष्णुदत्त का सहसवान से दातागंज किया गया स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है। एसएसपी कार्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

### तहसील में जलभराव से नाराज अधिवक्ताओं का प्रदर्शन


चेम्बरों में घुसा पानी। -जागरण मोर्चा

**बिल्सी।** तहसील परिसर की मुख्य सड़क पर लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या को लेकर गुरुवार सुबह अधिवक्ताओं और बैनामा लेखकों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए सड़क से पानी की तत्काल निकासी और स्थायी समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील परिसर की मुख्य सड़क पर लंबे समय से पानी भरा रहता है, जिससे अधिवक्ताओं, वादकारियों और आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब लोगों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। अधिवक्ताओं और बैनामा लेखकों का आरोप है कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण समस्या लगातार बनी हुई है और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि सड़क पर लंबे समय तक गंदा पानी जमा रहने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था कर तहसील परिसर को जलभराव से मुक्त कराने की मांग की। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होंगे।

### फसल बीमा कराने की अपील, अंतिम तिथि 14 व 31 अगस्त निर्धारित

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अपनी फसलों का बीमा कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना पूर्व की भांति लागू रहेगी। खरीफ वर्ष 2026 के लिए ऋणी कृषकों हेतु बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 तथा गैर ऋणी कृषकों के लिए 14 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। इस बार धान, मक्का, बाजरा, उड़द एवं तिल की फसलों को अधिसूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसमीय परिस्थितियों व प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ा जा रहा है, जिससे उनकी आय सुरक्षित रह सके। जनपद में इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य कर रही है। फसल क्षति की स्थिति में बीमित किसान 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447, निकटतम बैंक शाखा, बीमा कंपनी के मोबाइल नंबर 8299024548 व 9719730905, जिला कृषि अधिकारी या उप कृषि निदेशक कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। किसानों से समय सीमा के भीतर बीमा कराने की अपील की गई है।

### सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर मारपीट, दो घायल

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर मई में बुधवार को सरकारी हैंडपंप से पानी भरने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में एक पक्ष के रति राम (45) और दूसरे पक्ष के रवि (21) घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष एक ही बिरादरी के हैं। विवाद के दौरान गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के भी आरोप लगाए गए हैं। मारपीट में रति राम के सिर में गंभीर चोट आई है, जिससे उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। दोनों पक्षों ने गुरुवार को थाना बिसौली पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, हैंडपंप की साफ-सफाई को लेकर पहले से विवाद था। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और झगड़ा बढ़ गया।


रतिराम।


रवि।

## इस्लामनगर पुलिस पर फैसले के नाम पर 6500 रुपये हड़पने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** इस्लामनगर थाना पुलिस एक बार फिर विवादों में घिरती नजर आ रही है। कस्बे में तैनात एक सिपाही पर फैसले के नाम पर रुपये लेने और पीड़ित पक्ष से दुर्व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगा है। मामले को लेकर पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस्लामनगर कस्बे की अनार वाली बगिया निवासी पूजा पत्नी नीरज ने एसएसपी को दिए पत्र में बताया कि गांव चांदपुर निठाया निवासी कन्हैया पुत्र रामपाल पर उसके 10 हजार रुपये बकाया थे। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता पक्ष ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया।

आरोप है कि मामले में गांव के प्रधान ने हस्तक्षेप कर सिपाही से मिलकर समझौता कराने की कोशिश की। सिपाही ने दोनों पक्षों को बुलाकर 4500 रुपये पीड़िता को दिलाए, जबकि शेष 6500 रुपये खुद रख लिए। इतना ही नहीं, सिपाही ने फैसला मानने का दबाव बनाते हुए अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि जब उन्होंने इस समझौते को मानने से इनकार किया तो सिपाही ने आरोपी पक्ष का साथ देते हुए थाने के गेट पर ही उनके साथ मारपीट करवाई। आरोपियों ने घर पहुंचकर भी मारपीट की और घर में खड़ी साइकिल लूट ले गए। थाने में सुनवाई न होने से परेशान पीड़ित पक्ष ने गुरुवार को एसएसपी अंकिता शर्मा को शिकायती पत्र देकर सिपाही व आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बगरैन मंडल में कार्यशाला आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** भारतीय जनता पार्टी के बगरैन मंडल में "हर घर तिरंगा" अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण मंडल कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रीतेश चौहान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा के जिला संयोजक शिवम शंखधार मौजूद रहे।

कार्यशाला में 10 अगस्त को प्रस्तावित तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मंडल के शक्ति केंद्र संयोजकों, पदाधिकारियों एवं विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मुख्य अतिथि शिवम शंखधार ने कहा कि तिरंगा यात्रा मुड़िया सतासी से प्रारंभ होकर लगभग एक किलोमीटर पैदल चलकर शहीद हरिओम सिंह पार्क, हरिओम नगर इटौआ तक निकाली जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।


कार्यशाला में मौजूद भाजपा के मंडल अध्यक्ष समेत तमाम पदाधिकारी।

- 10 अगस्त को निकलेगी तिरंगा यात्रा, कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

मंडल अध्यक्ष रीतेश चौहान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर पर तिरंगा अवश्य लगाए और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करे। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि 15 अगस्त की शाम 6 बजे के बाद सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों एवं आसपास लगे तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारकर सुरक्षित स्थान पर रखें, क्योंकि तिरंगा हमारा राष्ट्रीय ध्वज है और इसका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है।

कार्यशाला में मंडल के सभी शक्ति केंद्र संयोजक, पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के मंडल अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## वैभव उपाध्याय बने जिलाध्यक्ष, सोनू यादव को जिला महासचिव की जिम्मेदारी

- मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की जिला कार्यकारिणी घोषित, युवाओं को संगठन से जोड़ने पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय


वैभव उपाध्याय।


सोनू यादव।

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की बदायूं जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष अनीस रजा के अनुमोदन तथा सांसद आदित्य यादव के मार्गदर्शन में की गई है। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्षों एवं नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्षों के नाम भी घोषित किए गए हैं।

जारी सूची के अनुसार वैभव उपाध्याय को जिलाध्यक्ष तथा सोनू यादव को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं माजिद को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर शुभम राठौर, लालू यादव, सुनील श्रीवास्तव, धर्मेंद्र उपाध्याय, संजय यादववंशी, नितिन तिवारी, हन्नान मियां, मोहित शर्मा, अब्दुल रहमान और गौरव पटेल समेत कई युवाओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं।

विधानसभा स्तर पर भी नई जिम्मेदारियां तय की गई हैं। शारिक को बदायूं सदर, धर्मेंद्र पाल को सहसवान, आसिफ अली नियाजी को दातागंज, विनोद कुमार को बिल्सी तथा जसवीर यादव को बिसौली विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा नगर पालिका एवं नगर पंचायत इकाइयों के अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वैभव उपाध्याय ने कहा कि नई कार्यकारिणी का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाजवादी विचारधारा से जोड़ते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी अनुशासन और समर्पण के साथ संगठन को नई मजबूती देंगे। कार्यकारिणी की घोषणा के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। संगठन के पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

## बिल्सी में एनजीओ कार्यालय का ताला तोड़कर चोरी

**बिल्सी।** कस्बे में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार को बिल्सी में सुविधा एनजीओ के शाखा कार्यालय में चोरी की वारदात सामने आई, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। चोर कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर घुसे और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। संस्था के प्रतिनिधि दीपक शर्मा ने बिल्सी थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे जब वह कार्यालय पहुंचे तो मुख्य गेट का कुंडा टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और जरूरी कागजात सहित अन्य सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोर एक सैमसंग कंपनी का टैबलेट और एक पोको मोबाइल हैंडसेट चोरी कर ले गए हैं।

## स्कूल जाती छात्रा की साइकिल को रोककर युवक ने की खेत की ओर खींचने की कोशिश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के मुजरिया थाना क्षेत्र में स्कूल जा रही कक्षा 9 की छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आने से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। आरोप है कि रास्ते में एक युवक ने छात्रा की साइकिल का हैंडल पकड़कर उसे जबरन खेत की ओर खींचने की कोशिश की। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

बताया जाता है कि पीड़िता रोजाना की तरह अन्य छात्राओं के साथ इंटर कॉलेज पढ़ने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में आरोपी युवक ने उसे रोक लिया और साइकिल का हैंडल पकड़कर खेत की ओर ले जाने का प्रयास किया। घटना से घबराई छात्रा ने किसी तरह खुद को छुड़ाया और अन्य छात्राओं के साथ सुरक्षित स्थान पर पहुंची। घर पहुंचकर छात्रा ने पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस छात्रा और अन्य छात्राओं को थाने ले गई, जहां पीड़िता ने लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी के खिलाफ पहले भी महिलाओं से छेड़खानी की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन उस पर सख्त कार्रवाई नहीं होने से उसके हौसले बुलंद हैं। घटना के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया छेड़खानी का प्रतीत हो रहा है। आरोपी युवक को पूछताछ के लिए बुलाया गया है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आक्रोश

संचालिका पर खुद को डॉक्टर बताकर इलाज करने का आरोप, पहले भी दर्ज हो चुका मुकदमा

# बिना पंजीकरण नर्सिंग होम पर शिकायत, डीएम से कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के दातागंज क्षेत्र के गांव बक्सेना में एक नर्सिंग होम के बिना पंजीकरण संचालित होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में स्थानीय निवासी अजीत शर्मा ने जिलाधिकारी अविनाश राय से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में नर्सिंग होम की संचालिका पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त नर्सिंग होम बिना किसी वैध पंजीकरण के संचालित हो रहा है, जहां संचालिका स्वयं को डॉक्टर बताकर प्रसव और ऑपरेशन जैसे संवेदनशील चिकित्सीय कार्य कर रही हैं। आरोप है कि मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम भी वसूली जा रही है, जबकि



सीएमओ कार्यालय बदायूं। -जागरण मोर्चा

चिकित्सा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा।

शिकायत में यह भी बताया गया है कि नर्सिंग होम में आधा दर्जन से अधिक स्टाफ कार्यरत है, जिनकी शैक्षणिक योग्यता और प्रशिक्षण संदिग्ध बताए जा रहे हैं। इससे मरीजों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर जोखिम उत्पन्न होने की आशंका जताई गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे संस्थानों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

गौरतलब है कि इस मामले में पहले भी हजरतपुर थाने में संचालिका सीमा मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के चलते अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा है।

शिकायतकर्ताओं ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही बिना पंजीकरण संचालित नर्सिंग होम को तत्काल बंद कराने की भी मांग उठाई गई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही और अवैध गतिविधियों पर रोक लग सके।

## दबतोरा में बारहवफात की सजावट को लेकर दो समुदाय आमने-सामने

**बिसौली।** तहसील बिसौली क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले गांव दबतोरा में आगामी 26 अगस्त को होने वाले बारहवफात त्योहार की सजावट को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद गहराता नजर आ रहा है। सजावट के मुद्दे पर एक पक्ष जहां पूरी तरह प्रतिबंध की मांग कर रहा है, वहीं दूसरे पक्ष द्वारा तैयारियां शुरू किए जाने से गांव में तनाव की स्थिति बन गई है। जानकारी के अनुसार दबतोरा क्षेत्र से जुड़ी ग्राम पंचायत संग्रामपुर और लक्ष्मीपुर में लंबे समय से एक समुदाय द्वारा बारहवफात के अवसर पर गांव की गलियों और घरों को विशेष रूप से सजाया जाता रहा है। गलियों में कारपेट बिछाकर पूरे गांव को दुल्हन की तरह सजाने की परंपरा रही है। पिछले कुछ वर्षों में दूसरे समुदाय के लोग भी इसी प्रकार की सजावट करने लगे हैं।

## स्वच्छता से ही बनेगा सैदपुर आदर्श नगर: चेयरमैन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत नगर पंचायत सैदपुर में शुक्रवार को विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नगरवासियों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हुए जनभागीदारी बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में नगर पंचायत के चेयरमैन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सैदपुर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखे तथा कूड़े को 4-बिन प्रणाली के तहत अलग-अलग करें। इससे न केवल कचरे का बेहतर प्रबंधन संभव होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।


रैली निकालकर लोगों को जागरूक करती आरटीएम की टीम। -जागरण मोर्चा

अभियान के अंतर्गत आरटीएम सोसाइटी फॉर सोशल डेवलपमेंट की टीम ने विभिन्न वार्डों और समुदायों में जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। टीम ने घर-घर जाकर गीला, सूखा, स्वास्थ्यकर तथा विशेष देखभाल वाले कचरे को अलग-अलग रखने के फायदे बताए और लोगों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सोसाइटी की डायरेक्टर रिदा तनवीर, मुशीर अली, सदस्य आजम हुसैन, नगर पंचायत के कर्मचारी, वार्ड सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। अंत में सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और नगर को आदर्श बनाने में सहयोग करें।

# अनियंत्रित वैगनार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चालक की मौत; दो छात्र गंभीर

## मुजरिया थाना क्षेत्र में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक रामकुमार।

**बदायूं।** जनपद के मुजरिया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार वैगनार कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव सगराय निवासी 65 वर्षीय रामकुमार पुत्र बनवारी लाल ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।




पोस्टमॉर्टम हॉउस पर जानकारी देते परिजन। -जागरण मोर्चा

बुधवार दोपहर वह अपने ई-रिक्शा के साथ मुजरिया थाने के सामने चौराहे पर सवारियों का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान गांव के दो छात्र भी अपने घर जाने के लिए ई-रिक्शा में बैठ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तभी कछला की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार वैगनार कार अनियंत्रित होकर सीधे ई-रिक्शा से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक रामकुमार समेत दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने रामकुमार की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बरेली के हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन जब उन्हें बरेली ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

इधर, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल दोनों छात्रों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## तेज बारिश में कोल्ड स्टोर की बाउंड्रीवाल ढही, 5 लाख का नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** गुरुवार को दिन में हुई तेज बारिश के चलते बिसौली-इस्लामनगर मार्ग पर स्थित ग्राम फतेहपुर बीरमपुर के पास 'रमनलता इंटरप्राइजेज कोल्ड स्टोर' की बाउंड्रीवाल अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार गिरते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि घटना के समय मौके पर कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया और जनहानि होने से बचाव रहा।

कोल्ड स्टोर के पार्टनर शशांक गोयल और भानु अग्रवाल ने बताया कि लगातार हो रही तेज बारिश के कारण दीवार कमजोर हो गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। दीवार गिरने से लगभग पांच लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल बारिश का सिलसिला जारी होने के कारण बाउंड्रीवाल का पुनर्निर्माण



गिरी हुई कोल्ड स्टोर की दीवार।

कराना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में कोल्ड स्टोर परिसर की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। दीवार गिरने के बाद परिसर खुला हो गया है, जिससे चोरी और आवारा पशुओं के अंदर घुसने का खतरा बढ़ गया है।

पीड़ित पार्टनरों ने जिला प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने और आवश्यक सहयोग प्रदान करने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## संक्षेप समाचार

### दातागंज में कांग्रेस का बाढ़ मुक्ति अभियान शुरू, तटबंध निर्माण को जनसमर्थन जुटाया



बाढ़ मुक्ति अभियान को गांव पहुंचे कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत सिंह यादव।

**बदायूं।** दातागंज क्षेत्र को बाढ़ की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के लिए कांग्रेस ने बाढ़ मुक्ति अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के तहत रामगंगा नदी के किनारे बांध तटबंध निर्माण की मांग को लेकर जनसमर्थन जुटाया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने गुरुवार को हजरतपुर क्षेत्र के हर्रामपुर, गढ़ी, लालपुर, कुंडरा मझरा, चकवा और पिपला समेत आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों को अभियान से जोड़ा। उन्होंने कहा कि दातागंज क्षेत्र हर वर्ष बाढ़ से प्रभावित होता है, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं और कई गांवों का संपर्क महीनों तक कट जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पिछले दस वर्षों में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। कहा कि कांग्रेस मानपुर से सिमरिया और रूपपुर से भाऊ नगला तक लगभग 30 किलोमीटर लंबा तटबंध बनवाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बुधवार को हजरतपुर पुल पर धरने का ऐलान किया था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने जिलाध्यक्ष अजीत यादव को हिरासत में लेकर नजरबंद कर दिया था। अभियान के दौरान मंजेश यादव, अरविंद, संतोष, सतेंद्र यादव, जतन सिंह, गजेन्द्र सिंह, नेम सिंह, ओमपाल सिंह, सोरन सिंह और योगेश यादव सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज में निकली नशा मुक्ति जागरूकता रैली



जागरूकता रैली निकालते मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं व मौजूद स्टाफ।

**बदायूं।** नशा मुक्त भारत अभियान 2026 के तहत राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ के कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य प्रो. डॉ. शिव कुमार व प्रो. डॉ. श्रीनिवासन गांधी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में करीब 200 छात्र-छात्राओं व 30 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने नारों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। वक्ताओं ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने की अपील की।

### महिला से छेड़छाड़ व निर्वस्त्र करने वाले लोगों पर मुकदमा

**बदायूं।** शौच के लिए घर से निकली दामाद के घर रह रही महिला के साथ छेड़छाड़, निर्वस्त्र करने, मारपीट और गालीगलौज करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महिला के दामाद की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी सास पिछले कुछ समय से उसके घर पर रह रही हैं। चार अगस्त की शाम करीब साढ़े सात बजे वह शौच के लिए घर से बाहर गई थीं। आरोप है कि तभी राजेंद्र वहां शराब के नशे में पहुंच गया और महिला को पकड़ लिया। विरोध करने पर उसने महिला को निर्वस्त्र कर दिया। महिला के विरोध और छीना-झपटी के दौरान उसके कान के कुंडल और नाक की लौंग कहीं गिर गई। महिला के शोर मचाने पर शिकायतकर्ता की पत्नी और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

## मण्डल स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए अभिषेक यादव चयनित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** भू देवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज, बिल्सी के कक्षा 12 (सी) के छात्र अभिषेक यादव का मण्डल स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता बरेली स्थित शहीद अब्दुल हमीद इंटर कॉलेज में आयोजित की जाएगी, जिसमें अभिषेक यादव बदायूं जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इसी प्रतियोगिता के लिए श्री राम विद्या मंदिर के छात्र विग्नेश वशिष्ठ का भी चयन हुआ है। इस प्रकार बदायूं जनपद से कुल दो छात्र मण्डल स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अगले चरण में मिर्जापुर मण्डल में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता



छात्र अभिषेक। -जागरण मोर्चा

में भाग लेने का अवसर मिलेगा। अभिषेक यादव के चयन पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने छात्र को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए भू देवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज के पीटीआई बरुण कुमार सिंह ने बताया कि दोनों छात्र लगातार अभ्यास कर रहे हैं और उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

## शादी कराने के नाम पर 80 हजार व जेवर हड़पने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया हरदोपट्टी निवासी एक महिला ने अपने ही दामाद समेत तीन लोगों पर बेटे की शादी कराने के नाम पर 80 हजार रुपये व सोने-चांदी के आभूषण हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

गांव गढ़िया हरदोपट्टी निवासी कुंती देवी का आरोप है कि उसके दामाद रूपेश पुत्र राधेश्याम निवासी नौली फतुहाबाद, संगीता पत्नी बंटी गुप्ता निवासी नगला बहलू थाना सिकंदरपुर वैश्य (जनपद कासगंज) तथा कमल मिस्त्री निवासी ग्राम नबेग्राम खिरकिया थाना पंडोला (जनपद कुशीनगर) ने आपस में साजिश कर उसके बेटे अंकित गुप्ता की शादी कराने का



जानकारी देतीं पीड़ित कुंती देवी।

झांसा दिया। इसके एवज में उससे 80 हजार रुपये तथा सोने-चांदी के आभूषण ले लिए।

पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने करीब 10 किलोमीटर दूर एक गांव में हिंदू रीति-रिवाज से उसके बेटे की शादी पूनम नाम की युवती से कराई। शादी के बाद पूनम अपनी बड़ी बहन चुलबुली के साथ गढ़िया हरदोपट्टी स्थित उसके घर आई। आरोप है कि एक सप्ताह बाद 17 जुलाई को पूर्व नियोजित साजिश के तहत चुलबुली अपनी

● **दामाद समेत तीन पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराने की गुहार**

बहन पूनम को साथ लेकर घर से फरार हो गई। जाते समय वे सोने का तीन ग्राम का पेंडल मंगलसूत्र, दो ग्राम के सोने के कुंडल तथा करीब ढाई सौ ग्राम चांदी की पायल भी साथ ले गईं।

कुंती देवी का कहना है कि इस पूरे मामले में उसके दामाद रूपेश की मुख्य भूमिका रही है। उसने रिश्तेदारों के सामने शादी के नाम पर ली गई रकम और जेवर लौटाने की बात भी कही थी, जिसका वीडियो, फोटो और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि तीनों आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी कर उसके बेटे की शादी कराई और फिर रुपये व आभूषण हड़प लिए। उसने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने तथा उसकी रकम व जेवर बरामद कराने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**उसहैत क्षेत्र में शादी के नाम पर ठगी का गिरोह सक्रिय, कई मामले आ चुके सामने**

**बदायूं।** जनपद के उसहैत क्षेत्र में शादी के नाम पर ठगी करने वाला एक संगठित गिरोह सक्रिय होने की चर्चा तेजी से फैल रही है। आरोप है कि यह गिरोह भोले-भाले लोगों को शादी का झांसा देकर उनसे नकदी और जेवरात ठग रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस तरह की ठगी के कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित परिवारों का कहना है कि गिरोह के सदस्य पहले रिश्ते की बात तय करते हैं और फिर विभिन्न बहानों से पैसे और सामान लेकर फरार हो जाते हैं।

## कादरचौक में 10 लंगूरों की तस्करी का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में वन्य जीवों की अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कादरचौक पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 लंगूरों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक सुजुकी आल्टो कार भी बरामद की गई है, जिसका इस्तेमाल तस्करी में किया जा रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत 6 अगस्त को यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, भुवनचन्द्र बेलवाल पुत्र नन्दाबल्लभ बेलवाल ने थाना कादरचौक में तहरीर देकर सूचना दी थी कि गांव निवासी फईम पुत्र



आरोपी को कोर्ट ले जाती थाना पुलिस। -जागरण मोर्चा

ताहीर अपने घर में अवैध रूप से लंगूरों को रखकर उनकी तस्करी कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान वहां से 10 जीवित लंगूर बरामद किए गए, जिन्हें तस्करी के लिए ले जाया जाना था। साथ ही मौके से सुजुकी आल्टो कार भी बरामद की गई।

पुलिस ने आरोपी फईम को मौके से गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा भारतीय वन अधिनियम की धारा तथा जैविक विविधता अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक राकेश कुमार वर्मा, कांस्टेबल शिवम कुमार, कांस्टेबल अंकित कुमार के साथ सामाजिक वानिकी विभाग के प्रभारी बीट अधिकारी आदित्य गंगवार और भुवनचन्द्र बेलवाल की अहम भूमिका रही।

## पांच साल के लड़के से कुकर्म के दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

**बदायूं।** अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या एक की न्यायाधीश कु. अनीता ने बालक को कमरे में ले जाकर कुकर्म करने के आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायाशीध ने दोषी को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोषी पर 30 हजार रुपये जुर्माना डाला। जुर्माने में से 30 हजार रुपये पीड़ित को देने का का हुक्म दिया। शासकीय अधिवक्ता अरविंद लाल के अनुसार बिसौली इलाके के एक गांव निवासी पांच साल के बेटे के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया, 21 अगस्त 2016 को उसका पांच साल का लड़का खेत के पास मंदिर पर खेल रहा था। इतने में वादी के गांव का अनेक पाल पुत्र रामौतार उसके बच्चे को मंदिर के बने कमरे में ले गया। यहां उसके साथ कुकर्म किया।

## फर्जी शपथ पत्रों से जमीन अकृषक कराने का आरोप, बिसौली तहसील में जांच के आदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के बिसौली तहसील क्षेत्र में कृषि भूमि को कथित रूप से फर्जी सहमति शपथ पत्रों के जरिए अकृषक घोषित कराने का मामला सामने आया है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर स्थित गाटा संख्या 629 से जुड़े इस प्रकरण में राजस्व कर्मचारियों की मिलीभगत के आरोप लगे हैं। मामले की शिकायत ग्राम दिसौलीगंज की पूर्व प्रधान सोनी शाक्य ने जिलाधिकारी से की, जिस पर जांच के आदेश दिए गए हैं।

शिकायत के अनुसार, ग्राम अंगथरा निवासी सकीना बेगम के पुत्रों पर आरोप है कि उन्होंने सहखातेदारों की वास्तविक सहमति के बिना ही उनके नाम से कथित फर्जी शपथ पत्र तैयार कराए और उन्हें तहसील बिसौली में धारा-80 की पत्रावली में प्रस्तुत कर दिया।



डीएम को शिकायती पत्र देने जाती पीड़ित सोनी मौर्य। -जागरण मोर्चा

पूर्व प्रधान सोनी शाक्य का कहना है कि उनके तथा उनके देवर गजराज सिंह के नाम से भी बिना जानकारी और अनुमति के सहमति दर्शाते हुए दस्तावेज लगाए गए हैं।

पूर्व प्रधान ने आरोप लगाया कि यह पूरा प्रकरण राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से किया गया है, ताकि विवादित कृषि भूमि को अकृषक घोषित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से अन्य

● **धारा-80 के नाम पर खेल! सहखातेदारों की फर्जी सहमति से भूमि परिवर्तन का मामला उजागर**

मामला संज्ञान में आया है। एसडीएम बिसौली को जांच डी गई है। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्रवाई कि जाएगी।

-अवनीश राय, जिलाधिकारी, बदायूं

सहखातेदारों के वैधानिक अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि जब तक सक्षम न्यायालय अथवा विधिक प्रक्रिया के तहत भूमि का बंटवारा (कुरेबंदी) नहीं हो जाता, तब तक किसी भी भूमि को अकृषक घोषित करने की कार्यवाही नहीं की जा सकती। इसके बावजूद नियमों को दरकिनार कर कार्रवाई किए जाने का प्रयास किया गया।

पूर्व प्रधान सोनी शाक्य ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 3 अगस्त को बिसौली एसडीएम को भी शिकायती पत्र दिया था। उस समय जांच का आश्वासन तो मिला, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में उन्होंने मांग की है कि फर्जी शपथ पत्रों और संबंधित अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की भूमिका सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि तहसील बिसौली में धारा-80 से जुड़े मामलों में कुछ भू-माफिया प्रवृत्ति के लोग सक्रिय हैं, जो सहखातेदारों की कथित फर्जी सहमति दर्शाकर कृषि भूमि को अकृषक कराने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने ऐसे सभी मामलों की व्यापक जांच कराए जाने की भी मांग उठाई है।

**निपटारा** बदायूं पुलिस ने बिखरते परिवारों को जोड़ा, परामर्श केंद्र में सुलझे कई पारिवारिक विवाद

## परिवार परामर्श केंद्र बना सहारा, 49 मामलों में 32 की काउंसलिंग, 2 में हुआ समझौता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** रिजर्व पुलिस लाइन बदायूं में संचालित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र एक बार फिर टूटते परिवारों को जोड़ने का माध्यम बना। बुधवार को आयोजित परामर्श सत्र में आपसी कलह और मतभेद के कारण अलग होने की कगार पर पहुंचे परिवारों को समझाइश देकर एकजुट करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में काउंसलर के रूप में गिरधारी सिंह राठौर, भीमसेन सागर, मधु गौतम, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, एस.डी. शर्मा और अशोक खुराना मौजूद रहे। इनके साथ महिला हेड कांस्टेबल कुमुद (प्रभारी), महिला कांस्टेबल राखी, कांस्टेबल संध्या, कांस्टेबल स्वाति और कांस्टेबल डॉली सहित पुलिस कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।




पुलिस लाइन सभागार में काउंसलिंग करते काउंसलर। -जागरण मोर्चा

परामर्श केंद्र में कुल 49 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से 32 मामलों में काउंसलिंग कर पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया, जबकि 2 मामलों में आपसी सहमति से समझौता करा दिया गया। वहीं 10 मामलों को निरस्त कर दिया गया और शेष मामलों में अगली तिथि निर्धारित की गई।

काउंसलिंग के दौरान उपस्थित पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके समाधान पर विचार किया गया। जिन परिवारों में समझौता हुआ, उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की इस पहल से न केवल पारिवारिक विवाद सुलझ रहे हैं, बल्कि समाज में आपसी सौहार्द और रिश्तों को मजबूत करने में भी मदद मिल रही है।

## चारा मशीन के पट्टे में फंसकर महिला की मौत

**इस्लामनगर।** पशुओं का चारा काटते समय मशीन के इंजन और पट्टे की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम बचा हुआ है। हादसा इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव लश्करपुर ओइया में हुआ। यहां की रहने वाली विमलेश 29 वर्ष पत्नी अनिल गुरुवार को घर पर पशुओं के लिए चारा काट रही थीं। इसी दौरान चारा मशीन का इंजन चालू होने पर वह इंजन और मशीन को जोड़ने वाले पट्टे की चपेट में आ गईं। तेज गति से घूम रहे पट्टे में फंसने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतिका अपने पीछे पति अनिल और दो मासूम बच्चों को छोड़ गई हैं।

## स्वतंत्रता दिवस आयोजन को लेकर डीएम की बैठक, 'हर घर तिरंगा' अभियान पर विशेष जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** स्वतंत्रता दिवस-2026 के गरिमामय एवं भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को समयबद्ध और समन्वित तरीके से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को पूर्व वर्षों की भांति पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जाए। उन्होंने सभी कार्यक्रमों को निर्धारित समय के अनुसार संपन्न कराने पर जोर देते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

बैठक में 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने पर विशेष बल दिया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक नागरिक अपने घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक फहराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान भारतीय ध्वज संहिता का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में किसी प्रकार की कमी न रहे।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि राष्ट्रीय पर्व गरिमामय वातावरण में संपन्न हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) महेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### लिफ्ट लेने के बहाने ग्रामीण से 50 हजार रुपये लूटे

**रामपुर।** ट्रैक्टर ट्राली से जा रहे युवक को कुछ लोगों ने लिफ्ट लेने के बहाने रोक लिया।आरोपियो ने उससे 50 हजार रुपये लूट लिए। विरोध करने पर उसको पीटकर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पटवाई के भैया नगला निवासी अभय प्रताप सिंह पेशे से किसान है। वह गुरुवार शाम को ट्रैक्टर ट्राली से कही जा रहा था कि मुंह पर कपड़ा बांधे एक युवक ने उसको रोक लिया। उसके बाद आरोपी युवक के और साथी आ गए। उसके बाद अभय प्रताप से 50 हजार रुपये लूट लिए। उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उसको पीटकर घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आस पास के लोग आ गए। जहां आरोपी फरार हो गए। लूट की सूचना के बाद गांव के लोगों में हड़कंप मच गया। काफी देर तक मौके पर लोगों की भीड़ रही। बाद में पुलिस भी पहुंच गई। वहीं पटवाई एसओ धनजय सिंह का कहना है कि लूटपाट का मामला नही है। यह मारपीट का मामला है। जांच की जा रही है

# मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से गोकशी का आरोपी हुआ घायल

## अजीमनगर थाना क्षेत्र का मामला, कराया भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गोकशी करने आए एक आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस को उसके पास से एक तमंचा,1 खोखा कारतूस और गोकशी करने के उपकरण व एक मोटरसाईकिल बरामद हुई है।

थाना अजीमनगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी कि चार व्यक्ति मोटर साईकिल पर पशु काटने के सामान सहित बोरी आदि लिए हुए ग्राम इमरता के जंगल में गौवंशीय पशु काटने की फिराक में है। सूचना पर थाना अजीमनगर पुलिस स्थान पर गए तो मौजूदा अपराधियों द्वारा पुलिस को आता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरूकर दी। जिसमे सिपाही अंकित मलिक बांये बाजू पर गोली लगने से घायल हो गया।



मुठभेड़ के बाद घायल को ले जाती पुलिस। –जागरण मोर्चा

**पुलिस रोजाना कर रही मुठभेड़**

पुलिस रोजाना मुठभेड़ करके आरोपियों को पकड़ रही है। जिससे साफ जाहिर होता है कि पशुओं के काटने का काम तेजी के साथ चल रहा है। क्षेत्र में आए दिन किसी ने तहसील में पशुओं के अवशेष लोगों को जंगल में मिलते हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच जाती है। अज्ञात में मुकदमा दर्ज करके अगले ही दिन पुलिस मुठभेड़ में उनको पकड़ लेती है। जिससे लगता है कि क्षेत्र में पशुओं को काटने का धंधा तेजी से चल रहा है।

थाना अजीमनगर पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ एवं जवाबी फायरिंग में आरोपी सहादत पुत्र अब्दुल हसन निवासी ढक्का हाजी नगर थाना अजीमनगर घायल हो गया। जबकि घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जबकि तीन आरोपी शौलत पुत्र नक्शे अली, इन्तजार पुत्र इसरार, सुलेमान पुत्र नक्शे अली निवासी खेमपुर थाना अजीम नगर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।घायल सहादत के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर 1 खोखा कारतूस नाल में फंसा हुआ 315 बोर व 1 जिंदा कारतूस 315 बोर गोवंशीय पशुओ को काटने के उपकरण व एक मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट रंग काला बरामद हुई। अजीमनगर एसओ दयाशंकर ने बताया फरार आरोपियों को तलाश किया जा रहा है।

### पीएमएस चुनाव को लेकर 12 प्रत्याशी मैदान में

**रामपुर।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ चुनाव में आठ पदों के लिए 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। सभी प्रत्याशी जीत के दावे पेश कर रहे हैं। क्योंकि 6 अगस्त को नाम वापसी की प्रक्रिया थी। किसी ने भी कोई पर्चा वापस नहीं लिया। इसलिए सभी प्रत्याशी मैदान में उतरे हुए हैं। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सामान्य, उपाध्यक्ष महिला, सचिव, कोषाध्यक्ष, केंद्रीय कार्यकारी सदस्य, संपादक के लिए पद शामिल है। इसलिए अध्यक्ष डॉ.दशरथ सिंह, डॉ.सत्यपाल सिंह, उपाध्यक्ष सामान्य के दो पद के लिए डॉ. राजीव चंदेल, डॉ. सतवीर सिंह, डॉ.मणिक अग्रवाल, उपाध्यक्ष महिला एक पद के लिए डॉ. अंजू सिंह, सचिव डॉ. लखवीर सिंह, डॉ.अजीज हसन, कोषाध्यक्ष डॉ. सुभाष सिंह, केंद्रीय कार्यकारी सदस्य डॉ.पदम सिंह, संपादक के लिए डॉ. युगल किशोर, डॉ.नवीन प्रसाद ने नामांकन किया है। इसलिए सभी प्रत्याशी मैदान में है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.ओपी आर्य ने बताया कि 6 अगस्त बृहस्पतिवार को नाम वापसी की प्रक्रिया सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक आरंभ रही। लेकिन किसी ने भी नामांकन वापस नहीं लिया।

**संक्षेप समाचार**

### शाहबाद में युवती का पीछा करने वाले युवक को धुना, माफी के बाद मामला शांत

**शाहबाद।** नगर की एक युवती का पीछे करते हुए छेड़छाड़ करने वाले युवक की उसके भाइयों बुरी तरह पिटाई कर दी। मामला थाने पहुंच गया। लेकिन नगर के सम्मानित लोगों ने दोनों पक्षों में मध्यस्थता कराते हुए समझौता करा दिया। बताते चले कि नगर के मुख्य बाजार में एक दुकानदार के बेटे की दो युवकों ने बुरी तरह पिटाई कर दी। आरोप था कि युवक कई दिनों से उनकी बहन का पीछा कर रहा है, जिसकी शिकायत युवती ने अपने भाई से की। शिकायत पर भाई ने जाकर युवक की धुनाई कर दी। हालांकि आपसी समझौते के बाद मामला शांत हो गया।

### डीआईजी ने अधिकारियों के साथ की बैठक



बैठक में मौजूद डीआईजी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मुनिराज जी द्वारा पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस लाइन में आगामी त्योहारों एवं श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2026 के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के संबंध में गोष्ठी आयोजित की गई।गोष्ठी के दौरान आगामी त्योहारों एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।सभी अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, प्रभावी पुलिस व्यवस्था बनाए रखने एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, सभी क्षेत्राधिकारी एवं जनपद के समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### 5 करोड़ से गन्ना विभाग की नौ सड़कों की मरम्मत कराएगा लोनिवि




मोहल्ला चिरान स्थित लोनिवि कार्यालय। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** गन्ना विभाग की जर्जर 9 सड़कों की हालत लोक निर्माण विभाग सही कराएगा। विभाग की 9 सड़कें ऐसी है जोकि काफी जर्जर की स्थिति में है मौजूदा समय में इनकी हालत यह है कि जगह-जगह जलभराव है जिससे आवागमन में राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन सड़कों की हालत करीब 5 करोड़ रुपये से सुधारी जाएगी। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद जर्जर सड़कों को सही कराया जाएगा। भूबरा मुस्तहकम से नया चौहद्दा जमना-जमनी मार्ग का निर्माण 1.560 किलोमीटर, अहरो बंगाली कॉलोनी से मानपुर ओझा मोड़ 1 किलोमीटर, एनएच 74 से आरसल, पारसल गोलू टांडा गुरूद्वारा मार्ग का निर्माण 1.600 किलोमीटर, स्वार-बाजपुर मार्ग से नया गांव वाया काजी का मजरा मार्ग के निर्माण 980 मीटर, बेनजीर रोड से अटारिया 480 मीटर, मानपुर ओझा से अहमदाबाद मार्ग का निर्माण 950 मीटर, विशारतनगर से अहमदाबाद मार्ग का निर्माण 850 मीटर, खजुरिया मार्ग से पीपलिया विजयनगर का निर्माण 1.500 किलोमीटर और खजुरिया खुर्द से पीपलिया विजयनगर मार्ग का निर्माण 1.600 किलोमीटर तक कार्य कराएगा। कुल नौ सड़के 10 किलोमीटर के दायरे में आ रही है इन पर करीब 5 करोड़ 57 लाख 18 हजार रुपये का धनराशि खर्च होगी। लोनिवि विभाग के प्रांतीय खंड ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। एक्सईएन इं .केवी सिंह ने बताया कि गन्ना विभाग की 9 सड़कों का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे गए है, मंजूरी मिलने पर सड़कों को सही कराया जाएगा।

### बिजली समस्याओं को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। पशु चिकित्सा अधिकारी पर भी गुस्सा निकाला।समस्याओं के समाधान के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। पटवाई के रामलीला ग्राउंड में बृहस्पतिवार को ऑपरेशन एकजुटता के तहत 50 से ज्यादा किसानों को भाकियू की सदस्यता ग्रहण कराई।जिलाध्यक्ष दरवारी लाल शर्मा ने भारत सिंह यादव को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष,राजपाल सिंह यादव को पटवाई क्षेत्रीय अध्यक्ष ,ठाकुरदास लोधी,मिट्ठू लाल कश्यप को उपाध्यक्ष,भूप सिंह लोधी संगठन मंत्री,केपी सिंह लोधी युवा क्षेत्रीय अध्यक्ष,भारत सिंह उपाध्यक्ष बनाए गए।अघोषित बिजली कटौती के विरोध में नारेबाजी कर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि पशु चिकित्सालय में चिकित्सक नहीं आ रहे हैं। लिहाजा इलाज के अभाव में पशुओं की मौत हो जाती है।पीरा पुल के निर्माण में ढिलाई बरती जा रही है।सामुदायिक शौचालयों की सफाई नहीं होती है। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने चेताया कि अगर किसी भी स्तर पर समस्या को नजर अंदाज किया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। जिला ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया।तहसीलदार शाहबाद कार्यक्रम में पहुंचे और ज्ञापन लिया। उसमें बिजली समेत सभी समस्याओं का हवाला देकर उनका शीघ्र निराकरण की मांग की। पंचायत में मोहम्मद तालिब,चौधरी राजपाल,तजम्मुल हुसैन,दरियाब सिंह मुस्तकीम,रामोतार, भारत सिंह यादव,मुरादअली, रामदास मौर्य, मौजककिर,जुबैद आलम अमृत पाल भिंडर,दिलबाग सिंह,प्रेमपाल, जाहिद अली,हेत राम गंगवार,राधे श्याम भी मौजूद रहे। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने पटवाई चौराहे से लेकर रामलीला ग्राउंड तक प्रदेश महासचिव हसीब अहमद और जिला अध्यक्ष दरबारी लाल शर्मा फूल मालाओं से स्वागत किया।

## नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का बुके देकर किया स्वागत



शाहबाद की नवनियुक्त बीईओ बबीता सिंह का बुके देकर स्वागत करते शिक्षक।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर के भीतरगांव स्थित बीआरसी केंद्र पर शिक्षकों ने नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह का बुके देकर स्वागत किया। ब्लॉक पर खण्ड शिक्षा अधिकारी के रूप में बबिता सिंह की नियुक्ति की गई हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद शाहबाद के भीतरगांव स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बताते चलें कि पिछले दिनों शाहबाद के निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी का तबादला हो गया था, जिसके बाद शासन द्वारा बबीता सिंह को शाहबाद ब्लॉक की कमान सौंपी गई है। बबीता सिंह द्वारा शाहबाद खंड शिक्षा अधिकारी पद का कार्यभार संभालते ही क्षेत्र के शिक्षकों में भारी उत्साह देखा गया। यहां शिक्षकों ने नवागत बीईओ बबिता सिंह को फूलों का बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। शाहबाद क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई। स्वागत समारोह के दौरान अजीम खां, अजय कुमार, खालिद खां, जफर बेग आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के संबंध में प्रस्तुत ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

निर्देशों में शिक्षकों की समस्याओं एवं मांगों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर उनका समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस पहल से शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक वातावरण जाए ।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार ने कहा कि संगठन द्वारा उठाए गए मुद्दों पर बीएसए कल्पना देवी द्वारा संज्ञान लिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करेंगे तथा लंबे समय से लंबित प्रकरणों का भी समाधान करेंगे।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सदैव शिक्षकों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

संगठन ने बीएसए का आभार व्यक्त करते हुए अपेक्षा की है कि जारी निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे शिक्षकों को समयबद्ध समस्याओं का निस्तारण हो।जनपद में जो बिना मान्यता प्राप्त विद्यालय चल रहे है। उनको ब्लॉकवार टीम बनाकर बंद कराया जाए। जिन विद्यालयों के स्टाफ का फैमिली आई डी ना बनने के कारण जुलाई माह का एक दिन का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए गए है। संगठन ने अवगत कराया कि शिक्षकों के अथक प्रयास से अधिकांश बच्चों की फैमिली आई डी बन गई है । जिनकी बनने से रह गई उनका विशेष कारण से ही रह गयी है, जल्द ही उन बच्चों की आई डी भी बन जाएगी।

संगठन मांग करता है कि फैमिली आईडी के कारण किसी शिक्षक का वेतन बाधित नहीं किया जाए। चूंकि नामांकन प्रक्रिया गतिमान है यदि समायोजन में 20 जुलाई तक छात्र संख्या को अपडेट किया जाए जो शिक्षक सरप्लस श्रेणी से बाहर हो उनको सरप्लस श्रेणी से बाहर रखा जाए। विभागीय कार्यक्रमों में संगठन के पदाधिकारियों शामिल किया जाए ।15 हजार भर्ती के शिक्षकों के दस वर्ष पूर्ण हो चुके जिन शिक्षकों की संतोषजनक सेवा पूर्ण हुई है उनका चयनवेतनमान स्वीकृत हेतु अग्रिम कार्यवाही की जाए। जो शिक्षक अपना वेतन खाता एसबीआई बैंक में स्थानांतरित कराना चाहता है उनका खाता स्थानांतरित किया जाए। जो शिक्षक अपना पीपीएफ खाता अपडेट कराना चाहते है। उनका खाता अपडेट किया जाए।जिस शिक्षकों के वेतन से एनपीएस की कटौती हो रही है उनके एनपीएस खाते में राज्यांश की राशि समय से भेजी जाए।समायोजन प्रक्रिया में न्यायालय के आदेश अनुसार आपत्तियों लेने के लिए दिशा निर्देश जारी किये जाएं। सरप्लस शिक्षकों को ब्लॉक में विकल्प लेकर समायोजित किया जाए। पोर्टल पर लंबित एरियर का भुगतान ससमय से किया जाए।

# ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्रवाई

## 7 वाहन सीज, 4.78 लाख रुपये का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर आज प्रातः 4 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), खनन अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी सदर द्वारा रिवर साइट इन से शहजादनगर तक संयुक्त प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अजीतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में ओवरलोड संचालित पाए जाने पर 3 डंपरों को सीज कर पुलिस चौकी में निरुद्ध कराया गया।इसी क्रम में शाहबाद क्षेत्र में भी व्यापक चेकिंग अभियान चलाते हुए ओवरलोड पाए जाने पर 2 पिकअप, 1 ट्रक एवं 1 डंपर को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त 3 अन्य वाहनों का चालान भी किया गया।संयुक्त अभियान के दौरान की गई प्रवर्तन कार्रवाई में कुल 4.78 लाख रुपये का जुर्माना आरोपित किया गया, जिसमें से 86 हजार रुपये का जुर्माना मौके पर ही ऑनलाइन जमा कराया गया।इसके अतिरिक्त यातायात एवं वाहन सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर 1 बस एवं 1 स्कूल बस का भी चालान किया गया।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में ओवरलोडिंग एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।




वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ। –जागरण मोर्चा

# 257 युवाओं को मिला जॉब ऑफर
## 21 हजार से अधिक पोर्टल पर सक्रिय

- जुलाई में आयोजित 8 रोजगार मेलों में 6 कंपनियों ने जताया भरोसा; 535 नए अभ्यर्थियों ने कराया ई-पंजीयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राज्य सरकार की 'मिशन रोजगार' योजना के तहत जिले में युवाओं की तकदीर बदल रही है। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा जुलाई माह में चलाए विशेष अभियानों से युवाओं को न केवल स्थानीय स्तर पर नौकरियां मिली हैं, बल्कि विदेश में करियर बनाने के भी नए रास्ते खुले हैं।

जिले के विभिन्न ब्लॉक और संस्थानों में आयोजित 8 रोजगार मेलों में 6 निजी कंपनियों ने 257 अभ्यर्थियों को ऑन-द-स्पॉट जॉब ऑफर प्रदान किए। 3 विशेष करियर काउंसलिंग सत्रों के माध्यम से 402 छात्र-छात्राओं को भारतीय वायु सेना की 'अग्निपथ योजना' और जर्मनी, जापान व इजराइल जैसे देशों में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। वर्तमान में सेवायोजन पोर्टल पर रामपुर के 21,181 बेरोजगार युवा सक्रिय हैं, जिनमें अकेले जुलाई में 535 नए पंजीकरण दर्ज किए गए।

जुलाई माह में युवाओं को रोजगार देने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई रामपुर तथा मिलक, शाहबाद, बिलासपुर, स्वार व सैदनगर विकास खंडों में कुल 8 रोजगार मेलों का आयोजन हुआ। इनमें 18 से 35 वर्ष के 471 हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई व पॉलीटेक्निक पास अभ्यर्थियों ने भाग लिया। 6 निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के बाद योग्य पाए गए 257 युवाओं को हाथों-हाथ नौकरी का ऑफर लेटर सौंपा।

युवाओं का सही मार्गदर्शन करने के लिए आर. सेठी पहाड़ी गेट, राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज और आईटीआई रामपुर में करियर काउंसलिंग शिविर आयोजित किए गए। इनमें 402 विद्यार्थियों को 'अग्निवीर वायु' भर्ती परीक्षा और 'रोजगार संगम पोर्टल' के माध्यम से इजराइल में कंस्ट्रक्शन, टाइलिंग, राज मिस्त्री व जिप्सम वर्क तथा जर्मनी, जापान व इजराइल में नर्सिंग क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई।

**तैयारी** | त्योहार करीब आते ही बाजारों में बढ़ी रौनक

# 15 अगस्त को मनाया जाएगा हरियाली तीज का पर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** हरियाली तीज का पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। साड़ियों, चूड़ियों, मेहंदी और शृंगार सामग्री की खरीदारी के लिए सुबह से देर शाम तक महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। इस पर्व का महिलाओं को पूरे साल इंतजार रहता है। जिसमें महिलाएं पूजा अर्चना करती है।

हर साल की तरह इस साल हरियाली तीज का पर्व 15 अगस्त को मनाया जाएगा। समय करीब आते ही बाजारों में रौनक छा गई है।तीज को लेकर शहर के बाजारों की रौनक बढ़ गई है। व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं ने अभी से ही नए वस्त्रों, आभूषण, पूजा सामग्री आदि की खरीदारी करने लगी हैं। बहू-बेटियों के घर भी तीज की सामग्री भेजी जाने लगी है। बाजारों में महंगाई पर आस्था भारी दिख रही है। महिलाओं का कहना है कि मंहगाई लगातार बढ़ती जा रही है। इस पर्व पर बेटी के घर तीज भेजने की भी है। परंपरा हिन्दू धर्म परंपराओं से भरा हुआ है।इस दिन निर्जला उपवास रख कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करती हैं। ऐसी मान्यता है कि हिमालय राज की पुत्री पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए निर्जला उपवास रख भगवान शिव को डलिया चढ़ाकर विशेष पूजा अर्चना की थीं। तब से सुहागिन महिलाएं अखंड सुहाग के लिए इस व्रत को करने लगी।

तीज का पर्व 15 अगस्त को मनाया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। समय करीब आने के कारण बाजारों में जाकर सामान खरीदा जा रहा है। –वंदना सहगल



तीज के पर्व का हर साल इंतजार रहता है। इसमे कई प्रकार के आयोजन किए जाते हैं ।बहुत से लोग तीन वाले दिन झूला तक झूलते हैं। तरह-तरह के पकवाए बनाए जाते है। –शिवांगी कपूर



व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं ने अभी से ही नए वस्त्रों, आभूषण, पूजा सामग्री आदि की खरीदारी करने लगी हैं। 15 अगस्त को हरियाली तीज का पर्व मनाया जाएगा। –पलक गुप्ता



हरियाली तीज का पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पर्व को लेकर महिलाएं खरदारी कर रही है। ताकि पूजा के समय किसी प्रकार की कोई कमी नही रह जाए। –देवांशी अग्रवाल



### लंबी बीमारी के चलते शाहबाद में युवती की मौत

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला खटपुर निवासी राजमिस्त्री की 22 वर्षीय बेटी की गुरुवार को लंबी बीमारी के चलते मौत हो गई। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम छा गया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद नगर के मोहल्ला खटपुर निवासी अजहर अली की 22 वर्षीय पुत्री नाज़िया पिछले तीन माह से आंत की बीमारी से जूझ रही थीं। नाजिया का इलाज लंबे वक्त से चल रहा था। गुरुवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। नाजिया की मौत से घर में मातम छा गया। नाजिया के पिता अजहर अली शाहबाद में ही राजमिस्त्री का काम करते है। नाजिया दो बहनों में छोटी थी, जबकि इनके दो भाई भी है। नाजिया बीमार होने से पहले नगर के प्राइवेट स्कूल में टीचिंग करती थीं।

# बारिश से धान और गन्ने की फसल को मिली संजीवनी, झमाझम बारिश से गर्मी से राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** इस बार मानसून पिछले साल के मुकाबले अधिक मेहरबान रहा है। जुलाई महीने में रिकॉर्ड तोड़ बारिश दर्ज की गई, जिससे जिले में पर्याप्त नमी बनी हुई है। गुरुवार दोपहर भी मौसम ने करवट ली और घने काले बादलों के बीच झमाझम बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली।

जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जुलाई 2026 में जिले में कुल 236.57 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। यह आंकड़ा जुलाई 2025 में रिकॉर्ड की गई 185.15 मिलीमीटर बारिश से लगभग 51 मिलीमीटर अधिक है। उन्होंने पुष्टि की कि गुरुवार को भी जिले में अच्छी बारिश हुई है। यह बारिश खरीफ फसलों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो रही है। विशेष रूप से धान और गन्ने की फसल को इसका सीधा फायदा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, पशुओं के लिए बोए गए हरे चारे की फसल के लिए भी यह वर्षा वरदान है। किसानों को अब डीजल पंपसेट चलाकर सिंचाई करने की आवश्यकता कम हो गई है, जिससे उनकी लागत में कमी आएगी। गुरुवार दोपहर शुरू हुई बारिश के बाद शहर की सड़कों पर भी मौसम का असर साफ दिखाई दिया। गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। ई-रिक्शा चालकों ने बताया कि तेज धूप और उमस के कारण वाहन चलाना मुश्किल हो रहा था, लेकिन बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है और यात्रियों को भी सफर में आराम मिल रहा है। मौसम में आए इस बदलाव से किसानों के साथ-साथ आमजन के चेहरों पर भी खुशी है।



बारिश से होकर गुजरते लोग। –जागरण मोर्चा

### एक नजर

## बीमारी के कारण हुई थी रामकली की मौत

### पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**खुदागंज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत के मामले में पीएम रिपोर्ट आने के बाद बीमारी से मौत का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि बुधवार को क्षेत्र के ग्राम सैदूपुर निवासी रामकृष्ण पुत्र हेतराम ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया था कि उनकी माता रामकली की मौत संदिग्ध अवस्था में हुई थी। जहां उन्होंने अपने छोटे भाई पर हत्या का आरोप लगाया था। गुरुवार को पीएम रिपोर्ट आने के बाद बीमारी के कारण महिला की मौत होने की पुष्टि हुई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि माइक्रो साइटिकल इन्फेक्शन नामक बीमारी के कारण मौत हुई है। हत्या का आरोप निराधार है।



मृतक रामकली।

# मोरपंखी से तैयार होगी महाप्रभु गणेश की झांकी

## मेला गणेश चौथ : विधि विधान से आरंभ किया गया महाप्रभु गणेश की झांकी का श्रृंगार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ पर 14 सितंबर को महाप्रभु गणेश की स्वचालित रथ यात्रा निकाली जाएगी इसी उपलक्ष्य में महाप्रभु गणेश का श्रृंगार कार्य का शुभारंभ विधि विधान से किया गया। मेला गणेश चौथ के 66वें वार्षिक आयोजन के अंतर्गत निकलने वाली भव्य रथयात्रा के मुख्य आकर्षण महाप्रभु गणेश जी के दिव्य श्रृंगार कार्य का शुभारंभ विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ।

यह शुभारंभ श्री गणेश मेला परिषद के सभी पदाधिकारियों एवं झांकी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में रथयात्रा संचालक ललित किशोर गुप्ता के मार्गदर्शन तथा झांकी निर्देशक अजय आर्य के नेतृत्व में 28 सदस्यीय टोली द्वारा किया गया। इस वर्ष महाप्रभु गणेश जी के श्रृंगार का विशेष थीम "मोरपंखी" निर्धारित किया गया है। इस श्रृंगार से संबंधित सामग्री को दिल्ली एवं कोलकाता के कारीगरों से विशेष आर्डर पर तैयार करवा कर मंगवाया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसी थीम के अनुरूप इस वर्ष गणेश ग्रुप का नाम "महाप्रभु मयूर गणेश" रखा गया है। श्रृंगार कार्य पूर्ण होने के उपरांत महाप्रभु गणेश जी अपने दिव्य एवं भव्य स्वरूप में रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुजनों को दर्शन देंगे, जिससे सम्पूर्ण नगर में भक्तिमय वातावरण का संचार होगा। मेला प्रबंधक मनोज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष गणेश चौथ महोत्सव को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर विशेष तैयारियां की गई हैं। "मोरपंखी" थीम पर आधारित महाप्रभु गणेश का दिव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत एवं अविस्मरणीय अनुभव लेकर आएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वह रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इस पावन अवसर का पुण्य लाभ अर्जित करें तथा आयोजन की गरिमा को और अधिक बढ़ाएं। मेला मीडिया प्रभारी शुभम अग्रवाल ने कहा कि मेला गणेश चौथ केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि चन्दौसी की आस्था, परंपरा, सामाजिक सौहार्द एवं एकता का जीवंत उदाहरण है। "मोरपंखी" थीम पर आधारित इस वर्ष का श्रृंगार एवं रथयात्रा श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने के साथ-साथ नगर की सांस्कृतिक गरिमा को भी नई पहचान देगा। इस दौरान गणेश ग्रुप से मोहन लाल रस्तोगी, सुशील अग्रवाल, राजीव कृष्णा, ज्ञानेंद्र वार्ष्णेय, आशुतोष वार्ष्णेय, नवीन वार्ष्णेय, पवन अग्रवाल, राजीव कश्यप, विनीत, विक्की चौधरी, अंकुर अपोलो, मयंक रस्तोगी, आयुष शंखधार, शुभम अग्रवाल, सोनू प्रजापति, प्रमिल भारद्वाज, जितेंद्र वार्ष्णेय, अरविन्द अग्रवाल, मुदित गर्ग, यश अग्रवाल, मित्रक्ष वार्ष्णेय, देवांशु गुप्ता, तुषार वार्ष्णेय, हार्दिक गुप्ता, मोहन अग्रवाल आदि गणेशभक्त उपस्थित रहे।



चंदौसी मे महाप्रभु गणेश की झांकी तैयार करते कलाकार। -जागरण मोर्चा

# मृतक के परिजनों को मिलेगी चार लाख की आर्थिक सहायता

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ 5 अगस्त को तालाब में डूबने से हुई थी युवक की मौत

**चंदौसी।** जनपद सम्भल में तालाब में डूबने से हुई एक युवक की मौत के बाद जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने पीड़ित परिवार को शासन की निर्धारित व्यवस्था के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

तहसील सम्भल क्षेत्र के ग्राम रजाकपुर निवासी रंजीत पुत्र रामरतन सिंह (38 वर्ष) की 5 अगस्त को तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। घटना के उपरांत पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई नियमानुसार संपन्न कराई गई। उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित राज्य आपदा मोचक निधि, तथा राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मृतक के आश्रित परिवार को चार लाख रुपये की अनुग्रह सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी की स्वीकृति उपरांत मृतक की पत्नी पूनम के पक्ष में 4 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है तथा राहत राशि के भुगतान की आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप आपदा से प्रभावित परिवारों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार को तत्काल राहत मिल सके।

# प्रोबेशन अधिकारी पर वित्तीय अनियमितता के आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ संभल से हटकर महिला कल्याण निदेशालय किया संबद्ध

**चंदौसी।** जिलाधिकारी द्वारा प्रेषित आख्या के आधार पर उत्तर प्रदेश शासन के महिला कल्याण अनुभाग-1 की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण के विरुद्ध प्रथम दृष्टया गंभीर वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितताएं पाए जाने पर उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अंतर्गत विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निदेशालय महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से संबद्ध कर दिया है।

शासनादेश के अनुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी पर जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय एवं अनुबंध प्रक्रिया में अनियमितताएं बरतने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बेबी किट क्रय, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत लैपटॉप क्रय, मिशन वात्सल्य, चाइल्ड हेल्पलाइन, राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, वन स्टॉप सेंटर सहित अन्य योजनाओं के संचालन में गंभीर वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितताएं किए जाने के आरोप हैं। इसके अतिरिक्त जांच के दौरान शासकीय अभिलेख उपलब्ध न कराना, जांच में अपेक्षित सहयोग न देना, आवश्यक अभिलेखों का समुचित संधारण न करना, शासकीय धन के




दुरुपयोग, उच्चाधिकारियों के आदेशों एवं निर्देशों की अवहेलना, अधीनस्थ कार्यों का शिथिल पर्यवेक्षण तथा अपने पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने जैसे आरोप भी शासनादेश में उल्लेख हैं। उक्त आरोपों के संबंध में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के आधार पर शासन ने संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही प्रारंभ करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निदेशालय महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से संबद्ध करने के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि शासन द्वारा जारी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, जवाबदेही एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। शासन की योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की वित्तीय अथवा प्रक्रियागत अनियमितता, लापरवाही या शासन के निर्देशों की अवहेलना किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जनहित एवं शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

## किसान समय से कराएं फसल बीमा

**चंदौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को यथावत लागू कर दिया है।

उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खरीफ 2026 सीजन के तहत धान, मक्का, बाजरा और उर्द फसलों का बीमा कराने के लिए ऋणी किसानों हेतु अंतिम तिथि 31 अगस्त और गैर ऋणी किसानों के लिए 14 अगस्त तय की गई है। आपदा से नुकसान की स्थिति में बीमित किसान 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447, बीमा कंपनी (इफको टोकियो), संबंधित बैंक या जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# नशे से दूर रहने का किया आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** चंदौसी एसएम कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बाजार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गुरुवार को महाविद्यालय में संपन्न हुए कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दानवीर सिंह यादव ने छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को नशे के दुष्परिणामों, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों तथा नशा मुक्त जीवन के महत्व से अवगत कराया गया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। इसके उपरांत नशा मुक्ति विषय पर आधारित एक प्रेरणादायक संक्षिप्त चलचित्र का प्रदर्शन



एसएम कॉलेज में गोष्ठी के आयोजन पर विद्यार्थियों को जानकारी देते शिक्षक।

▸ एसएम कॉलेज में हुआ गोष्ठी का आयोजन

किया गया, जिसने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने "नशा मुक्त भारत" के निर्माण को स्वयं नशे से दूर रहने तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ विशेष कुमार पांडे, डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ सूरज शर्मा, डॉ. सुनील कुमार गुप्ता, डॉ. अनुराधा, महेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा।

# सीएमओ ने बांटी पोषण पोटली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में टीबी रोगियों के पोषण एवं उपचार सहयोग को पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने 10 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज विश्नोई एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सन्तोष कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि टीबी के उपचार के साथ पौष्टिक एवं संतुलित आहार भी उतना ही आवश्यक है। नियमित दवा एवं उचित पोषण से टीबी का पूर्ण उपचार संभव है। उन्होंने मरीजों से उपचार बीच में न छोड़ने तथा



टीवी रोगियों को पोषण पोटली वितरण करते सीएमओ। -जागरण मोर्चा

▸ सीएमओ कार्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने का आग्रह किया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि समय पर जांच, नियमित उपचार एवं जनसहभागिता से टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से टीबी के लक्षण दिखाई देने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच कराने की अपील की। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि टीबी मरीजों के लिए पोषण उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। निक्षय पोषण योजना एवं सामुदायिक सहयोग से मरीजों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने सभी मरीजों से नियमित दवा लेने, फॉलोअप में आने तथा उपचार पूरा करने का आग्रह किया।

## सीएमओ ने प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** होटल अन्नपूर्णा में उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) के प्रभावी प्रबंधन एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण और समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जनपद में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान करना और मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. तरुण पाठक ने बताया कि बैठक में उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान, समय पर पंजीकरण, नियमित फॉलो-अप, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की क्षमता बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. श्रावंती, डॉ. संतोष, काशी दोनेपुडी और डॉ. दीपिका अस्थाना द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों ने आपसी समन्वय से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।समापन पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला कार्यक्रम प्रबन्धक ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरवेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर, मुकेश शर्मा, मनु तेवतिया, प्रगति शर्मा, गुंजन सक्सेना, राजकुमार सहित समस्त चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ नर्स उपस्थित रहे।

# गणेशपुर में समस्याओं पर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** के विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव गणेशपुर में गंदगी, जलभराव व जर्जर सड़कों को लेकर ग्रामीण परेशान है। उन्होंने इसको लेकर प्रदर्शन किया और समस्या के समाधान की मांग की।

गांव गणेशपुर के ग्रामीण जलभराव, गंदगी और टूटी सड़कों की समस्या को लेकर परेशान हैं। इन समस्या के कारण लोगों का निकलना दूभर बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले पांच वर्षों से गांव में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। सड़कों पर पानी भरा रहता है, जगह-जगह गंदगी फैली है, और बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत के बावजूद अब



चंदौसी के गांव गणेशपुर में समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। सड़कों और नालों पर बने रैंप पिछले पांच वर्षों से टूटे हुए हैं। समस्याओं का समाधान न होने के कारण ग्रामीणों में काफी गुस्सा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क निर्माण, जल निकासी की उचित व्यवस्था और नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में पुष्पेंद्र यादव, शिवओम यादव, नेकपाल यादव, लालाराम, संजय यादव, गौरव यादव, राकेश, हरि सिंह, राजेश, चंद्रकेश, धर्मेंद्र, डीपी यादव और सुमित सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत सचिव सिद्धार्थ पराशर ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।



चंदौसी के बहजोई रोड से बूंदा-बांदी से होकर गुज़रते वाहन। -जागरण मोर्चा

# बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी और उमस से मिली राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** बृहस्पतिवार दोपहर को हल्की बूंदाबांदी से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को उमस व गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हालांकि, कुछ ही देर बाद धूप निकल आई।

इसके बाद पूरे दिन आसमान में कभी धूप तो कभी बादल छाए रहे। मौसम के इस बदलते मिजाज के बावजूद उमस कम नहीं हुई और लोग गर्मी से परेशान रहे। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक जिले में हल्की बूंदाबांदी या छिटपुट बारिश की संभावना बनी हुई है। यदि पूर्वानुमान सही रहा तो लंबे समय से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिल सकती है।

## तीन आरोपियों पर हुआ हत्या का दोष सिद्ध

**चंदौसी।** संभल कोतवाली क्षेत्र में वर्ष 2021 में हुई युवक की हत्या के मामले में न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। दोषियों को शुक्रवार (आज) सजा सुनाई जाएगी। वादी अकील अहमद के अनुसार, उनका भाई रेहान होटल पर रोटी बनाता था। 30 जुलाई 2021 को आरोपी सलीम, सलमान और जावेद ने जल्दी रोटी मांगी। रेहान द्वारा समय लगने की बात कहने पर आरोपियों ने चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। अपर एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की अदालत में चली सुनवाई के बाद गुरुवार को तीनों को दोषी माना गया। पीड़ित पक्ष की ओर से एडीजीसी हरिओम प्रताप सैनी और हरीश सैनी ने पैरवी की।

# अनाथ बच्चों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के डीएम ने दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त एक शिकायत का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अनाथ बच्चों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने तथा उन्हें शासन द्वारा संचालित समस्त पात्र जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए हैं।

जनसुनवाई के दौरान विकासखण्ड बनियाखेड़ा के ग्राम मल्लपुर भवानी निवासी यशपाल पुत्र चंदन ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि उनके बड़े भाई धर्मपाल पुत्र चंदन का लगभग आठ माह पूर्व निधन हो गया था। इससे पूर्व बच्चों की माता का भी निधन हो चुका था। फलस्वरूप धर्मपाल के दोनों बच्चे तुलसी एवं रिंकू माता-पिता के निधन के कारण अनाथ हो गए हैं। प्रार्थना पत्र में बच्चों के पालन-पोषण, उनके हिस्से की कृषि भूमि तथा अन्य अधिकारों से संबंधित समस्याओं का उल्लेख किया गया था। जिलाधिकारी ने मामले को संवेदनशील मानते हुए संबंधित राजस्व एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरण की निष्पक्ष, समयबद्ध एवं नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों के वैधानिक अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रह सकें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि जांच में दोनों बच्चे शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्र पाए जाते हैं, तो उन्हें तत्काल योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, भरण-पोषण एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में भी समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित एवं सशक्त बन सके। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि जनपद प्रशासन प्रत्येक जरूरतमंद, असहाय एवं निराश्रित नागरिक के हितों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से अनाथ एवं निराश्रित बच्चों से जुड़े मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा पात्र बच्चों को शासन की सभी अनुमन्य योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# मन को बस में करने को करें भगवान की भक्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गीता सत्संग भवन में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कथा सुन रहे हैं। गुरुवार को कथाव्यास प्रशान्त कुमार मिश्र ने पृथु चरित्र, भरत चरित्र, अजामिलोपाख्यान, वृत्रासुर के पूर्व चरित्र तथा भक्त प्रह्लाद की कथा का वर्णन किया। कथाव्यास ने कहा कि राजा केवल शासन करने वाला नहीं, अपितु धर्म का संरक्षक होता है। जिस राज्य में धर्म, यज्ञ, सत्संग एवं लोकमंगल के कार्य संपन्न होते हैं, वहाँ का शासक उन समस्त पुण्य कर्मों का षष्ठांश प्राप्त करता है। इसके विपरीत जो शासक धर्मविरोधी होता है, वह अपनी प्रजा के पापों का भागी बनकर अंततः दुःखद गति को प्राप्त होता है। अतः शासन का वास्तविक उद्देश्य धर्म और लोककल्याण की स्थापना होना चाहिए। भरत चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि तत्त्वज्ञान की प्राप्ति है। मन यदि भगवान और सद्गुरु की शरण में संयमित हो जाए तो वही मोक्ष का साधन बन जाता है, किन्तु यदि मनुष्य मन का दास बन जाए तो उसका उद्धार अत्यंत कठिन हो जाता है। मन को वश में करने का सरल उपाय भगवान श्रीहरि के चरणों की उपासना तथा सद्गुरु के प्रति अखंड समर्पण है। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम की महिमा अनंत है। इस अवसर पर मुख्य यजमान दिवाकर पाठक, यथार्थ कृष्ण पाठक, अनुपम शर्मा, मनोज कुमार, सत्यवीर सिंह, सुधांशु उपाध्याय, हर्ष शर्मा, रविंद्र शर्मा, नेत्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



## गीता सार

समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः।
सम्प्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन् ॥
प्रशांतात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः।
मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः ॥

**भावार्थ** : योग के अभ्यास के लिए मनुष्य को अपने शरीर, गर्दन तथा सिर को अचल और स्थिर रखकर, नासिका के आगे के सिरे पर दृष्टि स्थित करके, इधर-उधर अन्य दिशाओं को न देखता हुआ, बिना किसी भय से, इन्द्रिय विषयों से मुक्त ब्रह्मचर्य व्रत में स्थित, मन को भली-भांति शांत करके, मुझे अपना लक्ष्य बनाकर और मेरे ही आश्रय होकर, अपने मन को मुझमें स्थिर करके, मनुष्य को अपने हृदय में मेरा ही चिंतन करना चाहिए।

# संकट में पाकिस्तान

पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर जल रहा है। हंगामा-प्रदर्शनों के बीच वहां विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। इस बीच लोगों का गुस्सा पाकिस्तान के लिए संभालना मुश्किल होता जा रहा है। दरअसल, पाकिस्तान इसे कहता तो आजाद कश्मीर है, मगर इस पर हुक्म अपना चलाता है। यहां का संविधान, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट और झंडा सब अलग है। फिर भी यहां के अहम फैसलों में पाकिस्तान की सरकार हस्तक्षेप करती है। यही वजह है कि पीओके में महंगाई के खिलाफ शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन अब एक बड़े राजनीतिक आंदोलन में बदल गया है। प्रदर्शन को लीड कर रही ज्वाइंट आवामी एक्शन कमेटी का कहना है कि उनकी मांग बस इतनी सी है कि यहां रह रहे लोगों को अपने फैसले लेने का अधिकार खुद मिले। ऐसे में सवाल ये है कि जब पीओके के पास अपना संवैधानिक ढांचा है तो आखिर पाकिस्तान क्यों वहां की सरकार चलाता है। भारत और पाकिस्तान के बीच मुख्य मसला कश्मीर का है। 1947 में भारत के दो टुकड़े होने के बाद तक जम्मू-कश्मीर अलग रियासत थी, जिस पर महाराजा हरिसिंह का शासन था। बंटवारे के बाद पाकिस्तान ने इस रिसायत पर हमला बोल दिया। भारत ने जब तक हालात संभाले, तब तक कश्मीर के कुछ हिस्से पर पाकिस्तान कब्जा कर चुका था। इसीलिए भारत इसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहता है, जबकि पाकिस्तान इसे आजाद कश्मीर मानता है। यहां की अलग संवैधानिक व्यवस्था की यही वजह है। दरअसल, पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर को विवादित क्षेत्र में रूप में दिखाता है। अगर वह पीओके को औपचारिक रूप से सिंध या पंजाब की तरह देश का एक प्रांत बना देता है तो यूएन में कश्मीर के पक्ष में उसके तर्क कमजोर पड़ सकते हैं। पाकिस्तान ने आजाद कश्मीर में शासन के लिए एक ढांचा बनाया है, लेकिन इसे पाकिस्तान से अलग नहीं रखा है। पीओके का अलग राष्ट्रपति है, प्रधानमंत्री है, अलग विधानसभा है, उच्च न्यायालय ओर सुप्रीम कोर्ट भी अलग हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों को बेहतर व्यवस्थाएं मिल सकें। हालांकि इसे पूरी छूट नहीं दी गई। खास तौर से रक्षा, विदेश नीति, मुद्रा, दूरसंचार जैसे कई महत्वपूर्ण मामलों पर अंतिम फैसला पाकिस्तान के पास ही रहता है। 2018 में पाकिस्तान ने पीओके की सरकार पर कंट्रोल करने के लिए आजाद जम्मू एंड कश्मीर गवर्नमेंस फ्रेमवर्क लागू किया था, जिसमें पीओके पर पाकिस्तान की भूमिका को और मजबूत किया गया। इससे पीओके की स्थानीय सरकार की आजादी और सीमित हो गई। पीओके का अपना झंडा है, लेकिन ये अलग नहीं लगाया जाता। पीओके के सरकारी संस्थानों या जहां पर ये झंडा लगाया जाता है, उसके साथ पाकिस्तान का झंडा भी फहराया जाता है। अलग झंडे का उद्देश्य यह दिखाना था कि यह क्षेत्र एक विशेष राजनीतिक दर्जा रखता है और सामान्य पाकिस्तानी प्रांतों जैसा नहीं है।



## नहीं चलती 'डबल मीनिंग' शब्दों की तोप

# सैयां भये कोतवाल





**लोकमित्र गौतम**

> गुजरे 3 अगस्त को तमिलनाडु के तंजावुर में डीएमके नेता और विधानसभा में लीडर ऑफ अपोजिशन उदयनिधि स्टालिन, कावेरी जल विवाद को लेकर एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। लेकिन जैसे ही उन्होंने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय पर निशाना साधा और कावेरी के पानी के मुद्दे पर उनकी निष्क्रियता को लेकर आलोचना की, उसी दौरान रैली में मौजूद कुछ लोग अभिनेत्री तृषा कृष्णन के नाम के नारे लगाने शुरु कर दिए, जो कि मुख्यमंत्री थलापति विजय (सी.जोसेफ) की करीबी मानी जाती हैं। भीड़ से तृषा का नाम सुनकर उदयनिधि स्टालिन कुछ क्षणों के लिए रुके और फिर व्यंग्यभरी मुस्कुराहट के साथ कहा, 'पानी यहां पहुंचे या न पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचना चाहिए'। जब इस पर भीड़ ने जोर से हंसना और उन्हें हूट करना शुरु कर दिया, तो उन्होंने तुरंत बात को संभालते हुए कहा, 'नहीं, मैं केवल कावेरी नदी की बात कर रहा था'।

**इमेज**

लेकिन कुछ ही घंटों में जब उदयनिधि स्टालिन की यह अश्लील टिप्पणी सोशल मीडिया में ट्रेंड करने लगी, तो दक्षिण भारत की कई प्रसिद्ध महिलाओं जिनमें अभिनेत्री खुश्बू सुंदर और गायिका चिन्मई श्रीपदा शामिल थीं, इस अश्लील टिप्पणी की जबर्दस्त भर्त्सना की और उसे अपमानजनक बताया। साथ ही टीवीके ने इस मामले में पुलिस और राष्ट्रीय महिला आयोग से शिकायत दर्ज कराई। टीवीके की तंजावुर केंद्रीय जिला महिला विंग की संयोजक एस. बैरवी ने तंजावुर (पूर्व) पुलिस थाने में उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। साथ ही वो इस मामले को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग भी गईं और सख्त कार्यवाई की मांग की। इस पर आनन-फानन में कार्यवाई करते हुए तमिलनाडु पुलिस उदयनिधि स्टालिन को उठा ले गई और उन पर नौ धाराएं लगाई। शायद यह पहला ऐसा मामला है, जब किसी महिला पर अश्लील टिप्पणी को लेकर आनन-फानन में पुलिस द्वारा इतने सख्त कार्यवाई की गई, जिसके पीछे देश की कई महत्वपूर्ण महिलाओं का एकजुट होकर डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की गई आलोचना थी। वास्तव में गायिका और अभिनेत्री चिन्मई श्रीपदा तथा अभिनेत्री खुश्बू सुंदर ने जिस तरह स्टालिन की इस टिप्पणी के आते ही सोशल मीडिया में उन्हें लताड़ लगाई, उसके कारण देखते ही देखते दक्षिण से लेकर उत्तर भारत तक की कई अभिनेत्रियां और दूसरी महत्वपूर्ण महिलाओं ने, जिनमें सांसद कंगना रनौत भी शामिल थीं, स्टालिन के इस कृत्य के विरुद्ध एकजुट हो गईं। इस कारण न सिर्फ तमिलनाडु पुलिस ने आनन-फानन में उदयनिधि स्टालिन को गिरफ्तार किया बल्कि उनके खिलाफ नौ धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 यानी विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य फैलाना, बीएनएस की धारा 192 यानी दंगा भड़काने के लिए उकसाना, बीएनएस की धारा 352 यानी शांति भंग कराने की मंशा से जानबूझकर अपमान करना, बीएनएस की धारा 79 यानी किसी महिला की लज्जा/मर्यादा का अपमान करना, बीएनएस की धारा 296(बी) यानी सार्वजनिक स्थान पर अश्लील शब्दों का प्रयोग करना, बीएनएस की धारा 61 यानी आपराधिक साजिश करना, बीएनएस की धारा 351(2) यानी आपराधिक धमकी, तमिलनाडु प्रोहिबिशन ऑफ हैरेसमेंट ऑफ वुमन (अमेंडमेंट) एक्ट, 2002 की धारा 4 यानी उत्पीड़न से संबंधित प्रावधान और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67 यानी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कथित आपत्तिजनक/अश्लील सामग्री का प्रकाशन या प्रसारण। तमिलनाडु की पुलिस ने विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन को न सिर्फ इन धाराओं के साथ आनन-फानन में गिरफ्तार किया बल्कि उनसे 8 घंटे तक पूछताछ की, इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। छूटने के बाद स्टालिन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनके साथ आतंकवादी जैसा सुलूक किया गया। जबकि उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि मुख्यमंत्री विजय, मुख्यमंत्री की तरह बल्कि रील बनाने वाले की तरह व्यवहार कर रहे हैं। एमके स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष को दबाने के लिए पुलिस तथा कानून का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन डीएमके इससे डरने वाली नहीं है। कुल मिलाकर एमके स्टालिन ने अपने बेटे की गिरफ्तारी को कानूनी कार्यवाई नहीं बल्कि राजनीतिक बदले की कार्यवाई माना है। लेकिन सवाल है इस पूरे विवाद को क्या महज बदले की सियासी कार्यवाई के रूप में देखा जाए या फिर माना जाए कि तमिलनाडु की मौजूदा सरकार किसी महिला के विरुद्ध अश्लील हरकत को लेकर एक उचित और संवेदनशील रवैय्या दिखाया है? निश्चित रूप से चाहे दक्षिण भारतीय सिनेमा की अभिनेत्रियां हों या बॉलीवुड, सबने एक सुर से इस अश्लील टिप्पणी के विरुद्ध तमिलनाडु पुलिस द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री को 8 घंटे तक हिरासत में रखे जाने को संकेत के रूप में एक सही कार्यवाई माना है ताकि राजनेता महिलाओं के प्रति कुछ भी बोलने से पहले सोचें। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि किसी महिला के बारे में सार्वजनिक मंच से किसी भी तरह की टिप्पणी कर दी जाए। खास करके एक लोकप्रिय अभिनेत्री को लेकर की गई इस तरह अशोभनीय और यौन संकेतों वाली अपमानजनक टिप्पणी तो कानून ही नहीं, लोकतंत्र की भी धज्जियां उड़ाने वाली है। यदि कानून को प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हुआ कि कोई अपराध बनता है, तो इस बारे में न तो एफआईआर और न ही कई घंटों तक की गिरफ्तारी अनुचित है। भले ही पूर्व मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री अब इसे लेकर अपने विरुद्ध किया गया पुलिसिया शोषण बता रहे हों। भारतीय संविधान में महिलाओं को समान गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। इसलिए भारतीय न्याय संहिता महिलाओं की मर्यादा का अपमान करने, अश्लील टिप्पणी करने और उत्पीड़न से संबंधित अनेक प्रावधान बनाए हैं। यदि कोई आम व्यक्ति ऐसी टिप्पणी करता और पुलिस उसके खिलाफ कार्यवाई करती, तो कोई भी व्यक्ति कुछ भी नहीं बोलता बल्कि लोग इसे पुलिस का सही कदम मानते। चूंकि अभद्र टिप्पणी पूर्व उपमुख्यमंत्री द्वारा की गई है, जिसकी पार्टी का तमिलनाडु की राजनीति में हारने के बाद भी व्यापक प्रभाव है, इसलिए लोग दो धड़ों में बंट गए हैं।



## श्रीरामचरितमानस

सतीं हृदयं अनुमान किय सबु जानेउ सर्बग्य।
कीन्ह कपटु मैं संभु सन नारि सहज जड़ अग्य॥

**भावार्थ** : सतीजी ने हृदय में अनुमान किया कि सर्वज्ञ शिवजी सब जान गए। मैंने शिवजी से कपट किया, स्त्री स्वभाव से ही मूर्ख और बेसमझ होती है॥

## मौसम में मंत्रमुग्ध कर देते

# उत्तर से लेकर दक्षिण तक के ये झरने

**समीर चौधरी**

कुछ दिन पहले मैं वाराणसी में था, अपने किसी काम की वजह से। तभी मुझे एक दोस्त ने बताया कि मिर्जापुर जिले के दो वाटरफाल्स यानी झरनों को एक बार फिर सैलानियों के लिए खोल दिया गया है। दोनों झरने लखनिया दरी और सिद्धनाथ की दरी हैं, तो उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में, लेकिन वाराणसी की सीमा पर स्थित हैं। मैंने सोचा कि पास में हैं तो क्यों न इनकी सैर कर ली जाए। यह इच्छा इसलिए भी प्रबल हुई क्योंकि मैंने पहले इन झरनों के दीदार नहीं किये थे। मैं एक और पर्यटन स्थल को अपनी डायरी में जोड़ना चाहता था। मिर्जापुर के ये दोनों वाटरफॉल्स खासे विख्यात हैं और इनके बारे में मैं पहले भी सुन चुका था, लेकिन कभी जाने का इत्तेफाक नहीं हुआ था, बावजूद इसके कि वाराणसी अनेक बार जाने का अवसर मिला और मिर्जापुर से बहुत बार गुजरा। फिर सुनने में यह आया कि सुरक्षा कारणों को मद्देनजर रखते हुए इन दोनों झरनों को सैलानियों के लिए बंद कर दिया गया है। दरअसल, लखनिया दरी में स्थित चुना दरी बहुत खतरनाक है। चुना दरी में डूबने से अनेक सैलानियों की मौत हो गई थी। सत्तेशगढ़ में स्थित सिद्धनाथ की दरी को भी सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया था। यह झरने लगभग 4 माह तक सैलानियों के लिए बंद कर दिए गये थे। इस बीच सुरक्षा के इंतजाम



कड़े किए गए और अब स्थानीय प्रशासन को विश्वास है कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत है, कहीं कोई चूक की गुंजाइश नहीं है, इसलिए झरनों को फिर से सैलानियों के लिए खोल दिया गया है। मानसून की खुशनुमा सुबह को जब मैं लखनिया दरी पहुंचा तो लगभग 100 फीट की ऊंचाई से गिरते पानी की कल-कल को सुनते और पहाड़ियों पर हरियाली का खूबसूरत नजारा देखते ही मुझे इस प्रश्न का जवाब मिल गया कि यह वाटरफॉल विश्व प्रसिद्ध क्यों है और प्रकृति प्रेमी व पर्यटक यहां दूरदराज से क्यों आते हैं। हालांकि मैं बहुत सवेरे ही इस झरने पर पहुंच गया था, लेकिन मुझे देखकर यह आश्चर्य हुआ कि वहां पहले से ही काफी सैलानी मौजूद थे। मुझे लगा कि ज्यादातर लोग मिर्जापुर व वाराणसी से ही अपने अपने परिवारों के साथ पिकनिक मनाए आए होंगे, क्योंकि उस दिन छुट्टी का भी दिन था, लेकिन वहां विदेशी भी बड़ी तादाद में थे और खूबसूरत वादियों के बीच जल क्रीड़ा का आनंद लेने में लगे हुए थे। स्थानीय पर्यटक बाटी-चोखा बनाते हुए पिकनिक का आनंद ले रहे थे।

## तिथि विशेष

### संजय दत्त

हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता संजय दत्त का जन्म 6 अगस्त 1959 को मुंबई में हुआ। वे फिल्म अभिनेता और सांसद रहे सुनील दत्त तथा प्रसिद्ध अभिनेत्री नरगिस दत्त के बेटे हैं। फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद संजय दत्त का जीवन और फिल्मी सफर आसान नहीं रहा। उन्होंने अपने करियर में सफलता, लोकप्रियता, निजी संघर्ष और मुश्किल दौर सबका सामना किया। संजय दत्त ने वर्ष 1981 में फिल्म 'रॉकी' से बॉलीवुड में कदम रखा। पहली ही फिल्म से उन्होंने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और आगे चलकर हिंदी सिनेमा में अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी दमदार आवाज, प्रभावशाली व्यक्तित्व और अभिनय शैली ने उन्हें खास तौर पर एक्शन और गंभीर भूमिकाओं के लिए लोकप्रिय बनाया। 'नाम', 'साजन', 'खलनायक', 'वास्तव', 'मुन्नाभाई एमबीबीएस', 'लगे रहो मुन्नाभाई' और 'अग्निपथ' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। संजय दत्त के करियर में फिल्म 'खलनायक' एक महत्वपूर्ण पड़ाव रही। वहीं 'वास्तव' में रघु का किरदार उनके करियर की यादगार भूमिकाओं में गिना जाता है। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार भी मिला। इसके बाद 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में मुन्नाभाई के किरदार ने उनकी छवि को एक नया आयाम दिया। संजय दत्त ने इस भूमिका में हास्य, भावनाओं और मानवीय संवेदनाओं का ऐसा मेल प्रस्तुत किया कि यह किरदार हिंदी सिनेमा के यादगार पात्रों में शामिल हो गया। उनका निजी जीवन भी लंबे समय तक चर्चा में रहा। विभिन्न विवादों और कानूनी मुश्किलों के बीच उन्होंने अपने जीवन में कई कठिन दौर देखे। इसके बावजूद उन्होंने फिल्मों में वापसी की और लगातार काम करते रहे।



## तीज, श्रृंगार और सखियां

# सावन में आधी दुनिया की हरी-भरी खुशियां

**वीना गौतम**

> सावन के महीने का महिलाओं से गहरा संबंध है। सावन आते ही उनके हाथों में मेहंदी और होंठों से कजरी गीत फुट पड़ते हैं। सावन वह महीना होता है, जब महिलाएं घर परिवार की जिम्मेदारियों के बीच अपने लिए भी कुछ समय निकालती हैं। वे अपनी सखियों से मिलती हैं, सामूहिक रूप से टोलियां बनाकर गीत गाती हैं और लोक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाती हैं। देश के लगभग हर क्षेत्र में सावन के महीने का रीति-रिवाजों से गहरा नाता है। जब धरती हरियाली की चादर ओढ़ती है, तो मानो स्त्री को भी अपनी ताल से ताल मिलाने के लिए हरी चूड़ियां और मेहंदी रचाने के लिए प्रेरित करती है। वास्तव में यह हरापन सावन के उल्लास का सबसे जीवंत हिस्सा होता है। सावन में यूं तो बहुत सारे त्योहार होती है और उनमें हर एक का रिश्ता विशेष रूप से स्त्रियों से होता है।

**इमेज**

लेकिन तीज जिसे सावनी तीज भी कहते हैं, उसका रिश्ता तो विशेष रूप से महिलाओं से ही होता है। राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब और अन्य अनेक राज्यों में तीज का त्योहार केवल एक धार्मिक अनुष्ठान के रूप में नहीं मनाया जाता बल्कि आधी दुनिया के सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में भी इसे देखते हैं। विवाहित महिलाएं तीज में अपने परिवार के सुख की कामना करती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां अपने लिए अच्छे जीवनसाथी की इच्छा करती हैं। तीज का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यही है कि वो महिलाओं को सामाजिक मेल-मिलाप का मौका देती है। तीज के अवसर पर विवाहित महिलाएं अपने मायके आती हैं और विवाह पूर्व की अपनी सखियों से गले मिलती हैं। उनके साथ झूला झूलती हैं, गीत गाती हैं और सामूहिक उत्सव के धमाल में शामिल होती हैं, जिससे उनका फिर से एक बार विवाह पूर्व का बेफिक्र जीवन जिंदा हो जाता है। वास्तव में तीज का त्योहार महिलाओं का सबसे पसंदीदा त्योहार है। इसकी बदौलत वह हर साल एक बार अपने विवाह पूर्व का बेफिक्र अलहड़ जीवन जी पाती हैं और इस तरह अपने जीवन में भावनात्मक संतुलन बनाती हैं। सावन में भारतीय महिलाओं के लिए उनका मायका उनके लिए केवल एक और जगहभर नहीं होती बल्कि शादी के बाद भी उनके जीवन का सुरक्षित और भावनात्मक कोना होता है। शायद इसी संवेदनशील



सोच को ध्यान में रखकर सावन के महीने में ब्याहता बेटियों को घर बुलाने की अनिवार्य परंपरा बनाई गई है ताकि उन्हें यह न लगे कि शादी के बाद मायके में उनकी कोई पूछ ही नहीं रह गई या अगर उनके जीवन में कुछ नकारात्मक घटता है, तो मायके किसी तरह का आसरा नहीं मिलेगा। आज की इस व्यस्त जीवनशैली में तो ब्याहता महिलाओं का अपने मायके आना और भी भावुक बनाता है। क्योंकि इस तेज रफ्तार जिंदगी में सावन में मायके आने और फिर से बचपन के दिन जीने के मौके का मिलना एक तरह से रोजमर्रा की जिंदगी के तनावों से मुक्त होना होता है। सावन के महीने में जब महिलाएं अपने घर आती हैं तो अपनी सखियों से तो मिलती ही हैं। आपस में भाई-बहनों के साथ भी वे एक तरह उनका सालाना पुनर्मिलन होता है। तीज में महिलाओं के घर आने की इतनी ज्यादा महत्ता है कि लगभग सभी सावनी गीतों में महिलाओं का अपनी मां के यहां आना अनिवार्य विषय होता है। सावन का श्रृंगार भी आधी दुनिया की सुंदर अभिव्यक्ति है। हाथों में मेहंदी, पैरों में महावर, हरी-हरी चूड़ियां, लहरिया या बंधेज की साड़ियां, फूलों के गजरे और पारंपरिक आभूषण भारतीय लोक सौंदर्य की पहचान हैं। हरा रंग हरियाली और नई ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, इसलिए सावन में इसका खास महत्व है। लोकनृत्य और सामूहिक गायन भी सावन की सुंदर विशेषताओं में शामिल है। शहरों में भी महिलाएं तीज में सामूहिक रूप से सावन के गीत गाती हैं। सबसे बड़ी बात यह होती है कि सावन के आयोजनों में उम्र का कोई बंधन नहीं होता। बुजुर्ग महिलाएं भी न केवल गीत-संगीत में हिस्सेदार बनती हैं बल्कि मायके आकर अपनी सहेलियों से मिलने और खुशी के कुछ दिन बिताने की एक ऐसी लकीर छोड़ती हैं, जिस लकीर को पीढ़ी दर पीढ़ी अपनाया जाता है। चूंकि अब शहरों में व्यक्तिगत रूप से इस तरह के पारंपरिक उत्सवों के लिए लोगों के पास समय कम है, इसलिए ये उत्सव सामूहिकता में मनाये जाते हैं। इसका एक फायदा यह है कि आप खुद ब खुद इनसे जुड़ जाते हैं और सावन की सबसे ज्यादा खूबसूरती इसी में है। यह महीना महिलाओं को अनेक खुशियों से समृद्ध करता है। झूले की उड़ान, कजरी की तान, मेहंदी की महक और सखियों के साथ हंसी-ठट्ठा, यह सब एक ऐसा सांस्कृतिक लोकजीवन रचते हैं, जिससे न सिर्फ परंपरा बची रहती है बल्कि इस तरह जिंदगी में कुछ उल्लासपूर्ण क्षण भी मिल जाते हैं।

## वायरल

### बाइक राइडर ने वॉट्सऐप पर किया मैसेज, सोच में पड़ गई महिला

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसने कई लोगों का दिल पसीज दिया तो कुछ को प्राइवेसी की चिंता में डाल दिया। यह पूरा मामला तब सामने आया जब X पर नंदिनी गुप्ता नाम की एक यूजर ने अपना अनुभव शेयर किया। पोस्ट के अनुसार, इस यूजर ने रैपिडो से एक राइड ली थी। सफर खत्म हुआ और राइडर ड्रॉप करके चला गया। लेकिन इसके कुछ ही देर बाद महिला के वॉट्सऐप पर एक मैसेज आता है। यह मैसेज किसी रेटिंग या फीडबैक के लिए नहीं था, बल्कि उसमें लिखा था, हेलो गुड मॉर्निंग मैम, मैंने अभी आपको ड्रॉप किया है। मेरा नाम इब्राहिम है। मैंने अप्रैल 2024 में B.Tech पूरा किया है और मैं फ्रेशर हूं। मैं नौकरी की तलाश कर रहा हूं, अगर आपके यहां कोई वैकेंसी हो तो कृपया मुझे मैसेज करिएगा। कुछ लोगों का मानना था कि किसी कस्टमर के पर्सनल नंबर पर मैसेज करना प्रोफेशनल तरीका नहीं है। सुरक्षा और प्राइवेसी के लिहाज से बिना सहमति किसी को पर्सनल मैसेज करना सही नहीं माना जा सकता।







## X का एक्सरे

> ये युवा हैं। इन्हें काफी सलाह और मार्गदर्शन की जरूरत है। ताकतवर राज्य की ओर से किसी भी तरह की आक्रामक कार्रवाई हालात को और बिगाड़ सकती है और आगे हिंसा का कारण बन सकती है। इससे बचना जरूरी है। युवाओं को उनकी ही भाषा में समझाना होगा।



**सूर्यकांत**

> 2027 के चुनाव में सभी वर्गों को एकजुट होकर भाजपा को जवाब देना होगा। जो लोग समय समय पर पीडीए की परिभाषा समय समय पर बदलते हैं वो जान लें, पीडीए में पी पंडित है, पीडी पंडित का शॉर्ट फॉर्म है। पंडित को जितना सताओगे, पंडित और मजबूत होगा।



**अखिलेश यादव**

> मैंने प्रधानमंत्री से पूछा कि युवाओं से कैसे जुड़ा जाए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'उनकी बात ध्यान से सुनिए, उन्हें समझिए और उनसे विनम्रता से बात कीजिए।' यह बहुत अच्छी बैठक थी, जहां हमें व्यक्तिगत, सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर मार्गदर्शन लेने का मौका मिला।



**अशोक मित्तल**

> 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई थी। तब से दोनों क्षेत्रों में लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव आए हैं। इससे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की विकास यात्रा में एक निर्णायक नए अध्याय की शुरुआत हुई है।



**नरेंद्र मोदी**

**एक नजर**

### आम ग्राहकों के लिए ई-मेल के जरिए फंड ट्रांसफर की सुविधा बंद

**लखनऊ (एजेंसी)।** बैंकों ने ग्राहकों (एनआरई -विदेशी मुद्रा के भारतीय खातों को छोड़कर) के लिए ई-मेल के आधार पर फंड ट्रांसफर की सुविधा बंद करने का फैसला किया है। कॉर्पोरेट ग्राहकों पर इसका असर नहीं होगा, लेकिन इसके लिए कई अतिरिक्त सुरक्षा उपाय अनिवार्य रहेंगे। बैंक अधिकारियों का कहना है कि साइबर धोखाधड़ी, फर्जी ई-मेल और दस्तावेजों के दुरुपयोग के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नए निर्देशों के तहत, अब व्यक्तिगत ग्राहकों को धनराशि भेजने के लिए इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआइ, एनईएफटी, आरटीजीएस या शाखा में जाकर निर्धारित प्रक्रिया का ही पालन करना होगा। बैंक अधिकारियों का मानना है कि डिजिटल माध्यमों में बहुस्तरीय प्रमाणीकरण (ऑथेंटिकेशन) होने से लेनदेन अधिक सुरक्षित रहता है।

# एसआईआर विवाद: भाजपा मोर्चा ने फूंका विधायक कापड़ी का पुतला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची पर दर्ज कराई गई आपत्तियों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। गुरुवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व सभासद रामू भारती के नेतृत्व में खटीमा मुख्य चौक पर कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि विधायक भुवन कापड़ी ने अनुसूचित जाति समाज के मतदाताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। पूर्व सभासद व प्रदेश मंत्री एससी मोर्चा रामू भारती ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के सम्मान के खिलाफ किसी भी प्रकार की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि समाज के लोगों को डराने-धमकाने या उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया तो लोकतांत्रिक तरीके से जन आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी हिंदू समाज के सम्मान पर आंच आएगी, भाजपा कार्यकर्ता उसका डटकर विरोध करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश आर्य ने कहा कि उत्तराखंड के निर्माण और विकास में एससी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक समाज विशेष को डराने और धमकाने का प्रयास कर रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन राज्य स्तर समाज कल्याण समिति सदस्य गुड्डू टम्टा ने किया, जबकि अध्यक्षता पूर्व ग्राम प्रधान राम सजीवन ने की। पुतला दहन कार्यक्रम में नवल वाल्मीकि, दीनदयाल, राजू कुमार, सोनू कुमार, राजेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, चंचल सिंह टम्टा, जितेंद्र कुमार, सरस्वती देवी, विकास कुमार, विजय कुमार, सदानंद सहित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव का बीजेपी पर तंज

## कहा- इनके विकास प्रोजेक्ट काम आने से पहले ढह जाते हैं!



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में हाल ही में उद्घाटन की गई एक सड़क की खराब हालत के लिए बीजेपी सरकार की आलोचना की है। उन्होंने सड़क के घटिया निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। 31 जनवरी को यादव ने X पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें हाल ही में खुली एक सड़क पर मरम्मत का काम दिखाया गया था; बताया जा रहा है कि मरम्मत वाली जगह को जल्दी सुखाने के लिए इलेक्ट्रिक पंखों का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने प्रस्तावित अटल प्रोग्रेस वे के पूरा होने पर भी शक जताया और कहा कि हो सकता है कि यह प्रोजेक्ट सिर्फ़ एक योजना बनकर रह जाए या सिर्फ़ कागज़ों तक ही सीमित रहे। उन्होंने लिखा कि यह BJP-स्टाइल की 'तरक्की' की नई लहर है। जिस सड़क का उद्घाटन कुछ दिन पहले ही हुआ था, उसकी मरम्मत की ज़रूरत अभी से पड़ गई है, और मज़ेदार बात यह है कि मरम्मत के काम को सुखाने के लिए ज़ोर-शोर से बिजली के पंखे इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ऐसे एक्सप्रेसवे पर गाड़ी चलाने का रिस्क कौन लेगा जो दो-तीन हफ़्तों में ही खराब होने लगा है? सवाल यह भी उठता है कि क्या 'अटल प्रोग्रेस वे' सिर्फ़ प्लानिंग तक ही सीमित रहेगा या सच में कभी बनेगा या फिर यह कागज़ों पर बन चुका है और इसका फ़ंड आपस में बाँट लिया गया है। यादव ने आगे कहा कि भाजपा के राज में, कोई भी कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट काम कम करता है और धंसता, गिरता या टूटता ज्यादा है। इसके जवाब में, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एनएचएआई) ने पुष्टि की कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कमियां पाए जाने के बाद उसने कंसेशनियर, इंडिपेंडेंट इंजीनियर और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ़ सख़्त कार्रवाई की है। एनएचएआई ने बताया कि 63 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे पर, 64वें किलोमीटर (दाईं ओर) के पास लगभग 300 मीटर का हिस्सा खिसक गया था। तुरंत मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया और प्रभावित इलाके की विस्तृत तकनीकी जांच के आदेश दिए गए। प्रोजेक्ट को पूरा करने और उसकी देखरेख में कमियों के लिए जिम्मेदार सभी पक्षों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

# राज्य निर्माण सेनानियों ने सौंपा मांग पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते राज्य निर्माण सेनानियों के पदाधिकारी।

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी परिषद के पदाधिकारी ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर राज्य निर्माण सेनानियों की पांच सूत्रीय मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर भट्टिया ने कहा कि राज्य निर्माण सेनानी लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से राज्य निर्माण सेनानियों को लोकतंत्र सेनानियों की तर्ज पर प्रतिमाह 20 हजार रुपये पेंशन देने, "राज्य आंदोलनकारी" शब्द के स्थान पर "राज्य निर्माण सेनानी" नाम से मान्यता प्रदान करने, सरकारी गेस्ट हाउसों सहित कुमाऊं एवं गढ़वाल मंडल विकास निगम के विश्राम गृहों में रियायती दरों पर ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवान को सौंपते हुए राज्य निर्माण सेनानियों को विद्युत, गृह, जल व टोल टैक्स से पूर्ण छूट देने तथा तहसील स्तर पर चिह्नित वंचित राज्य निर्माण सेनानियों का शीघ्र सत्यापन कर उन्हें परिचय पत्र जारी करने की भी मांग की है। सीएम धामी को सौंपे ज्ञापन में राज्य निर्माण सेनानियों के सम्मान एवं हितों को ध्यान में रखते हुए पांचों मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपेक्षा की है। ज्ञापन पर जीवन चंद्र भट्ट, मोहम्मद बदर सिद्दीकी, सुभाष सिंह, नवीन चंद्र पांडे, दुर्गा सिंह सामंत, हीरा सिंह, गिरीश चंद्र पांडे, हरिश्चंद्र ओली, आदेश भटनागर, हरिश्चंद्र सुयाल, त्रिलोक सिंह जेठी, राजेश कुमार रस्तोगी व परिषद पदाधिकारियों एवं राज्य निर्माण सेनानियों के हस्ताक्षर हैं।

# यूपी पंचायत चुनाव में देरी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट चिंतित

**▸ कार्यकाल खत्म होने से दो साल पहले शुरू हों पंचायत चुनाव की तैयारियां**

**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव कराने में विलंब पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार को संविधान का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में निर्वाचित स्थानीय निकायों का कार्यकाल समाप्त होने से कम से कम दो वर्ष पूर्व चुनाव की तैयारियां शुरू करनी चाहिए। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने संजय कुमार शर्मा नामक व्यक्ति द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि काफी पहले से तैयारियां शुरू करने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि पंचायत चुनाव पांच साल के भीतर पूरे हो जाएं। पीठ ने कहा कि यद्यपि राज्य सरकार ने मई, 2025 में प्रक्रिया शुरू कर दी थी, लेकिन 26 मई, 2026 को पंचायतों का कार्यकाल खत्म होने के बाद चुनाव नहीं कराए जा सके। राज्य सरकार के रिकॉर्ड तलब करते हुए अदालत ने कहा कि वह विलंब के कारणों की समीक्षा करेगी और यह देखेगी कि क्या ये सरकार के नियंत्रण के बाहर की परिस्थितियों के कारण हुआ या अधिकारियों की लापरवाही से हुआ। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 11 अगस्त निर्धारित की है।

# बाइक-स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में दुकानदार की दर्दनाक मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



राजेंद्र चंद (फाइल फोटो)।

**खटीमा।** बाइक व स्कूटी की आमने-सामने की भिड़ंत में स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। ग्राम सभा खेतलखण्डा मुस्ताजर के बुढ़ाबाग प्लानटेशन निवासी राजेंद्र चंद(62) पुत्र स्व. दिवानी चंद गुरुवार को चकरपुर बाजार से सामान खरीद कर स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर चकरपुर-बिचपुरी तिराहे पर सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक व स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक व स्कूटी की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची चकरपुर पुलिस चैकी ने घायल दोनों को निजी वाहन से उप जिला चिकित्सालय भेजा। जहां चिकित्सकों ने स्कूटी सवार राजेंद्र चंद को मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक में सवार को चिकित्सकों ने अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया। चकरपुर पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर चकरपुर पुलिस चैकी में खड़ा कर दिया है। अस्पताल पहुंचे एसआई किशोर पंत ने मृतक राजेंद्र चंद के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक राजेंद्र चंद घर के पास परचून की दुकान चलाते थे। मृतक अपने पीछे पत्नी बसंती देवी, पुत्र महेश चंद व पुत्री आरती को रोता बिलखता छोड़ गए। मृतक का पुत्र महेश चंद एयर फोर्स में है, जो वर्तमान में सिल्चर(असम) में तैनात है। पिता की मृत्यु की सूचना पर वह सिल्चर से रवाना हो चुका है। जिसके शुक्रवार देर रात्रि पहुंचने की संभावना है। मृतक राजेंद्र चंद का अंतिम संस्कार शुक्रवार को बनबसा शारदा घाट में किया जाएगा।

# गन्ना बकाया ब्याज कटौती पर हाईकोर्ट सख्त, मांगा ब्योरा




**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों का बकाया भुगतान में विलंब पर 15 प्रतिशत ब्याज के बजाय 12 प्रतिशत ब्याज के साथ जारी किए जा रहे रिकवरी प्रमाण पत्र को गंभीरता से लिया है। अदालत ने दो दिसंबर, 2021 के बाद इस तरह का प्रमाण पत्र जारी करने वाले गन्ना आयुक्त से इस संबंध में विवरण मांगा है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने किसान मजदूर संगठन के संयोजक वीएम सिंह द्वारा 2006 में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने उत्तर प्रदेश गन्ना आयुक्त को उन सभी पूर्व गन्ना आयुक्तों के नामों का विवरण देने को कहा जो दो दिसंबर, 2021 के बाद तैनात रहे और उत्तर प्रदेश गन्ना अधिनियम, 1953 के तहत रिकवरी प्रमाण पत्र जारी किए। पीठ ने कहा कि 15 प्रतिशत के बजाय 12 प्रतिशत ब्याज वाले रिकवरी प्रमाण पत्र जारी करना प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय के 23 दिसंबर, 2021 के आदेश की अवमानना प्रतीत होता है। अदालत ने यह भी कहा कि वह इस बात की समीक्षा करेगी कि क्या यह कार्य मिलीभगत कर किया गया या इसका इरादा गन्ना किसानों की कीमत पर चीनी मिलों को वित्तीय लाभ पहुंचाना था।

# बूथ संख्या 79 पर हिलाहवाली से कांग्रेसी खफा

जागरण मोर्चा कार्यालय



उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते नानकमता विधायक।

**▸ उचित कार्रवाई के लिए विधायक गोपाल सिंह राणा ने तहसीलदार सजवाण को सौंपा ज्ञापन**

**खटीमा।** नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय में आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में एसआईआर के कार्य पर चर्चा हुई। बैठक में बूथ संख्या 79 की बीएलओ ने लोगों की समस्या समाधान न कर पाने पर कार्यकर्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की। इस अव्यवस्था से खफा विधायक गोपाल सिंह राणा ने अपने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण को सौंपा और संबंधित बूथ के बीएलओ स्तर की व्यवस्था में अभिलंब सुधार करने संबंधित निर्देश दिए। तहसील परिसर पर एकत्रित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विधायक राणा ने तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण को बीएलओ को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधायक राणा ने कहा कि नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 33.551 मतदाताओं को एसआईआर के नोटिस जारी हुए हैं। विधायक राणा ने यहां पत्रकारों के रूबरू होते हुए कहा कि यह सब भाजपा की सोची समझी चाल है। भाजपा जिन वार्डों एवं बूथों में कांग्रेस की स्थिति मजबूत मानती है। वहां के मतदाताओं को मतदान से किनारे करना चाहती है। यही स्थिति वोट चोरी की बनती है। विधायक राणा ने कहा कि यदि चुनाव आयोग इस अव्यवस्था का समय पर समाधान नहीं करेगा तो वह आम लोगों के साथ सड़कों पर उतरेंगे। इधर तहसीलदार सजवाण ने एसआईआर की व्यवस्थाओं को सही कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान दीपक बिष्ट ब्लॉक अध्यक्ष, तौकीर अंसारी नगर अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि गौरव राणा, नूर मोहम्मद, जुबैर रजा, मोहित राणा, दीपक राणा, समीर वारसी, इमरान खान, अनुज राणा, मोहम्मद फुरकान, सूरज राणा, कालू राणा, राज कपूर, रंजीत सिंह, फईम, मोहित सिंह राणा आदि मौजूद थे।

**स्वच्छता** | घर-घर होगा कचरा संग्रहण, नियम उल्लंघन पर 500 से 5,000 तक जुर्माने का प्रावधान

# खटीमा ब्लॉक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 लागू

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी।

**खटीमा।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विकासखंड खटीमा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन की शुरुआत हो गई है। गुरुवार को विकासखंड सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के लिए मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण उच्चतम न्यायालय के निर्देशों तथा नए नियमों के अनुपालन के तहत संपन्न हुआ।

इस दौरान ग्राम पंचायत नदन्ना ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं यूजर चार्ज उपविधि-2026 को औपचारिक रूप से लागू कर दिया। ग्राम प्रधान माया जोशी एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पंचायत क्षेत्र में अब कचरा प्रबंधन के लिए नए नियम प्रभावी होंगे। उपनियमों के तहत प्रत्येक घर, दुकान और संस्थान को गीले, सूखे, घरेलू खतरनाक एवं स्वास्थ्य संबंधी कचरे का अलग-अलग पृथक्करण करना अनिवार्य होगा। सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, नालियों और जलस्रोतों में कचरा फेंकने या जलाने पर प्रतिबंध रहेगा। विवाह समारोह एवं सार्वजनिक आयोजनों में प्रतिबंधित प्लास्टिक और थर्मोकोल के उपयोग पर भी कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था की जाएगी, जिसके लिए परिवारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निर्धारित यूजर चार्ज लिया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने अथवा यूजर चार्ज का भुगतान न करने पर 500 से 5,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। गंभीर मामलों में कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान रखा गया है। खटीमा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। खंड विकास अधिकारी संजय गांधी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 और उसके प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) शबनम कुरैशी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तनुज धामी, गिरीश चंद्र गहतोड़ी, रमनदीप कौर, पाल राणा सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। वहां माया चंद, आशा देवी, प्रेम प्रकाश पासी, जसवंत सिंह, जसवंत कौर, कमला मेहरा, लक्ष्मण सिंह राणा, राजेंद्र सिंह राणा, अंजू देवी, शांति देवी व इसके अलावा विकासखंड के सभी ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# तीन दिनी सत्र, पौने तीन घंटे चली विधानसभा

**लखनऊ (एजेंसी)।** मानसून सत्र के दौरान विधानसभा तीन दिनों में महज दो घंटे 43 मिनट ही चल सकी। तीन दिनों के सत्र में सदन की कुल बैठक अवधि पांच घंटे 32 मिनट रही, किंतु दो घंटे 49 मिनट व्यवधान में ही निकल गए। यानी सदन जितना चला, उससे अधिक समय हंगामे की वजह से ठप रहा। विधानमंडल का मानसून सत्र तीन अगस्त से शुरू हुआ था। विधानसभा में पहले दिन आजमगढ़ जिले की निजामाबाद सीट से सपा विधायक आलम बदी के निधन पर शोक व्यक्त कर कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी। लोकहित के कुल सात प्रस्ताव चर्चा के लिए विपक्ष ने दिए थे, सभी स्वीकृत हुए, लेकिन चर्चा एक पर भी नहीं हो सकी। अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा कराने के लिए कुल 17 नोटिस विपक्ष ने दिए थे, किंतु किसी में भी चर्चा नहीं हो सकी।

## संक्षेप समाचार

### हाईकोर्ट ने रोका लखनऊ आर्य समाज मंदिर में विवाह, कम उम्र के जोड़े की शादी का मामला

**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक आर्य समाज मंदिर को अगले आदेश तक विवाह कराने या विवाह प्रमाण पत्र जारी करने से रोक दिया है। अदालत ने विवाह पूर्व जोड़े की कानून के मुताबिक विवाह योग्य आयु का सत्यापन करने में कथित तौर पर विफल रहने को गंभीरता से लिया है। न्यायमूर्ति रजनीश कुमार और न्यायमूर्ति बबीता रानी की पीठ ने नेहा और एक अन्य याचिकाकर्ता द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ताओं ने कथित पुलिस उत्पीड़न से सुरक्षा की मांग की थी। अदालत ने कहा कि यदि कानून द्वारा निर्धारित आयु से नीचे के व्यक्तियों का विवाह कराया जाता है तो इस प्रक्रिया में शामिल सभी लोग कानून के तहत जिम्मेदार होंगे। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता आनंद कुमार की आयु उनके आधार कार्ड के अनुसार 19 वर्ष है, जबकि एक पुरुष के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष है। अदालत ने पूछा कि विवाह प्रमाण पत्र में आनंद कुमार की आयु 22 वर्ष दर्ज है, जबकि उसके आधार कार्ड में आयु एक जनवरी, 2007 है और उम्र के संबंध में कोई अन्य प्रमाण उपलब्ध नहीं है। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 31 अगस्त निर्धारित की।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं का कमाल

**गले के कैंसर की पहचान के लिए बनाया अत्याधुनिक AI मॉडल**

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रो. पुनीत मिश्रा के नेतृत्व में रिसर्च स्कालर मो. उस्मान, प्रज्ञनिक्स लैब्स के सिद्धार्थ चौरसिया और मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर की डॉ. गिनिका महाजन ने मिलकर गले के कैंसर की पहचान और वर्गीकरण के लिए एक अत्याधुनिक एआइ मॉडल 'मेडिकल लार्ज कर्नल-स्माल कर्नल नेट' विकसित किया है। इसके तहत 1320 मरीजों की इमेज का अध्ययन किया गया। यह शोध पत्र नेचर पोर्टफोलियो के 'साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। प्रो. पुनीत मिश्रा बताते हैं कि लारेंजियल स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा फेफड़े के कैंसर के बाद सांस नली से जुड़ा दूसरा सबसे आम और जानलेवा कैंसर है। तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट और गुटखा के अत्यधिक सेवन के कारण उप्र सहित पूरे देश में यह बीमारी तेजी से बढ़ रही है। शुरुआती अवस्था में कैंसर के सूक्ष्म लक्षणों को साधारण एंडोस्कोपी से पहचानना बेहद जटिल और समय लेने वाला होता है।

### नेपाल में बिगड़े हालात के बाद उत्तर प्रदेश से सटी सीमा पर सिक्योरिटी टाइट

**लखनऊ (एजेंसी)।** नेपाल के कई जिलों में फैली सांप्रदायिक हिंसा के बाद खराब हुए माहौल के बाद भारत-नेपाल सीमा और उससे सटे जिलों में चौकसी बढ़ा दी गई है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और यूपी पुलिस द्वारा सीमा पर हो रही गतिविधियों की जानकारी केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को दी जा रही है। वहीं, पुलिस मुख्यालय के निर्देश के बाद सीमा से सटे पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, महाराजगंज, बलरामपुर व सिद्धार्थनगर में पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। नेपाल के सुनसरी जिले के देवानगंज क्षेत्र में पिछली 26 जुलाई को एक धार्मिक जुलूस को लेकर दो संप्रदायों में हिंसा भड़क गई थी। लाउडस्पीकर और धार्मिक झंडे को लेकर शुरू हुई हिंसा की चपेट में सिरहा, धनुषा,पर्सा और सप्तरी सहित कई जिल आए हैं।

### उत्तर प्रदेश में भारी बारिश और बिजली गिरने से नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी सख्त

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में भारी बारिश और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि का सीएम योगी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने शासन-प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। अतिवृष्टि या आकाशीय बिजली के कारण हुई जनहानि, पशुहानि और आर्थिक नुकसान का त्वरित आकलन कर प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर मुआवजा देने के भी निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अधिकारी प्रभावित परिवारों से लगातार संपर्क बनाए रखें और राहत व बचाव कार्यों में कोई ढिलाई न बरतें।

## एक नजर

### हर घर तिरंगा अभियान को मिलेगी नई रफ्तार

**पीलीभीत।** आगामी 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के टिकरी मंडल की मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अभियान की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाने और भव्य तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन की रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अभियान के जिला सह संयोजक तथा जिला मंत्री अमित कुशवाहा ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का जनआंदोलन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ कार्य करें। साथ ही तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# समाज का विश्वास मेरी सबसे बड़ी पूंजी, अग्रवाल समाज की एकता और विकास के लिए सदैव रहूंगा समर्पित : राजीव अग्रवाल 'टीटी'

## श्री अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष से पत्रकार अरुण भारद्वाज एडवोकेट की विशेष भेंटवार्ता, सामाजिक सेवा से लेकर राजनीतिक सफर तक रखी बेबाक राय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** लगभग 87 वर्षों की गौरवशाली विरासत को संजोए श्री अग्रवाल सभा को नई दिशा देने का संकल्प लेकर दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल 'टीटी' ने कहा कि समाज का विश्वास उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है। यह पद किसी प्रतिष्ठा का नहीं, बल्कि समाज की सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान, उत्थान और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। अपने आवास पर पत्रकार अरुण भारद्वाज एडवोकेट को दिए विशेष साक्षात्कार में राजीव अग्रवाल ने कहा कि श्री अग्रवाल सभा केवल एक संस्था नहीं, बल्कि समाज की भावनाओं और संस्कारों का केंद्र है। आने वाले समय में युवाओं को संगठन से जोड़ने, शिक्षा को बढ़ावा देने, समाज में आपसी समन्वय मजबूत करने तथा सभा की संपत्तियों के संरक्षण और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि श्री अग्रवाल सभा की स्थापना वर्ष 1939 में समाज के दूरदर्शी अग्रजों ने की थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सभा के लिए स्थायी भूमि खरीदी गई और वर्ष 1955 में वर्तमान भवन का निर्माण कराया गया। वर्षों से यह भवन सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना हुआ है तथा समाज की एक अमूल्य धरोहर के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है।



श्री अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव अग्रवाल 'टीटी' से उनके आवास पर विशेष भेंटवार्ता करते पत्रकार अरुण भारद्वाज एडवोकेट। -जागरण मोर्चा

राजीव अग्रवाल ने अपने जीवन के संघर्षपूर्ण सफर का उल्लेख करते हुए बताया कि छात्र जीवन से ही सामाजिक और सार्वजनिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। नगर निकाय राजनीति से लेकर विभिन्न सामाजिक अभियानों तक उन्होंने लगातार जनसेवा को प्राथमिकता दी। नगर पालिका परिषद के सभासद और बाद में अध्यक्ष रहते हुए शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य कराए। उन्होंने कहा कि जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आए, लेकिन कठिन परिस्थितियों ने उन्हें और अधिक मजबूत बनाया। वर्ष 2003 की भीषण सड़क दुर्घटना, जिसमें उनकी पत्नी सहित परिवार के कई सदस्यों का निधन हो गया, उनके जीवन का सबसे पीड़ादायक अध्याय रहा। इसके बावजूद उन्होंने समाज सेवा का मार्ग नहीं छोड़ा और लोगों के बीच सक्रिय बने रहे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन का भी उल्लेख करते हुए बताया कि विभिन्न राजनीतिक दलों में रहते हुए उन्होंने जनहित के मुद्दों को हमेशा प्राथमिकता दी। वर्तमान में वह समाजवादी पार्टी में सक्रिय रहते हुए सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में निरंतर भागीदारी निभा रहे हैं।

राजीव अग्रवाल ने कहा कि अध्यक्ष बनने के बाद उनका पहला लक्ष्य समाज में नई पीढ़ी की भागीदारी बढ़ाना होगा। युवाओं को संगठन की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें नेतृत्व के अवसर दिए जाएंगे। साथ ही समाज के जरूरतमंद परिवारों की हरसंभव सहायता, शिक्षा और सामाजिक सहयोग की योजनाओं को भी गति दी जाएगी। उन्होंने कहा, "मेरे लिए अग्रवाल समाज का हर परिवार अपना परिवार है। मेरे घर के दरवाजे समाज के प्रत्येक सदस्य के लिए हमेशा खुले रहेंगे। समाज के सम्मान, एकता और प्रगति के लिए मैं जीवनभर पूरी निष्ठा से कार्य करता रहूंगा।" भेंटवार्ता के दौरान नागा बाबा हरिगिरि दशनामी अखाड़ा आश्रम के संतों सहित पंडित रमेश चंद्र पांडे उपस्थित रहे। वहीं अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उनके आवास पर दिनभर समाज के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, शुभचिंतकों और समर्थकों का तांता लगा रहा, जिन्होंने उन्हें शुभकामनाएं देकर सफल कार्यकाल की कामना की।

# रैंकिंग गिरी तो चला प्रशासन का डंडा, 10 अधिकारी और 60 कर्मचारी नदारद, कार्रवाई के बाद विभागों में मचा हड़कंप

## आईजीआरएस और जनसुनवाई में फिसली जिले की रैंकिंग के बाद डीएम का बड़ा एक्शन, एक दिन का वेतन काटने के आदेश; कार्रवाई पर सवाल उठे तो सरकारी तंत्र की जवाबदेही भी कटघरे में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री जनसुनवाई और आईजीआरएस जैसी प्रदेश सरकार की सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं में लगातार गिरती जिले की रैंकिंग ने आखिरकार प्रशासन की कार्यशैली की पोल खोलकर रख दी। शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में पिछड़ रहे जिले की हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह जब अचानक सरकारी कार्यालयों में पहुंचे तो जो तस्वीर सामने आई, उसने पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। औचक निरीक्षण में 10 अधिकारी और 60 कर्मचारी अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित मिले, जिसके बाद जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सभी का एक दिन का वेतन काटने, स्पष्टीकरण तलब करने और भविष्य में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए।



विकास भवन के एक विभाग का औचक निरीक्षण करते जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए। -जागरण मोर्चा





कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण करने से पहले जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के कार्यालयों का दृश्य।

> मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश है कि प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालय में 10 :00 बजे बैठेगा और लोगों की समस्याओं को निस्तारण गुणवत्तापूर्वक करें। समय से अधिकारी बैठे इसलिए हम लोगों ने औचक निरीक्षण किया विकास भवन में और कलेक्ट्रेट में लगभग 60 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए इनका सबका एक दिन का वेतन काटा गया है और चेतावनी जारी की गई है कि दोबारा अनुपस्थित पाई गई तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी क्योंकि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आईजीआरएस की जो शिकायतें आती है उनका गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाना चाहिए इसी क्रम में जनता को पहले सुनें और उनकी समस्याओं को निस्तारण करें । अधिकारी 10 :00 बजे से 12 :00 तक बैठेंगे क्योंकि आदमी दूर से चलकर आता है और अधिकारी नहीं मिलेंगे तो उसे बहुत कष्ट होता है। 10 अधिकारियों पर भी कार्रवाई हुई है जिससे उनका भी एक दिन का वेतन काटा गया है और स्पष्टीकरण मांगा गया है अगर नहीं माने तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। -ज्ञानेंद्र सिंह, जिलाधिकारी

प्रदेश सरकार लगातार अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दे रही है। मुख्यमंत्री स्वयं आईजीआरएस और जनसुनवाई की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। इसके बावजूद पीलीभीत की रैंकिंग में लगातार गिरावट यह संकेत दे रही थी कि कहीं न कहीं सरकारी कार्यालयों में जवाबदेही कमजोर पड़ रही है। इसी की वास्तविकता जानने के लिए डीएम ने बिना किसी पूर्व सूचना के कलेक्ट्रेट और विकास भवन के 14 से अधिक विभागों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कई कार्यालयों में कुर्सियां खाली मिलीं। कुछ स्थानों पर कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं पहुंचे थे, जबकि कई अधिकारी भी अनुपस्थित पाए गए। जनता की शिकायतों के समाधान का दावा करने वाले विभागों में इस तरह की अनुपस्थिति ने प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीर तस्वीर सामने रख दी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट से 12 कर्मचारी, जिला पंचायत से 15, ट्रेजरी से 7, जिला पूर्ति कार्यालय से 7, पंचायती राज विभाग से 5 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इसके अलावा निर्वाचन कार्यालय, समाज कल्याण विभाग, डूडा, मत्स्य विभाग, सीडीओ कार्यालय तथा पीओ-पीआरडी कार्यालय में भी कई कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। केवल कर्मचारी ही नहीं, बल्कि कई वरिष्ठ अधिकारी भी निरीक्षण के समय कार्यालय में मौजूद नहीं थे। इनमें जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अपर मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, एई ग्रामीण अभियंत्रिकी सेवा, पीडी डीआरडीए तथा जिला मत्स्य अधिकारी शामिल रहे। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने, उनसे स्पष्टीकरण लेने तथा भविष्य में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए गए। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं होगी।

यह पहला मौका नहीं है जब सरकारी कार्यालयों में लापरवाही सामने आई हो। इससे पहले मुख्य विकास अधिकारी के औचक निरीक्षण में भी विकास भवन के कई अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे। उस समय भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन हालात में अपेक्षित सुधार नहीं दिखा। लगातार दूसरी बार इतनी बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों का अनुपस्थित मिलना यह दर्शाता है कि कई विभागों में समयपालन और जवाबदेही केवल कागजों तक सीमित है।

सबसे बड़ा सवाल आम जनता के मन में है। सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर जनसुनवाई और ऑनलाइन शिकायत निस्तारण व्यवस्था चला रही है, लेकिन यदि कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारी समय पर मौजूद ही नहीं रहेंगे तो शिकायतों का समाधान कैसे होगा? आखिर जनता किससे अपनी समस्या कहे और किससे न्याय की उम्मीद करे? क्या कुछ दिनों की सख्ती के बाद फिर लौट आएगी पुरानी व्यवस्था? प्रशासनिक कार्रवाई के बाद कुछ दिनों तक सरकारी कार्यालयों में समयपालन और अनुशासन दिखाई देना सामान्य बात है, लेकिन वास्तविक चुनौती इस व्यवस्था को स्थायी रूप से लागू करने की है। यदि निरीक्षण केवल औपचारिकता बनकर रह गए और जवाबदेही तय नहीं हुई, तो कुछ समय बाद फिर वही पुराना ढर्रा लौटने का खतरा बना रहेगा। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि जिलाधिकारी की यह सख्ती सरकारी दफ्तरों की कार्यसंस्कृति में स्थायी बदलाव ला पाती है या फिर यह कार्रवाई भी कुछ दिनों की हलचल तक सीमित रह जाएगी। जनता की अपेक्षा स्पष्ट है सरकारी कार्यालय समय पर खुलें, अधिकारी उपलब्ध रहें और शिकायतों का समयबद्ध समाधान हो, तभी प्रशासन पर लोगों का भरोसा मजबूत होगा।

# महिलाओं के कुंडल लूटने वाले शातिर गैंग का पर्दाफाश

## अवैध तमंचों और फर्जी नंबर प्लेट वाली बाइक समेत दो गिरफ्तार, लूटे गए कुंडल भी बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में लगातार बढ़ रही स्नैचिंग और टप्पेबाजी की घटनाओं के बीच बीसलपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए महिलाओं को निशाना बनाने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी न केवल महिलाओं के कानों से कुंडल झपटते थे, बल्कि बातों में उलझाकर टप्पेबाजी की वारदातों को भी अंजाम देते थे। पुलिस ने दोनों के कब्जे से अवैध तमंचे, जिंदा कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल, वारदात में प्रयुक्त बाइक तथा लूटे गए कुंडल बरामद किए हैं।




पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बीसलपुर पुलिस लगातार स्नैचिंग और टप्पेबाजी में शामिल अपराधियों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में 3 अगस्त को थाना बिलसंडा क्षेत्र के मरौरा चौराहे के पास एक महिला से कुंडल झपटने की घटना के बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर जांच तेज कर दी। गुरुवार को पुलिस ने रामलीला ग्राउंड के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

उनकी पहचान अभिषेक पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम रमपुरा नगरिया और संजीव पुत्र श्यामपाल निवासी मोहल्ला दुर्गाप्रसाद, बीसलपुर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से दो अवैध .315 बोर तमंचे, दो जिंदा कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल तथा वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने 4 जून को बीसलपुर क्षेत्र में एक महिला को झांसे में लेकर उसके कानों से कुंडल उतरवाकर टप्पेबाजी करने की घटना भी कबूल कर ली।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर बीसलपुर और बिलसंडा थाना क्षेत्रों में दर्ज दोनों मामलों से संबंधित पीली धातु के दो कुंडल भी बरामद कर लिए।

- **बीसलपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई स्नैचिंग और टप्पेबाजी की दो वारदातों का खुलासा**

बरामदगी के आधार पर मुकदमों में अतिरिक्त धाराएं भी बढ़ा दी गई हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक हिमांशु चौधरी, उपनिरीक्षक सरकार अली, हेड कांस्टेबल मुनेश कुमार, कांस्टेबल रवि कुमार और कांस्टेबल सन्नी कुमार शामिल रहे। बीसलपुर पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में महिलाओं के खिलाफ हो रही स्नैचिंग और टप्पेबाजी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि ऐसे अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# सड़कों पर कब्जे की उलटी गिनती शुरू, अब अतिक्रमणकारियों पर चलेगा प्रशासन का सख्त डंडा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर की सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों पर वर्षों से फैले अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन अब निर्णायक कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। आमजन की सुविधा, निर्बाध यातायात और शहर की व्यवस्थित व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जल्द ही व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अभियान केवल खानापूर्ति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि चिन्हित क्षेत्रों में चरणबद्ध और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। जिन स्थानों पर फुटपाथ पूरी तरह कब्जे में हैं, बाजारों में सड़कें सिकुड़ चुकी हैं और वाहनों व पैदल चलने वालों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है, उन्हें प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है। बताया गया है कि कार्रवाई से पहले संबंधित विभाग सार्वजनिक भूमि का चिन्हांकन करेंगे और निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर अतिक्रमणकारियों को आवश्यक सूचना दी जाएगी। इसके बावजूद यदि कब्जे नहीं हटाए गए तो प्रशासन स्वयं मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त मार्गों पर लंबे समय से अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती रही है। कई स्थानों पर फुटपाथ पूरी तरह कब्जे में होने से राहगीरों को सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। प्रशासन का मानना है कि इस अभियान के सफल क्रियान्वयन से न केवल जाम की समस्या में कमी आएगी, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा भी मिलेगी।

अधिकारियों ने साफ किया है कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से स्वयं आगे आकर अतिक्रमण हटाने और शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने में सहयोग करने की अपील भी की है। शहरवासियों का मानना है कि यदि यह अभियान पूरी गंभीरता और निरंतरता के साथ संचालित किया गया तो वर्षों पुरानी अतिक्रमण की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकेगी और पीलीभीत की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

# नशा मुक्त युवा,विकसित भारत' अभियान में युवाओं ने दिया जागरूकता का संदेश, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत द्वारा गुरुवार को स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ में "नशा मुक्त युवा,विकसित भारत" अभियान के तहत जनपद स्तरीय युवा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। पूरे कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज को नशा मुक्ति का सशक्त संदेश दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के विकास की सबसे बड़ी ताकत युवा शक्ति है। यदि युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, नवाचार और सामाजिक कार्यों में लगाएंगे तो विकसित भारत का सपना निश्चित रूप से साकार होगा। उन्होंने युवाओं से समाज में नशा विरोधी जागरूकता फैलाने का भी आह्वान किया।इस अवसर पर युवाओं की रचनात्मक क्षमता और सामाजिक चेतना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक नृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, रील प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन तथा काव्य पाठ सहित कुल आठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), भारत स्काउट एवं गाइड, विभिन्न शिक्षण संस्थानों तथा युवा क्लबों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं का मुख्य विषय नशा मुक्ति, स्वस्थ जीवन और विकसित भारत का निर्माण रहा।वाद-विवाद प्रतियोगिता में लक्ष्य ने प्रथम, निमिष पाल ने द्वितीय तथा अवनी मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में श्रेया वर्मा प्रथम, शिवांगी लोधी द्वितीय तथा झनक तृतीय स्थान पर रहीं। सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में अंगूरी देवी टीम ने प्रथम, करिश्मा सक्सेना टीम ने द्वितीय तथा सुनैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में आर्य कन्या टीम को द्वितीय तथा स्प्रिंगडेल टीम को तृतीय स्थान मिला। काव्य पाठ प्रतियोगिता में शिवे शर्मा प्रथम, यशिता द्वितीय तथा नूर फातिमा तृतीय स्थान पर रहीं। लोकगीत प्रतियोगिता में आर्य कन्या टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में रितिमा अग्रवाल प्रथम, ईरान सुल्ताना द्वितीय तथा समृद्धि तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने नशे के दुष्परिणामों और स्वस्थ समाज की आवश्यकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा एवं स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ के निदेशक हेमंत जगोता ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



स्प्रिगडले कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट में नशा मुक्ति युवा विकसित भारत अभियान के अंतर्गत मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### शारदा क्षेत्र में अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**पूरनपुर।** ट्रांस शारदा पार क्षेत्र की श्रीनगर राजस्व चौकी पर जनसुनवाई की गई। एसडीएम मयंक गोस्वामी व तहसीलदार आशीष गुप्ता ने शारदा पार क्षेत्र से आए ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना, मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। एसडीएम मयंक गोस्वामी ने सभी शिकायतों का परीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी फरियादी को तहसील के चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए मौके पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को राजस्व संबंधी प्रकरणों के साथ-साथ अन्यजनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई। लोगों को पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

# हरदोई ब्रांच नहर किनारे युवक की बाइक मिलने से मचा हड़कंप

## नहर में कूदने की आशंका, नहर में गोताखोर कर रहे तलाश

जागरण मोर्चा कार्यालय



नहर में युवक की तलाश करते गोताखोर। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर/कलीनगर।** हरदोई ब्रांच नहर के किनारे एक युवक की बाइक लावारिस हालत में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। रिठोरा गांव निवासी युवक ने लापता होने से पहले अपने परिजनों को एक वीडियो भेजा था। वीडियो में उसने नहर में कूदने जैसी बात कही थी। गोताखोरों ने नहर में तलाश शुरु कर दी है।

बरेली के रिठोरा निवासी महिपाल सिंह बुदवार को अपने घर से निकला था। बुधवार को घर वापस नहीं पहुंचा। इसके बाद युवक ने एक वीडीओ बनाकर परिवार को भेजा। वीडियो में उसने नहर में कूदने की बात कही थी।इससे खलवली मच गई। वीडीओ मिलने के बाद परिवार ने युवक की तलाश शुरू की। गुरुबार को उसके परिजन कलीनगर के हरदोई ब्रांच नहर पर पहुंचे, वंहा उसकी वाइक खडी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। नहर किनारे युवक की बाइक खड़ी मिली। जिससे आशंका और गहरा गई कि युवक ने हरदोई ब्रांच नहर में छलांग लगा दी है। पुलिस ने तत्काल एसएसबी के गोताखोरों को बुलाया,जिसके बाद नहर में सर्च अभियान शुरू किया गया। गोताखोर कई घंटों तक नहर में युवक की तलाश करते रहे, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका था। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के लोग नहर किनारे पहुंच गए। हर किसी की निगाहें सर्च अभियान पर टिकी रहीं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों के अनुसार युवक का अपने ससुरालियों से विवाद चल रहा था। घर से सामान्य रूप से निकला था। कुछ समय बाद उसने मोबाइल फोन के माध्यम से एक वीडियो भेजा, जिसमें उसने नहर में कूदने की बात कही। वीडियो मिलते ही परिवार के लोग घबरा गए और उसके संभावित ठिकानों पर तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। साथ ही युवक के मोबाइल फोन, वीडियो और अन्य तथ्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी गई है। एसएसबी के गोताखोरों ने नहर के कई हिस्सों में गहन तलाश अभियान चलाया। तेज बहाव के कारण अभियान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम लगातार युवक की तलाश में जुटी रही।

### बीसलपुर में डाक्टर की लापरवाही से बुजुर्ग की आंख हुई खराब

**बीसलपुर।** गांव परासी रामकिशन के वृद्ध की आंखों के आपरेशन के बाद उसकी एक आंख की रोशनी चली गई। मुख्यमंत्री से की गई शिकायत के बाद अधीक्षक ने प्राइवेट अस्पताल के प्रबंधक को नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। बीसलपुर के गांव परासी रामकिशन निवासी दीनानाथ 68 ने माह फरवरी में भड़रिया मोड़ स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में अपनी आंखों का आपरेशन कराया था, लेकिन आपरेशन के बाद उसकी एक आंख की रोशनी चली गई। आंख खराब होने के बाद उसने मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद अधीक्षक डा. आलम गीर ने प्रबंधक को नोटिस जारी कर आपरेशन संबंधी दस्तावेज अभिलेख सहित दो दिनों के अंदर बयान दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए हैं। कार्यवाही से अस्पताल में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि एक अन्य मरीज की भी आंख के आपरेशन के बाद उसकी भी आंख खराब हो गई थी।

## संक्षेप समाचार

### एमएससी होम साइंस में यूनिवर्सिटी टॉपर बनी बेटी



सम्मानित करते सांसद व कुलपति। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** ब्लाक क्षेत्र के गांव विधिपुर निवासी शिक्षक वीरपाल की पुत्री अंजू देवी ने बरेली की एमजेपी रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में एमएससी होम साइंस (ह्यूमन डेवलपमेंट) फाइनल परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। पुष्प इंस्टीट्यूट से की पढ़ाईअंजू देवी ने अपनी पढ़ाई पुष्प इंस्टीट्यूट पीलीभीत से पूरी की। वर्ष 2026 की फाइनल परीक्षा में उन्होंने पूरे रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में टॉप किया। यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित 24वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देशन में बरेली सांसद छत्रपाल गंगवारऔर कुलपति प्रो केपी सिंह ने छात्रा अंजू देवी को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। परिवार और गांव में खुशी का माहौलइस उपलब्धि का श्रेय अंजू देवी ने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। गांव की बेटी के टॉप करने की खबर से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में खुशी का माहौल है। लोगों ने अंजू को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी ।लगातार बधाईयां देने का क्रम जारी है।

### वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर सरस्वती विद्या मंदिर में लेखन प्रतियोगिता



वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रतियोगिता में भाग लेते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आचार्यों की सामूहिक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सभी आचार्य-आचार्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वंदे मातरम् का शुद्ध लेखन एवं उच्चारण का अभ्यास किया। इस दौरान आयोजित परिचर्चा में बताया गया कि विद्या भारती शिक्षा समिति, ब्रज प्रदेश के निर्देशन में 29 सितंबर को देशव्यापी सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का लक्ष्य रखा गया है। वक्ताओं ने कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। प्रतियोगिता का उद्देश्य आचार्यों को शुद्ध लेखन एवं गायन का अभ्यास कराकर विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में सभी आचार्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

### 15% जुर्माना नहीं जमा किया, चेक बाउंस का दोषी आरोपी नेतराम जेल भेजा

**पीलीभीत।** चेक बाउंस मामले में अदालत के आदेशों की लगातार अनदेखी आरोपी नेतराम पर भारी पड़ गई। निचली अदालत से दोषसिद्धि के खिलाफ सत्र न्यायालय में अपील दायर करने के बावजूद उसने अर्थदंड की निर्धारित 15 प्रतिशत राशि जमा नहीं की। बार-बार अवसर दिए जाने के बाद भी आदेश का पालन न करने पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए गैर जमानती वारंट जारी किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-1 महेंद्र श्रीवास्तव की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। न्यायालय ने पाया कि आरोपी नेतराम ने अदालत के स्पष्ट निर्देशों का पालन करने में गंभीरता नहीं दिखाई। इसके चलते उसे जेल भेजने के आदेश जारी किए गए। मामले में अब अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी ।मामला कोतवाली क्षेत्र निवासी लालाराम द्वारा वर्ष 2023 में दायर किए गए चेक बाउंस परिवाद से जुड़ा है। लंबी सुनवाई के बाद अधीनस्थ न्यायालय ने 16 जनवरी 2026 को नेतराम को दोषी ठहराते हुए नौ माह के कारावास और 30 .50 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई थी। परिवादी की ओर से अधिवक्ता विवेक अवस्थी ने प्रभावी पैरवी की थी ।दोषसिद्धि के खिलाफ नेतराम ने सत्र न्यायालय में अपील दाखिल करते हुए अर्थदंड के आदेश पर रोक लगाने की मांग की। न्यायालय ने राहत देते हुए शर्त रखी कि आरोपी 60 दिनों के भीतर अर्थदंड की 15 प्रतिशत राशि जमा करेगा। निर्धारित अवधि बीतने पर आरोपी ने बीमारी और आर्थिक तंगी का हवाला देकर अतिरिक्त समय मांगा। अदालत ने अंतिम अवसर देते हुए 17 अप्रैल 2026 तक की मोहलत भी दी, लेकिन इसके बावजूद राशि जमा नहीं की गई ।लगातार आदेशों की अवहेलना से नाराज न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। वारंट के अनुपालन में पुलिस ने नेतराम को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। सुनवाई और अभिलेखों के अवलोकन के बाद न्यायालय ने स्पष्ट किया कि आरोपी का रवैया न्यायालय के आदेशों के प्रति गंभीर नहीं है। इसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने का आदेश पारित कर दिया गया। यह मामला अदालत के आदेशों की अनदेखी करने वालों के लिए एक कड़ा संदेश माना जा रहा है।

# खेत पर दवा छिड़कने गए युवक ने गटका ज़हर, हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीएचसी में भर्ती संजीव कुमार।

**बीसलपुर।** बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम कैंचुआ में खेत पर दवा छिड़कने गए एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

ग्राम कैंचुआ निवासी संजीव कुमार पुत्र तेज बहादुर घर से खेत पर फसलों में दवाई छिड़कने की बात कहकर निकला था। खेत पर पहुंचने के बाद उसने अज्ञात कारणों के चलते जहरीली दवा का सेवन कर लिया। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी, तो परिजनों को इसकी जानकारी हुई। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और संजीव को सीएचसी बीसलपुर लेकर आए। सीएचसी के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जानकारी में जुटी है।

# मकान से लाखों के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिखरा पडा सामान। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। वारदात उस समय हुई, जब पूरा परिवार घर के अलग-अलग कमरों और बरामदे में गहरी नींद में सो रहा था। चोर घर में बेखौफ होकर दाखिल हुए और अलमारी सहित अन्य स्थानों पर रखे कीमती सामान को समेटकर फरार हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनापुर खुर्द निवासी रामरतन पुत्र मुलाराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पांच अगस्त की रात परिवार के सभी सदस्य रोजाना की तरह भोजन करने के बाद अपने-अपने कमरों और बरामदे में सो गए थे। रात के किसी समय अज्ञात चोर मकान में घुस आए। चोरों ने पहले घर का जायजा लिया और फिर उस कमरे तक पहुंच गए, जहां अलमारी और कीमती सामान रखा हुआ था। इसके बाद उन्होंने अलमारी का ताला खोलकर उसमें रखे सोने और चांदी के आभूषण, नकदी तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बिना किसी को भनक लगे अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। परिजनों के अनुसार, चोरों ने वारदात को बेहद शातिर तरीके से अंजाम दिया। पूरे घर में सामान खंगाला गया, लेकिन किसी भी सदस्य की नींद नहीं खुली। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरों ने पूरी योजना बनाकर घटना को अंजाम दिया। सुबह जब परिवार की सदस्य जशोदा देवी की नींद किसी आहट से खुली तो उन्होंने घर का सामान अस्त-व्यस्त देखा। उन्होंने तत्काल अन्य परिजनों को आवाज देकर जगाया। जब सभी ने घर का निरीक्षण किया तो अलमारी खुली मिली और उसमें रखे जेवर तथा नकदी गायब थे। यह देखकर परिवार के लोगों के होश उड़ गए। घटना की खबर कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिवार और ग्रामीणों ने आसपास के खेतों, रास्तों, बागों और अन्य संभावित स्थानों पर चोरों की तलाश की। काफी देर तक खोजबीन की गई, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद तत्काल डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। इसके बाद पीड़ित रामरतन ने कोतवाली पूरनपुर पहुंचकर लिखित तहरीर दी, जिसमें चोरी हुए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी का उल्लेख करते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# विवाहिता ने देवर पर लगाया छेड़खानी करने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**विवाहिता पर शारीरिक संबंध का डाला दवाब, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज**

**पूरनपुर।** दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को मारपीट कर प्रताडित करना शुरू कर दिया। पति विदेश में है। इस दौरान विवाहिता ने देवर पर गलत नीयत रखने व छेंडछाड करने का आरोप लगाकर ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

नगर निवासी एक विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी खुटार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी के साथ हुई थी। जिसमे मायके वालों ने अपनी हैशियत के अनुसार दहेज दिया था। विवाहिता का पति विदेश में है। कुछ ही महीनो के बाद दिए गए दहेज से संतुष्ट ससुराली संतुष्ट नही थे। आरोप है कि ससुराली अतिरिक्त दहेज में पांच लाख की नकदी या कार लाने की मांग शुरु कर दी। इसके साथ ही विवाहिता से घर छोडने की धमकी दे रहे है। मना करने पर मारपीट कर परेशान करते है। आरोप है कि देवर उस पर गलत नीयत रखता है। आए दिन गलत नियत से पकडकर छेंडछाड कर विवाहिता पर शारीरिक संबंध बनाने का दवाव बनाता है। लगा। जिसका विवाहिता विरोध करती है तो ससुराली एक राय होकर उसको मारपीट कर घर से बाहर निकाल देने की धमकी देते है। 22 जुलाई को मांग पूरी ना करने पर ससुरालियों ने मारपीट करने कर घर से निकाल दिया। बिना दहेज के वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### प्रभावी पैरवी का असरः दुष्कर्म व एनडीपीएस एक्ट के दो दोषियों को सजा

**पीलीभीत।** जनपद में अपराधियों को सजा दिलाने के उद्देश्य से पुलिस एवं अभियोजन द्वारा की जा रही प्रभावी पैरवी का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में थाना कोतवाली, थाना अमरिया पुलिस और मॉनिटरिंग सेल की सशक्त पैरवी के चलते विभिन्न न्यायालयों ने दो अलग-अलग मामलों में दोष सिद्ध होने पर दो अभियुक्तों को कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। दुष्कर्म के मामले में 15 वर्ष का कठोर कारावास थाना कोतवाली में वर्ष 2017 में दर्ज दुष्कर्म और धमकी (धारा 376, 506 भादवि) के मुकदमे में न्यायालय ने अभियुक्त डालचंद पुत्र झांझनलाल, निवासी एकता नगर कॉलोनी, थाना कोतवाली, पीलीभीत को दोषी करार दिया। न्यायालय ने उसे 15 वर्ष के कठोर कारावास तथा 32 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। यह निर्णय 6 अगस्त 2026 को एडीजे/एफटीसी न्यायालय द्वारा सुनाया गया। एनडीपीएस एक्ट के दोषी को 3 वर्ष की सजा थाना अमरिया में वर्ष 2021 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट (धारा 8/18) के मुकदमे में अभियुक्त चांदबाबू पुत्र आजाद हुसैन, निवासी थाना अमरिया, जनपद पीलीभीत को न्यायालय ने दोषी ठहराया।

### बारिश का पानी भरने से धान की फसल पर संकट, किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



फसल संकट को लेकर ज्ञापन सौंपते किसान। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्राम बालावनी के किसानों के खेतों में भरे वर्षा के पानी की निकासी कराने की मांग की। किसानों का आरोप है कि सरकारी पाइप को उखाड़कर रास्ता बंद कर दिए जाने से पानी का निकास नहीं हो पा रहा है, जिससे करीब 20 एकड़ धान की फसल जलभराव की चपेट में है। यूनियन ने स्थायी समाधान के लिए पक्की पुलिया निर्माण कराने तथा तत्काल अस्थायी रूप से पाइप डलवाकर पानी की निकासी कराने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# गन्ना विभाग का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

## नैनो उर्वरकों की दी जानकारी, गन्ना अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



नैनो उर्वरकों, जैव उर्वरकों, जल में घुलनशील उर्वरकों तथा आधुनिक कृषि तकनीकों पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला गन्ना अधिकारी के साथ अन्यअधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय में गुरुवार को गन्ना विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नैनो उर्वरकों, जैव उर्वरकों, जल में घुलनशील उर्वरकों तथा आधुनिक कृषि तकनीकों पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य गन्ना उत्पादन में आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों को बढ़ावा देना तथा किसानों तक नई कृषि पद्धतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह ने की। मुख्य अतिथि जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव तथा विशिष्ट अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र, पीलीभीत के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. ढाका रहे। अतिथियों ने वैज्ञानिक खेती, संतुलित पोषण प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि बदलते समय में किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना बेहद आवश्यक है।प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता इफको, के क्षेत्र अधिकारी दीपक चौधरी ने फसल पोषण प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, सागरिका तथा विभिन्न जैव उर्वरकों के वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों के उपयोग से पोषक तत्वों की उपयोग दक्षता बढ़ती है, उत्पादन लागत में कमी आती है, फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा मृदा स्वास्थ्य में सुधार के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

इफको एमसी के क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह ने कृषि रसायनों, कीटनाशकों, खरपतवारनाशकों एवं फफूंदनाशकों के सुरक्षित और संतुलित प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने समेकित कीट प्रबंधन (आईपीएम) की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वैज्ञानिक तरीके से कीट एवं रोग नियंत्रण करने से फसल सुरक्षित रहती है और अनावश्यक रसायनों के प्रयोग से बचा जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विशेषज्ञों से विभिन्न कृषि तकनीकों और उर्वरकों के उपयोग से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से समाधान किया। वक्ताओं ने उपस्थित अधिकारियों से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में इफको एमसी के टेरिटरी मैनेजर हरीश कुमार, प्रशांत कुमार, एसएफए अंकुर कुमार सहित गन्ना विभाग के सभी एससीडीआई, सीडीआई, सचिव एवं गन्ना पर्यवेक्षक मौजूद रहे। प्रशिक्षण का समापन टिकाऊ कृषि, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा गन्ना उत्पादन में आधुनिक तकनीकों के व्यापक प्रसार के संकल्प के साथ हुआ।

# नवविवाहिता की हत्या में पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी**

**बीसलपुर।** बुधवार को दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिंधौरा बिंदुआ में नवविवाहिता राखी पत्नी विकास की दहेज को लेकर हुई हत्या के संबंध में पुलिस ने मृतका राखी के पिता रामदास की तहरीर के आधार पर पति विकास, ससुर ओमप्रकाश, सास, ननद देवर सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव काजरवोझी निवासी रामदास ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसने अपनी बेटी राखी -22 वर्ष की शादी 20 अप्रैल 2026 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंधौरा बिंदुआ निवासी ओमप्रकाश से की थी जिसमें उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार एक हीरो स्पलेंडर बाइक तथा ढाई लाख रुपए की नकदी दी थी लेकिन ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे कुछ दिन तक सब-कुछ ठीक चलता रहा बाद में पति सास ससुर ननद देवर 50 हजार रुपए नकदी और जेवर की मांग को लेकर नवविवाहिता पर दबाव बनाने लगे राखी ने अतिरिक्त दहेज को लेकर अपने पिता को बताया जिसमें कई बार समझाने का प्रयास किया गया लेकिन कोई बात नहीं बनी।

घटना से एक दिन पहले मंगलवार को राखी ने रात नौ बजे अपने पिता को फोन कर बताया कि दहेज को लेकर ससुराल वाले परेशान कर रहे हैं सुबह जब मायके बाले गांव सिंधौरा बिंदुआ पहुंचे तो देखा कि देखा कि उनकी बेटी का शव घर में पड़ा है और ससुराल वाले घर से गायब हैं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया तथा मृतका के पिता रामदास की तहरीर पर पुलिस ने पति विकास, ससुर ओमप्रकाश, सास, ननद, देवर सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीलंका के खिलाफ उसके घर में 37% टेस्ट जीता भारत




**एजेंसी न्यूज**

**गॉल।** भारत और श्रीलंका के बीच 15 अगस्त से दो मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत होगी। भारतीय टीम बुधवार को श्रीलंका पहुंच चुकी है और टीम ने ट्रेनिंग भी शुरू कर दी है। साई सुदर्शन को छोड़कर कोई ऐसा खिलाड़ी नहीं है जो अनफिट है। जसप्रीत बुमराह के बाहर होने से जरूर टीम को थोड़ा नुकसान हुआ है, लेकिन श्रीलंका की टर्निंग पिच पर भारत को सबसे बड़ी उम्मीद बल्लेबाजों से है। भारत का रिकॉर्ड पिछले कुछ वर्षों में स्पिन के खिलाफ बेहद खराब रहा है। ऐसे में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र के फाइनल का लक्ष्य बनाकर उतरी टीम इंडिया के लिए यह सीरीज जीतनी जरूरी है। रिकॉर्ड भी भारत के पक्ष में है, लेकिन श्रीलंका अपने घर में ज्यादा खतरनाक होती है। भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट सितंबर 1982 में खेला गया था। चेन्नई में खेला गया यह मैच ड्रॉ रहा था। तब से लेकर अब तक दोनों टीमों के बीच कुल 46 टेस्ट खेले गए हैं। इसमें से भारत ने 47.8 प्रतिशत टेस्ट जीते हैं। यानी भारत के खाते में 22 जीत हैं। वहीं, श्रीलंका ने सात टेस्ट जीते हैं। दोनों टीमों के बीच 17 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ पिछला टेस्ट चार साल पहले खेला था। मार्च 2022 में बंगलूरू में खेले गए उस मुकाबले में टीम इंडिया ने 238 रन से जीत हासिल की थी। दोनों टीमें इस प्रारूप में चार साल बाद आमने-सामने आएंगी। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ उसके घर में 24 टेस्ट खेले हैं। इसमें से उसने नौ टेस्ट जीते हैं। वहीं, श्रीलंका ने सात टेस्ट में जीत हासिल की है। आठ मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ उसके घर में पिछला टेस्ट अगस्त 2017 में खेला था। तब पल्लेकेले में खेले गए उस मुकाबले को भारत ने पारी और 171 रन से अपने नाम किया था। वहीं, गॉल में दोनों टीमें टेस्ट में चार बार आमने-सामने आई हैं। इसमें से सभी पांच मैचों के जीत या हार में नतीजे निकले हैं, यानी कोई टेस्ट ड्रॉ नहीं हुआ।

## क्या भारत अब भी फाइनल के लिए क्वालिफाई कर सकता है, बाकी बचे नौ टेस्ट में से कितने जीतने होंगे?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 अपने निर्णायक चरण की ओर बढ़ रही है। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसी टीमें फिलहाल अंकतालिका में मजबूत स्थिति में हैं, जबकि भारत पांचवें स्थान पर है। हालांकि टीम इंडिया की राह मुश्किल जरूर हो गई है, लेकिन फाइनल की उम्मीद अभी खत्म नहीं हुई है। इसके लिए रोहित शर्मा के बाद नई टेस्ट टीम (या मौजूदा भारतीय संयोजन) को बाकी बचे मुकाबलों में लगभग बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

भारत ने अब तक नौ टेस्ट खेले हैं, जिनमें चार में जीत, चार में हार और एक मैच ड्रॉ रहा है। टीम का अंक प्रतिशत 48.15 प्रतिशत है, जो उसे अंकतालिका में पांचवें स्थान पर रखता है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अंतिम रैंकिंग कुल अंकों से नहीं, बल्कि अंक प्रतिशत से तय होती है। इसलिए हर जीत और हर हार सीधे फाइनल की दौड़ को प्रभावित करती है।

**भारत के कितने टेस्ट बाकी हैं?**

भारत के पास अभी नौ टेस्ट मैच बाकी हैं।

यानी भारत को पहले लगातार दो कठिन विदेशी दौरे करने हैं और उसके बाद घर में पांच टेस्ट की बड़ी सीरीज खेलनी है।




अगर भारत किसी दूसरी टीम के परिणामों पर निर्भर नहीं रहना चाहता, तो उसे बाकी नौ में से कम से कम आठ टेस्ट जीतने होंगे।

ऐसा करने पर भारत का अंक प्रतिशत लगभग 68.52% तक पहुंच जाएगा, जो आमतौर पर फाइनल की दौड़ में सुरक्षित माना जाता है।

अगर भारत सिर्फ सात टेस्ट जीतता है, तो उसका अंक प्रतिशत करीब 62.96% रहेगा। ऐसी स्थिति में टीम इंडिया की किस्मत अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर करेगी।

यानी सिर्फ अच्छा प्रदर्शन काफी नहीं होगा, बल्कि ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसी टीमों की हार की भी उम्मीद करनी पड़ेगी।

इसलिए भारत के लिए अब गलती की गुंजाइश लगभग खत्म हो चुकी है।

भारत के सामने सबसे बड़ी परीक्षा विदेशी दौरों पर होगी। श्रीलंका में स्पिन ट्रैक हमेशा भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा लेते हैं, जबकि न्यूजीलैंड में स्विंग और सीम परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रहती हैं। अगर भारत इन चार विदेशी टेस्ट में मजबूत प्रदर्शन कर लेता है, तो घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज फाइनल की दौड़ का निर्णायक मोड़ बन सकती है।

## स्क्वैश में भारत का जलवा, सूरज कुमार चंद ने जीता FISU विश्व यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप खिताब



**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत के सूरज कुमार चंद ने 2026 एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वैश चैंपियनशिप के पुरुष एकल का खिताब जीतकर देश का नाम रोशन किया। उन्होंने गुरुवार को खेले गए रोमांचक फाइनल में हंगरी के बेनेडेक ताकाच को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, महिला एकल का खिताब स्पेन की मार्टा डोमिंगुएज फर्नांडीज ने जीता।

भारत और सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे सूरज कुमार चंद ने बेनेडेक ताकाच के खिलाफ बेहद कड़ा मुकाबला खेला। दोनों खिलाड़ियों के बीच चार गेम के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी पर था। निर्णायक गेम में सूरज ने शानदार खेल दिखाते हुए 11-4 से जीत दर्ज की और मुकाबला 3-2 से अपने नाम कर लिया। घरेलू दर्शकों के सामने मिली इस जीत के बाद पूरे स्टेडियम में जश्न का माहौल देखने को मिला।

यह जीत भारतीय विश्वविद्यालय स्क्वैश के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। सूरज कुमार चंद घरेलू सरजमीं पर एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी चैंपियन बनने वाले पुरुष एकल खिलाड़ी बने। वहीं, उपविजेता रहे बेनेडेक ताकाच ने हंगरी को दो दशक बाद स्क्वैश में कोई अंतरराष्ट्रीय पदक दिलाया। महिला एकल के फाइनल में स्पेन की मार्टा डोमिंगुएज फर्नांडीज ने हांगकांग चीन की चिंग हेई फुंग को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। मार्टा के लिए यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि उन्होंने अपने पिता के जन्मदिन पर यह खिताब अपने नाम किया।

## कॉमनवेल्थ में खराब प्रदर्शन पर छलका अरशद नदीम का दर्द, बोले- ठंड के कारण नहीं दिखा सर्वश्रेष्ठ खेल



**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम ने ग्लासगो में आयोजित 2026 राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि लोगों की कठोर टिप्पणियों से उन्हें काफी ठेस पहुंची और उम्मीद है कि देशवासी उनका समर्थन करेंगे। पेरिस ओलंपिक 2024 में 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले नदीम इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 77.41 मीटर रहा, जिसके साथ वह नौवें स्थान पर रहे। वह शुरूआती दौर के बाद शीर्ष-8 में भी जगह नहीं बना सके। नदीम ने कहा कि ग्लासगो की बेहद ठंडी परिस्थितियों के कारण उनका शरीर अकड़ गया था और मांसपेशियों में जकड़न आ गई थी। इसकी वजह से वह अपने रन-अप और थ्रो के दौरान जरूरी गति नहीं बना पाए। उन्होंने कहा, 'मैं अपने प्रदर्शन के लिए बहाने नहीं बनाना चाहता, लेकिन जो लोग मेरे बारे में अपमानजनक और दिल दुखाने वाली बातें कर रहे हैं, उन्हें यह याद रखना चाहिए कि मैं इसी देश का बेटा हूं और पहले भी पाकिस्तान के लिए कई पदक जीत चुका हूं।' अरशद नदीम के मुताबिक, फाइनल में कई अन्य एथलीट भी असामान्य रूप से ठंडे मौसम से प्रभावित हुए, जिसके कारण कई फाउल थ्रो देखने को मिले। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में भाला फेंकने वाले खिलाड़ी के लिए शरीर की मांसपेशियों और लय को बनाए रखना बेहद कठिन हो जाता है। नदीम ने कहा कि ओलंपिक में मिली सफलता, लोकप्रियता और आर्थिक लाभ के बावजूद उनके स्वभाव में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा, 'मेरे माता-पिता ने मुझे हमेशा जमीन से जुड़े रहने और अपनी जड़ों को नहीं भूलने की सीख दी है। मैं न तो पैसे से बदला हूं और न ही शोहरत से घमंडी हुआ हूं।' पाकिस्तानी स्टार ने कहा कि उन्हें अपने देशवासियों के समर्थन की जरूरत है और उन्हें पूरा विश्वास है कि वह जल्द ही फिर से जीत की राह पर लौटेंगे।

## भारत-उज्बेकिस्तान रक्षा निर्माण क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे; ईस्टर्न रेलवे की माल ढुलाई बढ़ी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग पर छठी जॉइंट वर्किंग ग्रुप की बैठक बुधवार को ताशकंद में आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव दिनेश कुमार और उज्बेकिस्तान के रक्षा मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग केंद्रीय विभाग के प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल सुखरोबजोन सोदिकजोनोविच सिरोजोव ने की। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में बताया बैठक में संयुक्त प्रशिक्षण और सैन्य अभ्यास, क्षमता निर्माण, रक्षा शिक्षा और रक्षा उद्योगों की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। संयुक्त प्रशिक्षण और सैन्य अभ्यासों में विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल शामिल किए जाएंगे। भारत के रक्षा निर्यातक के रूप में लगातार मजबूत होने के साथ-साथ रक्षा निर्माण क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। नई दिल्ली रक्षा क्षेत्र में नए उद्योगों की स्थापना पर विशेष जोर दे रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए



तकनीक के आदान-प्रदान और रक्षा उपकरणों के रखरखाव से जुड़े विषयों पर भी बातचीत हुई। यह बैठक नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बख्तियार सैदोव के बीच हुई चचाओं के क्रम में आयोजित की गई। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा और महत्वपूर्ण संसाधनों से जुड़े सहयोग को और मजबूत करना है।

## एलआईसी का मुनाफा 23% बढ़कर 13,492 करोड़ रुपये, क्या प्रीमियम कलेक्शन में बढ़ोतरी बनी बड़ी वजह?

एजेंसी न्यूज

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे जारी किए हैं। इस दौरान कंपनी का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 13,492 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 10,987 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय और प्रीमियम कलेक्शन में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे उसके कारोबार में मजबूती देखने को मिली है।

एलआईसी की नियामकीय सूचना के अनुसार, जून तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,37,848 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,22,864 करोड़ रुपये थी। पहली बार मिलने वाले प्रीमियम से आय बढ़कर 9,217 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 7,525 करोड़ रुपये थी। वहीं रिन्यूअल प्रीमियम से आय 59,885 करोड़ रुपये से बढ़कर 61,833 करोड़ रुपये हो गई।

एलआईसी ने बताया कि



एकमुश्त (सिंगल) प्रीमियम से उसकी आय भी बढ़ी है। जून तिमाही में कंपनी ने 56,369 करोड़ रुपये का सिंगल प्रीमियम जुटाया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 51,923 करोड़ रुपये था। इसके चलते कंपनी की कुल शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,27,250 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 1,19,200 करोड़ रुपये थी। इससे साफ है कि कंपनी के बीमा कारोबार में लगातार वृद्धि बनी हुई है।

तिमाही के दौरान एलआईसी का कुल खर्च भी बढ़ा। कंपनी का कुल खर्च 2,11,928 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,25,573 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि इसके बावजूद कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी रही। एलआईसी का सॉल्वेंसी अनुपात बढ़कर 2.42 गुना हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 2.17 गुना था। सॉल्वेंसी अनुपात किसी बीमा कंपनी की दावों का भुगतान करने की क्षमता का महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है।

पहली तिमाही के नतीजे बताते हैं कि एलआईसी की आय और मुनाफे दोनों में बढ़ोतरी हुई है। प्रीमियम संग्रह में लगातार वृद्धि और बेहतर सॉल्वेंसी अनुपात कंपनी की वित्तीय मजबूती को दशार्ते हैं। हालांकि खर्च में भी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन मुनाफे और आय में सुधार से संकेत मिलता है कि कंपनी अपने बीमा कारोबार का विस्तार जारी रखे हुए है। इससे निवेशकों के साथ-साथ पॉलिसीधारकों का भरोसा भी मजबूत होने की उम्मीद है।

## आरबीआई गवर्नर ने 10-20 के पॉलिमर नोट पर दी बड़ी अपडेट



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) देश में पॉलिमर (प्लास्टिक) बैंक नोटों को प्रचलन में लाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि फिलहाल पॉलिमर नोटों का फील्ड ट्रायल जारी है और इसके नतीजों के आधार पर ही इन्हें बड़े पैमाने पर जारी करने का फैसला लिया जाएगा। केंद्रीय बैंक का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027-28 तक इन नोटों को बाजार में उतारने का है। मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में आरबीआई गवर्नर ने कहा कि पॉलिमर बैंक नोटों के पायलट प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न परिस्थितियों में इनके प्रदर्शन का परीक्षण किया जा रहा है। बड़े स्तर पर जारी करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ये नोट भारतीय मौसम, उपयोग की प्रकृति और परिचालन संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप टिकाऊ और प्रभावी साबित हों।

## सोना सात हफ्ते के सबसे ऊंचे स्तर पर, चांदी भी उछली; आखिर कीमतों में अचानक क्यों आई तेजी?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़कर सात सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। राष्ट्रीय राजधानी में सोना 3,800 रुपये महंगा होकर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया। वहीं चांदी में भी 2,100 रुपये की तेजी दर्ज की गई। सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में 3,800 रुपये महंगा होकर 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पहुंच गया। यह सोने का पिछले सात सप्ताह का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले 18 जून को सोना करीब 1,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं चांदी की कीमत भी 2,100 रुपये बढ़कर 2,34,800 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, रुपये में आई कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की मजबूती ने घरेलू बाजार में कीमतों को ऊपर पहुंचाया। गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे कमजोर होकर 95.24 के स्तर पर बंद हुआ। कमजोर रुपये की वजह से आयातित सोना महंगा हो जाता है, जिसका सीधा असर घरेलू कीमतों पर पड़ता है। इसके साथ ही अमेरिकी डॉलर में नरमी और अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड में गिरावट ने भी सोने की मांग को समर्थन दिया।

बाजार जानकारों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी आई। कमजोर अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में नरमी के कारण निवेशकों का रुझान सोने की ओर बढ़ा। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री यातायात के प्रबंधन को लेकर ईरान और ओमान के बीच सिद्धांत रूप से सहमति बनने की खबरों पर भी बाजार की नजर रही। इन वैश्विक घटनाक्रमों ने कीमती धातुओं की कीमतों को समर्थन दिया।




घरेलू बाजार में चांदी 2,100 रुपये बढ़कर 2,34,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड करीब 4,264.24 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर स्पॉट सिल्वर 61.80 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार कर रही थी। बाजार में सोने की तुलना में चांदी की चाल कुछ नरम रही, लेकिन घरेलू बाजार में रुपये की कमजोरी का असर चांदी की कीमतों पर भी देखने को मिला। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अब निवेशकों की नजर अमेरिका से आने वाले गैर-कृषि रोजगार (नॉन-फार्म पेरोल) और बेरोजगारी के आंकड़ों पर रहेगी। इन आंकड़ों के आधार पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की आगे की ब्याज दर नीति को लेकर उम्मीदें तय होंगी। यदि वैश्विक आर्थिक संकेतों में बदलाव आता है, तो उसका असर सोना और चांदी की कीमतों पर भी पड़ सकता है।

सोने और चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का असर आम खरीदारों पर भी पड़ सकता है। त्योहारी और शादी के सीजन से पहले कीमतों में तेजी आने से आभूषण खरीदना महंगा हो सकता है। वहीं निवेशकों के लिए यह संकेत है कि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और मुद्रा बाजार में होने वाले बदलाव कीमती धातुओं की कीमतों को लगातार प्रभावित कर रहे हैं।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।